श्रावण मास, कृष्ण पक्ष, 22 वर्ष, अंक 187, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | शनिवार 5 अगस्त 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# ज्ञानवापी सर्वे पर 'सुप्रीम' मोहर

## सुप्रीम कोर्ट ने ज्ञानवापी में सर्वे पर नहीं लगाई रोक, एएसआई ने ढांचे को नुकसान पहुंचाए बिना सर्वे का भरोसा दिया

**वाराणसीः ज्ञानवापी** के एएसआई सर्वे में पर शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। मुस्लिम पक्ष की याचिका पर कोर्ट ने कहा- हम हाईकोर्ट के आदेश में दखल क्यों दें? कोर्ट ने मुस्लिम पक्ष से पूछा कि एएसआई सर्वे पर ऐतराज क्यों है? सर्वे से मुस्लिम पक्ष को कोई नुकसान नहीं होने जा रहा है। सिर्फ यही नहीं, सुप्रीम कोर्ट ने सुझाव दिया है कि सर्वे होने दीजिए। रिपोर्ट को सील कवर में जमा होने दीजिए। कोर्ट ने कहा कि सर्वे गैर आक्रामक तरीकों से होना चाहिए। एएसआई ने स्पष्ट किया है कि पूरा सर्वेक्षण बिना किसी खुदाई और संरचना को बिना कोई नुकसान पहुंचाए पूरा किया जाएगा। इससे पहले, इलाहाबाद हाईकोर्ट से इजाजत मिलने के बाद गुरुवार सुबह 8 बजे से ज्ञानवापी में एएसआई की टीम ने सर्वे शुरू कर दिया था। 4 घंटे बाद यानी 12 बजे नमाज के लिए सर्वे को रोक दिया। अब दोपहर 3 बजे से फिर सर्वे शुरू हो गया। इस बार एएसआई टीम में 61 सदस्य हैं। यानी पिछली बार की तुलना में 40 सदस्य ज्यादा। ज्ञानवापी परिसर को 4 ब्लॉक में बांटा गया है। चारों तरफ कैमरे लगाए हैं। वीडियोग्राफी की जा रही है। ज्ञानवापी की पश्चिम दीवार पर सबसे ज्यादा फोकस है। दीवार की बारीक स्कैनिंग की जा रही है। कलाकृतियों को देखा जा रहा है। अरक के साथ हिंदू पक्ष अंदर है। लेकिन मुस्लिम पक्ष ने सर्वे में शामिल होने से इनकार कर दिया है। मुस्लिम पक्ष ज्ञानवापी नहीं पहुंचा। जुमा की नमाज को





देखते हुए प्रदेश में हाई अलर्ट है। ज्ञानवापी के आसपास भारी संख्या में फोर्स तैनात है। वाराणसी की स्थानीय कोर्ट ने एएसआई को सर्वे करके 4 अगस्त को रिपोर्ट सौंपने के लिए कहा था। लेकिन, मुस्लिम पक्ष सुप्रीम कोर्ट और फिर हाईकोर्ट पहुंच गया। अरक सर्वे नहीं कर पाया। ऐसे में हलफनामा दायर करके कोर्ट में और वक्त मांगा गया है।

गुरुवार को इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एएसआई को ज्ञानवापी के वैज्ञानिक सर्वे की अनुमति दी थी। जस्टिस प्रीतिंकर दिवाकर ने कहा, 'न्यायहित में सर्वे जरूरी है। मुझे इस तर्क में कोई दम नहीं दिखता कि बिना दीवार खोदे अरक नतीजे पर नहीं पहुंच सकता।' कोर्ट ने सर्वे रोकने की अंजुमन इंतेजामिया मसाजिद कमेटी की याचिका खारिज कर दी थी। इस बीच, हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ मुस्लिम पक्ष ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था।

### हिंदू पक्ष के 7 मुस्लिम पक्ष के 9 लोगों को अनुमति

**अपर** जिला मजिस्ट्रेट (नगर) आलोक कुमार वर्मा ने हिंदू पक्ष के 7 और मुस्लिम पक्ष के 9 लोगों को सर्वे टीम के साथ अंदर जाने की अनुमति दी है। इसमें हिंदू पक्ष में रेखा पाठक, सीता साहू, लक्ष्मी देवी, सोहन लाल आर्य, अनुपम द्विवेदी, सुभाष नंदन चतुर्वेदी, विक्रम व्यास परिसर में अंदर पहुंच चुके हैं। वहीं, मुस्लिम पक्ष में मौलाना अब्दुल बांकी, अब्दुल बातीन नोमानी, एमएम यासिन, मुमताज अहमद, अखलाक अहमद, मोहम्मद एजाज अहमद, शमशेर अली, फुजैल अहमद, हाजी नेसार को बुलाया गया था, लेकिन वो ज्ञानवापी परिसर में नहीं पहुंचे हैं।

### अब खुदाई नहीं, तकनीक का इस्तेमाल करेगी एएसआई

**वाराणसी** जिला कोर्ट के आदेश पर एएसआई ने 24 जुलाई को ज्ञानवापी का सर्वे शुरू किया था। उस वक्त एएसआई की 20 सदस्यीय टीम थी। हालांकि, कुछ घंटे बाद ही सुप्रीम कोर्ट ने सर्वे पर रोक लगा दी थी। एएसआई टीम के जो फुटेज सामने आए थे, उसमें वह फावड़ा अंदर लेकर जाते हुए नजर आए थे। हालांकि, हाईकोर्ट ने अब खुदाई नहीं करने की बात कही है, ताकि परिसर को क्षति न हो। अब परिसर की खुदाई नहीं होगी। ग्राउंड पेनिट्रेटिंग रडार तकनीक का इस्तेमाल किया जाएगा। इसमें रेडियो वेव की फ्रीक्वेंसी के जरिए पता चल जाता है कि जमीन या दीवार के अंदर क्या है।

# हरियाणाः दंगाईयों की झुग्गी पर चला बुलडोजर

### ट्रांसफर

**रोहिंग्या बस्ती में 200 झुग्गियों पर चला बुलडोजर, कई युवक हिंसा में शामिल थे, दंगों के दिन छुट्टी पर रहे नूंह एसपी का ट्रांसफर**

**नूंहः हरियाणा** सरकार ने गुरुवार देर रात हिंसा प्रभावित नूंह जिले के पुलिस अधीक्षक (एसपी) वरुण सिंघला का ट्रांसफर कर दिया। वह हिंसा के दिन छुट्टी पर थे। उन्हें अब भिवानी जिले का चार्ज दिया गया है। उनकी जगह पर एसपी नरेंद्र बिजारणिया को नूंह का जिम्मा सौंपा गया है। बिजारणिया पहले भिवानी के एसपी थे और साथ में एडीजी (लॉ एंड ऑर्डर) के ओएसडी की जिम्मेदारी भी संभाल रहे थे। नूंह हिंसा के बाद शुक्रवार को प्रशासन ने तावडू इलाके में 200 से ज्यादा झुग्गी-झोपड़ियों पर बुलडोजर चलाया। ये कंस्ट्रक्शन अवैध था। पुलिस सूत्रों ने बताया कि यहां बांग्लादेशी रोहिंग्या अवैध तरीके से रह रहे थे और हिंसा में शामिल थे। कई युवकों के नाम एफआईआर में दर्ज हैं। अवैध झुग्गियों पर बुलडोजर चलाने के दौरान बड़ी संख्या में पुलिस अधिकारी और सुरक्षाबल मौजूद रहे।



### खुलासाः साजिश के तहत भीड़ में घुसे

**नूंह:** हरियाणा के नूंह में हुई हिंसा के बाद पकड़े गए आरोपियों ने पुलिस पूछताछ में कई बड़े खुलासे किए हैं। पुलिस सूत्रों के मुताबिक आरोपियों ने बताया कि साजिश के तहत इस हिंसा को अंजाम दिया गया था। भीड़ में शामिल होकर अवैध हथियारों से फायरिंग की। ब्रजमंडल यात्रा में शामिल लोगों पर ईंट-पत्थर, लाठी-डंडों से भी हमला किया गया। जब हिंसा भड़क गई तो उन्होंने अपने हथियार और लाठी-डंडे छुपा दिए। इसके बाद कुछ आरोपी मेवात की पहाड़ियों में जाकर छुप गए। इसके अलावा कुछ राजस्थान और उत्तर प्रदेश में भाग गए। नूंह पुलिस अभी तक हिंसा के 176 आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। नूंह के अलावा गुरुग्राम, पलवल, फरीदाबाद और रेवाड़ी समेत 5 जिलों में 55 एफआईआर दर्ज की जा चुकी है। हिंसा में एक और चौंकाने वाली बात ये सामने आई कि ज्यादातर पकड़े गए आरोपियों की उम्र 18 से 25 साल के बीच है।

नूंह में जुमे की नमाज घरों में होगी नूंह में जुमे की नमाज घरों में ही हुई। नूंह के डीसी प्रशांत पंवार और पुलिस अधीक्षक ने उलेमाओं से अपील की है। गुरुग्राम में भी एसीपी क्राइम वरूण दहिया ने खुले में नमाज न पढ़ने की अपील की है। सभी मस्जिदों पर पुलिस की सिक्योरिटी रही। हिंसा के चलते 4 जिलों- नूंह, पलवल, फरीदाबाद और गुरुग्राम में हालात तनावपूर्ण हुए हैं। चारों जिलों में पैरामिलिट्री फोर्सेज की 20 कंपनियां तैनात की गई हैं और इंटरनेट बंद है।

### सजा पर रोक; बहाल हो सकती है सांसदी

# मानहानि केसः राहुल गांधी को सुप्रीम कोर्ट से राहत

**नई दिल्लीः कांग्रेस** के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी को 'मोदी सरनेम' टिप्पणी पर आपराधिक मानहानि मामले में सुप्रीम कोर्ट से फौरी राहत मिल गई है। कोर्ट ने शुक्रवार को एक अंतरिम आदेश में कांग्रेस नेता की सजा पर फिलहाल रोक लगा दी। इससे पहले गुजरात हाईकोर्ट ने 'मोदी उपनाम' टिप्पणी पर मानहानि मामले में उनकी सजा पर रोक लगाने से इनकार कर दिया था। ऐसे में बड़ी बात यह भी यह भी है कि सुप्रीम कोर्ट से राहत मिलने के बाद राहुल लोकसभा सदस्यता बहाल हो सकती है। सुप्रीम कोर्ट के



आदेश के मुताबिक, कोर्ट की टिप्पणी के अलावा ट्रायल जज द्वारा अधिकतम सजा देने का कोई विशेष कारण नहीं बताया गया। यदि सजा एक दिन भी कम होती तो अयोग्यता से संबंधित प्रावधान लागू नहीं होता। ट्रायल जज से कम से कम यह अपेक्षा की जाती है कि वह गैर संज्ञेय अपराध के लिए अधिकतम सजा देने के कारण बताएं। हालांकि, अपीलीय अदालत और हाईकोर्ट ने दोषसिद्धि पर रोक लगाने से इनकार करने में काफी पन्ने खर्च किए हैं, लेकिन इन पहलुओं पर ध्यान नहीं दिया गया है। ऐसे मामलों में सार्वजनिक व्यक्ति से कुछ हद तक सावधानी बरतने की अपेक्षा की जाती है। आदेश के मुताबिक, ट्रायल कोर्ट के आदेश के प्रभाव व्यापक हैं। इससे न केवल राहुल गांधी का सार्वजनिक जीवन में बने रहने का अधिकार प्रभावित हुआ, बल्कि उन्हें चुनने वाले मतदाताओं का अधिकार भी प्रभावित हुआ। इन बातों को ध्यान में रखते हुए विशेष रूप से यह कि ट्रायल जज द्वारा अधिकतम सजा के लिए कोई कारण नहीं दिया गया है जिससे अयोग्यता हुई है, कार्यवाही के लंबित रहने तक दोषसिद्धि के आदेश पर रोक लगाने की जरूरत है। अपील के लंबित रहने से अपीलीय अदालत को कानून के अनुसार निर्णय लेने में कोई दिक्कत नहीं होगी।

## फूलपुर लोकसभा सीटः चुनावी दांव लगा सकते हैं नीतीश कुमार


**लखनऊ। बिहार** के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के उत्तर प्रदेश के फूलपुर लोकसभा सीट से लोकसभा चुनाव लड़ने की चचाएं आम हो गयी हैं। उनकी पार्टी जनता दल युनाइटेड के मीडिया प्रभारी, प्रदेश अध्यक्ष व प्रवक्ता भी अब लोकसभा सीट से नीतीश कुमार के चुनाव लड़ने की चर्चा कर रहे हैं। माना जा रहा है कि उत्तर प्रदेश में कुर्मी वोटरों को अपने पक्ष में करने के लिए नीतीश कुमार उत्तर प्रदेश में चुनाव दांव लगा सकते हैं। जनता दल युनाइटेड के संयोजक व उत्तर प्रदेश के प्रभारी सत्येन्द्र पटेल के एक बयान में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के उत्तर प्रदेश से लोकसभा चुनाव लड़ने पर मोहर लगाई गई। इसी तरह जनता दल युनाइटेड के ही प्रवक्ता केके त्रिपाठी ने भी अपने बयान में नीतीश कुमार के उत्तर प्रदेश में चुनाव लड़ने की तैयारियों पर कहा गया है कि जौनपुर, प्रतापगढ़, अम्बेडकरनगर और फूलपुर लोकसभा सीटों में हुए एक सर्वे के बाद नीतीश कुमार को फूलपुर लोकसभा सीट से चुनाव लड़ाने की उत्तर प्रदेश इकाई तैयारी कर रही है। बिहार की राजनीतिक जमीन से दूर उत्तर प्रदेश में चुनाव लड़ने की चर्चा के बीच जनता दल युनाइटेड के बड़े चेहरों ने इसे चुनावी दांव बताया है।

## पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट ने सीईटी परीक्षा पर लगाई रोक

**चंडीगढ़ः पंजाब** एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग द्वारा शनिवार और रविवार को आयोजित होने वाली सीईटी की परीक्षा पर रोक लगा दी है। हाईकोर्ट ने कहा कि आयोग ने मेरिट लिस्ट तय करते समय न तो तथ्यों की जांच की है और न ही पोस्ट वाइज मेरिट लिस्ट तैयार की है।

इससे उम्मीदवार को यह नहीं पता लग पा रहा कि वह किस पद के योग्य हैं। हाईकोर्ट ने कर्मचारी चयन आयोग को दोबारा मेरिट लिस्ट बनाकर परीक्षा आयोजित करने को कहा है।

# चंद्रयान-3 ने चंद्रमा की दो तिहाई दूरी तय की




**नई दिल्ली। चंद्रयान**-3 को चंद्रमा की परिधि में पहुंचने में अब केवल 24 घंटे का ही वक्त लगेगा। अंतरिक्ष यान ने चंद्रमा की लगभग दो-तिहाई दूरी तय कर ली है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने शुक्रवार को ट्वीट करके कहा कि चंद्रयान-3 ने दो तिहाई दूरी पूरी कर ली है। इस मिशन की शुरूआत में ही चंद्रमा की परिधि में पहुंचने का समय 5 अगस्त के लिए निर्धारित किया गया है। कल परिधि के पास पहुंचने पर (एलओआई) अर्थात लूनर ऑफरेशन इंजेक्शन शुरू किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने चंद्रयान-3 मिशन को 14 जुलाई को दोपहर 2 बजकर 35 मिनट पर लांच किया था। चंद्रयान-3 कल चंद्रमा की कक्षा में पहुंचने के लगभग 40 दिन बाद 24 अगस्त को चंद्रमा की सतह पर सॉफ्ट लैंडिंग कर सकता है। मौजूदा समय में चंद्रयान चंद्रमा की कक्षा में स्थापित किए जाने से कुछ ही दूरी पर है।

### चंद्रयान-3

**शनिवार को किया जाएगा कक्षा में स्थापित, चंद्रमा की परिधि में पहुंचने का समय 5 अगस्त के लिए निर्धारित किया गया**

# देश के 508 रेलवे स्टेशनों को मिलेगा नया रूप

### प्रधानमंत्री मोदी 6 अगस्त को करेंगे योजना की शुरूआत

**जैसलमेर। प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी रविवार प्रातः ग्यारह बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से "अमृत भारत स्टेशन योजना" के तहत भारतीय रेलवे के 508 स्टेशनों के पुनर्विकास का शिलान्यास करेंगे। मंडल रेल प्रबंधक पंकज कुमार सिंह के अनुसार भारतीय रेलवे आधुनिकीकरण की दिशा में और भारत सरकार के न्यू इंडिया के सपने को साकार करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रही है।

देशभर में रेलवे स्टेशनों को विश्वस्तरीय सुविधाओं के साथ विकसित करने का काम तेजी से किया जा रहा है। जोधपुर मंडल के पंद्रह प्रमुख स्टेशन जिसमें जोधपुर, जैसलमेर, सुजानगढ़, बालोतरा, गोटन, डीडवाना, रामदेवरा, डेगाना, नागौर, फलोदी, रेन, मेड़ता रोड, बाड़मेर, नोखा और देशनोक स्टेशनों का अमृत भारत योजना के पुनर्विकास किया जाएगा। ये स्टेशन आधुनिक भारत की भव्य तस्वीर को प्रदर्शित करते हैं।

### जयपुर और जोधपुर जिले के दो टुकड़े करके इनके नगर निगम क्षेत्र को नए इलाकों में जोड़ा

# राजस्थानः 19 नये जिलों के नोटिफिकेशन को मंजूरी, अब होंगे 50 जिले

जयपुर। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की अध्यक्षता में शुक्रवार को राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में नवगठित जिलों के सीमांकन की प्रक्रिया को अंतिम रूप दिया गया। इसके साथ ही राज्य सरकार ने उन्नीस नए जिलों के नोटिफिकेशन को मंजूरी दे दी है। जयपुर और जोधपुर जिले के भी दो टुकड़े किए गए हैं। इनके नगर निगम क्षेत्र को जयपुर-जोधपुर और इससे बाहर वाली तहसीलों को जयपुर-जोधपुर ग्रामीण में शामिल किया गया है। राजस्थान में पहले से 33 जिले थे। अब 19 नए जिलों के बाद 50 जिले हो गए हैं। पाली, सीकर,



बांसवाड़ा को नया संभाग बनाया गया है, इसके बाद अब राज्य में 10 संभाग हो गए हैं। राजस्थान में अब दूदू सबसे छोटा जिला होगा। दूदू जिले में एक ही विधानसभा क्षेत्र रहेगा। क्षेत्रफल के हिसाब से जैसलमेर अभी भी सबसे बड़ा जिला रहेगा। 19 नवीन जिलों के गठन के लिए 18 वर्तमान जिलों का पुनर्गठन भी किया गया है। मंत्रिमंडल की बैठक के बाद मुख्यमंत्री गहलोत ने पत्रकार वार्ता में बताया कि इन नवीन जिलों से राज्य के विकास को एक नई गति मिलेगी तथा आमजन की सुगमता बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि सात अगस्त को सभी नए जिलों का उद्घाटन होगा। प्रभारी मंत्री नए जिलों का उद्घाटन करेंगे। उन्होंने बताया कि नवीन जिलों के गठन से विकास संबंधी योजनाओं के क्रियान्वयन की और अधिक प्रभावी ढंग से मानिटरिंग हो सकेगी। साथ ही प्रदेश के पिछड़े और दूरस्थ क्षेत्रों तक सरकार की पहुंच और अधिक सुगम होगी, जिससे इनकी समस्याओं का शीघ्र निराकरण हो सकेगा। राजस्व एवं दीवानी न्यायालयों की दूरियां घटने से इनमें लम्बित मामलों का त्वरित निस्तारण हो सकेगा।

### सराहनीय कार्य करने वाले शोधार्थियों से मुख्यमंत्री ने किया संवाद

# योजक बनकर कार्य करें शोधार्थीः सीएम योगी

**लखनऊ। मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को लोकभवन में मुख्यमंत्री फेलोशिप कार्यक्रम के तहत 100 आकांक्षात्मक विकासखण्डों में कार्यरत शोधार्थियों से संवाद, आकांक्षात्मक विकासखण्डों की प्रगति पुस्तिका का विमोचन, उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले आकांक्षात्मक विकासखण्डों को प्रोत्साहन राशि का वितरण किया। इस मौके पर वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना, मुख्य सचिव दुगार्शंकर मिश्र समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि मुख्यमंत्री फेलोशिप योजना के अंतर्गत प्रदेश के आकांक्षात्मक विकासखंडों में कार्य कर



रहे शोधार्थी स्वयं को योजक के रूप में मानकर पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम करें। देखें कि आपके विकासखंडों में शिक्षा, स्वास्थ्य, किसान, महिला और इन्फ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में कैसे बेहतरीन कार्य किया जा सकता है। जो शोधार्थी अपने तीन साल का टेन्योर मेहनत और प्रतिबद्धता के साथ पूरा करेगा व बेहतरीन शोध प्रबंधन लिखकर प्रस्तुत करेगा, सरकार की ओर से उसे एज रिलेक्सेशन के साथ सरकारी नौकरी में भी वेटेज प्रदान किया जाएगा।

देश में सबसे पिछड़े रहे यूपी के जिले विकास में आज टॉप 20 मेंः मुख्यमंत्री ने बताया कि 2018 में नीति आयोग ने देश के 112 जनपदों को आकांक्षात्मक जनपद के रूप में चयनित किया था। इनमें उत्तर प्रदेश के आठ जिले, सिद्धार्थनगर, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, चंदौली, सोनभद्र, चित्रकूट और फतेहपुर जनपद शामिल किये गये। यह वे जनपद थे जो विकास की मुख्य धारा से पीछे छूट गये थे। प्रदेश के सभी 08 जनपद देश के 112 आकांक्षात्मक जनपदों की लिस्ट में भी सर्वाधिक पिछड़े स्थान पर थे।

# उत्तराखंडः गौरीकुंड में भूस्खलन से 12 लोग लापता

### भारी बारिश का ऑरेंज और येलो अलर्ट जारी

**रुद्रप्रयाग। उत्तराखंड** में लगातार हो रही बारिश आफत बनी हुई है। भारी बारिश से गौरीकुंड में हुए भूस्खलन से 12 लोग लापता हो गए हैं, जिन्हें खोजने के लिए राहत बचाव कार्य जारी है।

पर्वतीय क्षेत्रों में जगह-जगह भूस्खलन से पहाड़ चटकने से आमजन जीवन पर बुरा असर पड़ रहा है। यात्रियों से लेकर स्थानीय लोगों को आवागमन में मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। राज्य में 03 बॉर्डर मार्ग सहित कुल 218 सड़कें बाधित हैं, जिन्हें खोलने का



कार्य जारी है। इस बीच प्रदेश में भारी बारिश को लेकर 08 अगस्त तक के लिए ऑरेंज और येलो अलर्ट जारी किया गया है। वहीं, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सचिवालय स्थित आपदा परिचालन केन्द्र कंट्रोल रूम पहुंचकर गौरीकुंड की घटना और प्रदेश में भारी बारिश की स्थिति को लेकर अधिकारियों से जानकारी ली।

## खबर संक्षेप

### चोरी की स्कूटी व बाइक बरामद

**मऊआइमा।** मऊआइमा पुलिस ने मुखबिर खास की सूचना पर एक शातिर बदमाश को गिरफ्तार कर उसके पास से एक स्कूटी व एक बाइक बरामद कर उस के खिलाफ लिखा पढ़ी कर के जेल भेज दिया। मऊआइमा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर मऊआइमा कस्बा के मोहल्ला हजियाना निवासी अब्दुल रहमान पुत्र मोहम्मद इलियास को गिरफ्तार कर। पूछताछ के दौरान अब्दुल रहमान ने बताया कि वह एक बाइक सिविल लाइंस से तथा स्कूटी धूमनगंज क्षेत्र से चोरी किया था। अब्दुल रहमान की निशानदेही पर पुलिस ने स्कूटी व बाइक बरामद कर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया। पुलिस ने बताया कि अब्दुल रहमान इसके पूर्व गैर इरादतन हत्या के जुर्म में जेल जा चुका है।

### रोजगार मेला 8 अगस्त को

**करछना।** बेन्दौ गांव स्थित प्रयाग इंस्टीट्यूट आंफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट में प्रदेश सरकार के संयुक्त तत्वावधान में 8 अगस्त को रोजगार मेला आयोजित किया गया है। जिसमें हाई स्कूल इंटर आईटीआई बीटेक स्नातक के सहित डिप्लोमा के छात्र व छात्राओं से रोजगार मेले में शिरकत करने की अपील की गई है । यह जानकारी प्रयाग इंजीनियरिंग कॉलेज के निदेशक डॉ एससी तिवारी व कुलसचिव आशीष तिवारी ने संयुक्त रूप से दी है।

# अराजकतत्वों ने झूंसी के लाल चौक पर बम फोड़ फैलाई दहशत



अखंड भारत संदेश

**झूंसी।** थाना क्षेत्र में शुक्रवार की देर रात भीड़भाड़ वाले इलाके लाल चौक पर बाइक सवार युवकों ने बम फोड़ कर दहशत फैला दी। वहां से गुजर रहे हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक सिंह ने पुलिस से ऐसे शरारती तत्वों पर कड़ी कार्रवाई करने की बात कही। आवास विकास कॉलोनी योजना-3 में स्थित लाल चौक काफी भीड़भाड़ वाला इलाका है। शुक्रवार की रात 11 बजे के करीब यादव चौराहे की ओर से दो बाइक पर आए चार युवक लाल चौक पर बम फोड़ जीटी रोड की ओर भाग निकले। बम के धमाके से मौके पर अफरा-तफरी का माहौल उत्पन्न हो गया। वहां से गुजर रहे बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक सिंह भी रुक गए लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। पुलिस सीसीटीवी फुटेज की मदद से बम फोड़ने वालों की तलाश में जुट गई है।

# रेलवे पटरी दे रहा है हादसे को दावत !

### विगत दिनों तारकोल गिट्टी की जगह मिटटियों से ढक दिया गया था, बारिश की वजह से मिट्टी बह गई

**मऊआइमा।** मऊआइमा नगर पंचायत रेलवे फाटक से गुजरी रेलवे ट्रेक की गिटटियां उड जाने से वह किसी बडी दुर्घटना को दावत दे रही है। पूर्व में ऐसी दशा होने पर केवल मिटटी डाल कर ढक दिया गया था।अब फिर अपने पुराने दशा में आ गई है। मिली जानकारी के अनुसार मऊआइमा कस्बा के रेलवे फाटक से गुजरी रेलवे लाइन के इर्दगिर्द गिटटियां बहुत पहले उखड गयी थी। बाद में रेलवे विभाग ने आरोप है कि खर्च बचाने के लिए गिट्टी तारकोल की जगह पटरी के गड्ढों को मिटटी से ढक दिया गया था। बारिश होने पर मिट्टी बह गई। जिससे रोजमर्रा ई रिक्शा, साइकिल सवार ,बाइकें फिसल जाती हैं। बताते हैं कि सडक नीचे हो गई है जब कि रेलवे ट्रेक ऊपर हो गई है। बताते हैं कि आए दिन चार पहिया वाहन भी फंस जाते हैं। और बारिश का पानी पटरी के दौनों ओर भर जाता है। रेलवे ट्रेक अब खूनी बन गया है। रोज लोग गिर कर चोटहिल हो रहे हैं। हालांकि रेलवे विभाग को सब कुछ मालूम यहां तक कि प्रयागराज रेलवे विभाग को भी जानकारी है। मगर वह तारकोल गिट्टी के स्थान पर केवल मिटटी डाल कर चले जाते हैं। जिससे किसी दिन कोई बडा हादसा होने की आशंका जताई गई है।



## न्यूज झरोखा

### रेलवे ट्रैक के किनारे मिला अधेड़ का शव



**प्रयागराज।** हंडिया कोतवाली क्षेत्र में आने वाले जबराडीह गांव के पास रेलवे ट्रैक के किनारे एक अधेड़ का शव मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया ' स्थानीय लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस को दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। जबराडीह गांव निवासी एक युवक घर से बाहर प्रयागराज-वाराणसी रेलवे ट्रैक के किनारे गया हुआ था। जहां ट्रैक के किनारे उसे एक शव दिखाई दिया। उसके बाद गांव में हड़कंप मच गया ' ग्रामीणों ने घटना की जानकारी डायल 112 पुलिस को दिया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस घटनास्थल पर मिली मोबाइल के जरिए अधेड़ की पहचान इश्तेखार अहमद पुत्र गनी अहमद निवासी ग्राम खादरा थाना कुशेश्वर जिला दरभंगा बिहार के रूप में हुई। पुलिस परिजनों को सूचना देते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।

### एसबीआई शाखा सहसों ने ग्राम प्रधानों को किया सम्मानित



**सहसों।** गांव के विकास में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए क्षेत्र के ग्राम प्रधानों व जनप्रतिनिधियों को सम्मानित करते हुए भारतीय स्टेट बैंक शाखा सहसों की तरफ से शाखा प्रबंधक करिश्मा सिंह ने कहा जनप्रतिनिधियों के सहयोग एवं उनकी दूरदर्शिता से ही गांव से लेकर संस्थान तक अच्छे व सामाजिक कार्य व विकास संभव है। उन्होंने कहा कोई भी संस्थान या गांव में विकास के प्रति जनप्रतिनिधियों की अच्छी सोंच से ही उत्तरोत्तर प्रगति की ओर बढ़ सकता है। इस अवसर पर शाखा प्रबंधक ने क्षेत्र से आए हुए ग्राम प्रधान एवं समाजसेवियों को अपने अपने क्षेत्र में अधिकाधिक पौधरोपण के लिए भी प्रेरित करते हुए कहा कि गांव की हरियाली, शुद्ध हवा तथा स्वच्छ पर्यावरण की सुरक्षा के लिए यह नितांत आवश्यक है। इस मौके पर मनापुर उर्फ बगई कला के ग्राम प्रधान प्रताप बहादुर सिंह ने संचालन करते हुए उपस्थित लोगों के प्रति आभार जताया।

### तेज वारिस के चलते कच्चा मकान हुआ जमीदोह



**करछना।** थाना क्षेत्र के ग्राम सभा चंदौली के मजरा माझियारी गांव निवासिनी मनीषा देवी पत्नी राजेश कुमार यादव का कच्चा खपरैल मकान बारिश के चलते बृहस्पतिवार की रात्रि में गिर गया । जिससे परिजन जहां बाल-बाल बच गए। वही गृहणी मनीषा देवी पति राजेश कुमार यादव बेटा निशांत यादव व प्रिंस यादव तथा बेटी नीशू देवी खुले आसमान के नीचे आ गए हैं। पीड़िता मनीषा देवी ने बताया कि घर के गिर जाने से घर में रखा खाद्यान्न समेत अन्य घरेलू गृहस्थी के सामान नष्ट हो गए हैं। इस संबंध में ग्राम पंचायत चंदौली के ग्राम प्रधान अनिल कुमार की ओर से तहसील प्रशासन को इसकी सूचित कर मदद की मांग की।

### अमृत भारत स्टेशन जंघई का उद्घाटन कल एसडीएम व सीओ ने तैयारियों का लिया जायजा




**जंघई।** अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत चयनित जंघई जंक्शन रेलवे स्टेशन का उद्घाटन 6 अगस्त को होगा जिसमें रेलवे के उच्च अधिकारी एवं क्षेत्रीय सांसद, विधायक एवं अन्य जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहेंगे। सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने एसडीएम, सीओ मछलीशहर शुक्रवार को जंघई स्टेशन पहुंचे और तैयारियों का जायजा लिया। वाराणसी प्रतापगढ़ रेलवे रुट पर स्थित जंघई जंक्शन का चयन अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत किया गया है उद्घाटन में सांसद, विधायक तथा रेलवे के अधिकारी मौके पर पहुंचेंगे इसकी तैयारी रेलवे ने शुरू कर दिया है। एसडीएम मछलीशहर राजेश कुमार चौरसिया व सीओ मछलीशहर अतर सिह, स्टेशन अधीक्षक वकील सिंह ने जंघई जंक्शन का निरीक्षण किया। इस दौरान आरपीएफ और जीआरपी के लोगों से बातचीत किया तथा स्टेशन से जुड़े अधिकारियों से बातचीत किया लगभग एक घंटे तक एसडीएम सीओ ने स्टेशन के प्लेटफार्म नम्बर एक और सकुर्लेटिंग एरिया का निरीक्षण किया।

### ब्लॉक संसाधन केंद्र में मेडिकल असेसमेंट कैम्प का हुआ आयोजन




**हंडिया।** विशिष्ट आवश्यकत वाले बच्चों के दिव्यांगता प्रमाणपत्र बनाने के लिए शुक्रवार को ब्लॉक संसाधन केंद्र धनूपुर में खण्ड शिक्षा अधिकारी डॉ प्रभा शंकर पाण्डेय की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। कैम्प में परिषदीय विद्यालयों के लगभग 200 बच्चें तथा उनके अभिभावकों ने प्रतिभाग किया। जिसमे 93 बच्चों के मेडिकल प्रमाण पत्र बनाये गए.कैम्प में चिकित्सक वीसी विश्वास,आलोक पाठक,एआर पाल,जयशंकर पटेल एवं राजेश यादव की संयुक्त टीम ने योगदान दिया। कार्यक्रम में शिक्षक नेता अफरोज अहमद,स्पेशल एजुकेटर करुणा राय, बच्चा लाल, बसंत लाल, कमल गुप्ता, अखिलेश कुमार आदि लोग उपस्थित रहें।

## नगर निगम द्वारा कार्यशाला आयोजित, संचारी रोगों से बचाव हेतु किया गया जागरूक

**प्रयागराज।** संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान के तहत नगर निगम प्रयागराज द्वारा शुक्रवार को नगर निगम मुख्यालय नई बिल्डिंग मीटिंग हाल में कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें संचारी रोगों के नियंत्रण तथा उससे बचाव तथा सुझाव पर विस्तृत चर्चा की गयी। इस दौरान कार्यशाला की अध्यक्षता कर रहे नगर आयुक्त नगर निगम प्रयागराज, मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 अंशू पाण्डेय, जिला मलेरिया अधिकारी डा0 अनिल कुमार सिंह, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डा0 अभिषेक सिंह, पर्यावरण अभियन्ता उत्तम कुमार, जोनल अधिकारी संजय ममगई तथा अधिकांश पार्षदगणों के साथ सफाई एवं खाद्य निरीक्षकों द्वारा कार्यशाला में प्रतिभाग किया गया।बैठक में उपस्थित पार्षदों द्वारा मुख्य चिकित्साधिकारी तथा जिला मलेरिया अधिकारी से अपने-अपने क्षेत्रों में संचारी रोगों के बचाव हेतु संवाद किया गया। मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा मुख्यमंत्री द्वारा दिये गये निर्देश के क्रम में संचारी रोगों से बचाव हेतु नगर निगम प्रयागराज द्वारा कराये जा रहे कार्यो की सराहना की गयी, साथ उन्होने बताया कि प्रत्येक वार्डो में तथा सम्पूर्ण नगर निगम क्षेत्र में स्थित समस्त तालाबों में गमबूजिया मछली डाल कर लार्वा को समाप्त किये जाने का कार्य किया जाना तथा नियमित रूप फॉगिंग तथा एन्टी लार्वा का छिडकाव करते हुए अभूतपूर्व प्रयास किया जा रहा है। जनप्रतिनिधियों से सीधे सवांद करते हुए यह जानकारी दी गयी कि डेंगू बीमारी एडिस नामक मच्छर के काटने से होती है, जिसके फलस्वरूप पीड़ित व्यक्ति को अचानक तेज सिर दर्द व बुखार, मांसपेसियों तथा जोड़ों में दर्द, आंखों के पीछे दर्द होना, जी मिचलाना एवं उल्टी होना, गम्भीर मामलों में नाक, मुंह, मसूड़ों से खून आना एवं त्वचा पर चकत्ते आदि आना इसकी पहचान है। डेंगू से बचाव हेतु यह सुझाव दिया गया कि कूलर, पानी की टंकी, पक्षियों के पीने का बर्तन, फ्रीज की ट्रे, फूलदान, इत्यादि को प्रति सप्ताह खाली करें व धूप में सुखाकर प्रयोग करें, साथ ही नारियल का खोल, टूटे हुए बर्तन व टायरों में पानी जमा न होने दें। घरों के दरवाजें व खिड़कियों में जाली/पर्दे लगायें, पैर में मोजे पहने एवं दिन में भी सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग करें। मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि अल्लापुर क्षेत्र में वेलनेस सेन्टर की स्थापना की जायेगी, जिसमें सरकारी/प्राईवेट डाक्टरों की टीम द्वारा आम जन-मानस को संचारी रोग से सम्बंधित बीमारियों का ईलाज प्रत्येक रविवार को निःशुल्क किया जायेगा। समयान्तर्गत नगर के समस्त वार्डों में वेलनेस सेन्टर की स्थापना की जायेगी।

# प्रयागराज समेत 508 स्टेशनों का शिलान्यास करेंगे पीएम

अखंड भारत संदेश




**प्रयागराज।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 508 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास कार्यों का शिलान्यास करेंगे। इसमें प्रयागराज जंक्शन भी शामिल है। भारत सरकार के विजन ह्यनया भारतह्य को ध्यान में रखकर भारतीय रेल पर अमृत भारत स्टेशन योजना के अन्तर्गत रेलवे स्टेशनों पर विश्वस्तरीय यात्रा सुविधायें उपलब्ध कराने का कार्य तेजी से किया जा रहा है। यह जानकारी उत्तर मध्य रेलवे के डीआरएम हिमांशु बडोनी ने शुक्रवार को रेलवे के संकल्प सभागार में पत्रकारों को दी। उन्होंने कहा कि अमृत भारत स्टेशन योजना में दीर्घकालिक दृष्टिकोण के साथ स्टेशनों का विकास किया जा रहा है। इसमें स्टेशन फसाड, सकुर्लेटिंग एरिया, वेटिंग हॉल, दिव्यांगजन अनुकूल सुविधायें, प्रसाधन, आवश्यकतानुसार लिफ्ट/एस्केलेटर, चौड़े फुट ओवर ब्रिज, पार्किंग एवं हरित ऊर्जा का उपयोग कर पर्यावरण अनुकूल भवन इत्यादि अत्याधुनिक सुविधाओं में विस्तार हेतु योजना तैयार की गई है और चरणबद्ध तरीके से उनका कार्यान्वयन किया जायेगा।

**यूपी के 55 रेलवे स्टेशन हैं शामिल :** डीआरएम हिमांशु बडोनी ने बताया कि ये 508 स्टेशन देश के 27 राज्यों और केंद्र-शासित प्रदेशों में स्थित हैं, जिनमें उत्तर प्रदेश में 55, राजस्थान में 55, बिहार में 49, महाराष्ट्र में 44, पश्चिम बंगाल में 37, मध्य प्रदेश में 34, असम में 32, ओडिशा में 25, पंजाब में 22, गुजरात में 21, तेलंगाना में 21, झारखंड में 20, आंध्र प्रदेश में 18, तमिलनाडु में 18, हरियाणा में 15, कर्नाटक में 13 स्टेशन शामिल हैं।

**बदल जाएगी रेलवे स्टेशनों की सूरत :** डीआरएम ने बताया कि पूर्वोत्तर रेलवे के 12 रेलवे स्टेशनों सहित भारतीय रेल के 508 स्टेशनों का प्रधानमंत्री द्वारा शिलान्यास किया जायेगा। इसमें पूर्वोत्तर रेलवे पर वाराणसी मंडल के वाराणसी सिटी, बनारस, बलिया, आजमगढ़ एवं देवरिया सदर, लखनऊ मंडल के बस्ती, बादशाह नगर, ऐशबाग एवं सीतापुर तथा इज्जतनगर मंडल के लालकुआं, कासगंज एवं फरुर्खाबाद स्टेशन सम्मिलित हैं। अमृत भारत स्टेशन योजना के अन्तर्गत इन स्टेशनों पर यात्री सुविधाओं में सुधार एवं विस्तार किया जायेगा। इस योजना के अन्तर्गत स्थानीय स्थापत्य कला एवं संस्कृति के अनुरूप स्टेशन भवन को आकर्षक स्वरूप दिया जायेगा। इस योजना में स्टेशन भवन में सुधार एवं विकास, शहर के दोनों हिस्सों के साथ स्टेशन को एकीकृत करने के साथ ही मल्टीमॉडल कनेक्टिविटी के प्रावधान, दिव्यांगजनों के लिये सुविधायें, स्टैंडर्ड साइनेज, पर्यावरण अनुकूल कार्य चरणबद्ध तरीके से किये जाएंगे, जिससे ये स्टेशन ह्यसिटी सेंटरह्य के रूप में उभरेंगे।

# ग्राम पंचायतों का सर्वांगीण विकास ही प्राथमिकता : सरिता सिंह

अखंड भारत संदेश



**मेजा।** शासन के मंशानुरूप सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक पहुंचना साथ ही साथ सभी ग्राम पंचायतों को मूल भूत सुविधाओं से लैस कराना ही हमारी प्राथमिकता होगी। उक्त उदगार नवागंतुक खण्ड विकास अधिकारी मेजा सरिता सिंह ने प्रेसवार्ता के दौरान व्यक्त किया।उल्लेखनीय है कि पूर्व में लखनऊ मुख्यालय से अटैच रहने के पश्चात कौधियारा, चंदौली मिजार्पुर तथा सोनभद्र में बतौर खण्ड विकास अधिकारी तैनात सन 2010 बैच की सरिता सिंह को वर्तमान में विकास खण्ड मेजा की कामन सौपी गयी हैं जिसके परिपेक्ष्य मे शुक्रवार को आयोजित प्रेस वार्ता में उन्होने कहा कि किसी भी योजना के लाभ के लिए ब्लाक के किसी कर्मचारी, प्रधान एव विचौलिए को कोई पैसा न दे लाभार्थी अपने काम के लिए स्वयं मेरे पास आ सकते हैं या फिर अपनी समस्याए मेरे सरकारी नंबर 9454464551 पर बता सकते है उनकी समस्याओं का समाधान अवश्य किया जायेगा` उन्होंने अपने मातहत कर्मचारियो को कड़े निर्देश देते हुए कहा है कि वे अपनी ग्राम पंचायतों में ईमानदारी पूर्वक कार्य करे। भ्रष्टाचार एव किसी को नाजायज परेशान करने की शिकायत न मिले और समय से कार्यालय आये जो भी पेंडेंसी हो उसकी समीक्षा करे और त्वरित निस्तारण करे। पेंडेंसी की शिकायत अथवा भ्रष्टाचार की शिकायत किसी भी ग्राम पंचायत से आती है तो संबधित अधिकारी एव कर्मचारी को किसी भी कीमत पर बक्शा नही जायेगा ।उन्होंने ने बताया कि पंचायत सहायक और आशा बहु को आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए लगाया गया है जिन लोगो का नाम आयुष्मान कार्ड सूची में दर्ज है यदि उनका आयुष्मान कार्ड नही बना है तो ऐसे लोग पंचायक सहायक और आशा बहु से मिलकर आयुष्मान कार्ड बनवा ले और बिमारी के विशेष परिस्थितियों में योजना का लाभ उठाएं। गौरतलब है कि शासन द्वारा संचालित विभिन्न प्रकार की योजनाओं को धरातल पर निष्ठा एवं ईमानदारी पूर्वक लाने में चर्चित रही नवागंतुक खण्ड विकास अधिकारी मेजा ने अपने संदेश में स्पष्ट रूप से कहा कि विकास खण्ड मेजा को विकास की अत्यधिक जरूरत है। उन्होंने मेजा खास स्थित प्राथमिक विद्यालय की जर्जर व्यवस्था का स्वत संज्ञान लिया और स्कूल के कायाकल्प किए जाने का आश्वासन दिया साथ ही साथ चयनित खेल मैदान पर भी फोकस डालते हुए अमृत सरोवर के कार्यों में तेजी लाने पर भी चर्चा किया उन्होंने मेजा ब्लाक के सभी ग्राम पंचायत अधिकारियो को कड़े आदेश निर्देश देते हुए कहा कि ग्राम पंचायत के विकास कार्य में कोई समस्या उत्पन्न होती है तो उसका त्वरित समाधान अपने स्तर से कराए समस्या जटिल है तो समस्या को स्वय के सज्ञान में लाने को कहा उनका मानना है कि शासन के मंशानुरूप सरकारी योजनाओं का क्रियान्वन करने के साथ साथ ग्राम पंचायतों का समुचित विकास कराना ही मुख्य प्राथमिकता है।

### थरवई व आबकारी पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा अभियुक्त गिरफ्तार

**थरवई।** पुलिस की सक्रियता से मिली सफलता। शुक्रवार को थाना थरवई प्रभारी निरीक्षक लोकेन्द्र त्रिपाठी के नेतृत्व में थरवई की पुलिस टीम व आबकारी पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा थाना क्षेत्र थरवई के कस्बा में शराब की दुकान पर मुखबिर द्वारा सूचना मिली की एक व्यक्ति शराब की दुकान पर अवैध शराब व अवैध ढक्कन के साथ खड़ा है तभी संयुक्त पुलिस टीम द्वारा तात्परता दिखाते हुए मौके पर पहुंचते हुए दुकान की तलशी ली गई तो मौके से सेल्मैन रामजी पाण्डेय पुत्र चन्द्रमा प्रसाद पाण्डेय जिनकी उम्र 30 वर्ष है जो थाना होलागढ़ अखआव के रहने वाले तालशी के दौरान कब्जे से 22 नकली देशी शराब के पौव्वे व 360 नकली ढक्कन भी बरामद किये गए। अभियुक्त पर धारा 60 आबकारी अधिनियम व धारा 467 / 468 का मुकदमा पंजीकृत करते हुए न्यायलय के समक्ष पेश किया गया। अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक अखिलेश कुमार, अमित कुमार आबकारी निरीक्षक क्षेत्र सोरांव सुनीता ओझा, आबकारी निरीक्षक क्षेत्र करछना व पुलिस टीम मौजूद रही।

# बसही में चकमार्ग पर अतिक्रमण की शिकायत पर प्रधान को मिली धमकी

अखंड भारत संदेश

### प्रधान ने सरकारी कार्य में बांधा पहुंचाने वालों के खिलाफ एसडीएम से की शिकायत

**करछना।** विकासखंड करछना के ग्राम पंचायत बसही में आक्रमण को लेकर प्रधान को दी गई धमकी मामले को लेकर प्रधान ने उप जिलाधिकारी करछना को लिखित शिकायत देखकर आक्रमण को हटाए जाने की मांग करते हुए दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की अपील की है ग्राम पंचायत के प्रधान अभिषेक सिंह ने एसडीएम को शिकायती पत्र में दिया है कि चक मार्ग संख्या 70 पर आसपास के काश्तकारों ने पूरी तरह से कब्जा कर लिया है तथा उसे पर मकान बनवाना चाहते हैं जिसको लेकर प्रधान ने जब मना किया तो उन्हें जान से मारने की धमकी दी गई जिसको लेकर प्रधान ने उप जिलाधिकारी को शिकायती पत्र में आक्रमण कताओं के खिलाफ नाम जद शिकायत करते हुए उक्त अतिक्रमण को अवमुक्त कराए जाने के लिए कार्रवाई किए जाने की मांग की है जिस पर एसडीएम करछना में राजस्व कर्मियों एवं पुलिस विभाग को निर्देशित किया है कि मौके पर जाकर सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने वाले अतिक्रमण कताओं के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें जानकारी के अनुसार प्रधान द्वारा उक्त मार्ग पर इंटरलॉकिंग का कार्य कराए जाने को लेकर कार्य शुरू करने से पहले आक्रमण हटा लेने के लिए सूचित किया था लेकिन अतिक्रमण कताओं ने अतिक्रमण हटाने के बजाय उल्टा प्रधान को ही धमकाने लगे मामले को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम ने कार्रवाई किए जाने के दिशा दिशा निर्देश दिए।

# सत्य परास्त हो सकता है पराजित नहीं : डॉ. दिनेश सोनी



**करछना।** कांग्रेसियों में रहा हर्षोल्लास। वायनाड सांसद राहुल गांधी जी की सदस्यता बहाल होने पर लोगों को बांटीं मिठाईयां।पी०सी०सी० सदस्य डॉ दिनेश कुमार सोनी ने सुप्रीम कोर्ट पर भरोसा जताते हुए कहा सत्य की विजय हमेशा होती है। राहुल गांधी की सदस्यता बहाल होने का जिला सचिव नागेश पाण्डेय जी कहा कि डबल इंजन की ये जुमले बाज मोदी सरकार के लाख कोशिशों के बावजूद भी सुप्रीम कोर्ट का जो फैसला है वो न्याय गत है। और इस फैसले पर पुरा कांग्रेस ही नहीं बल्कि पूरे देश में मानहानि केस पर बढ़ती हुई खुशी का माहौल है। इस मौके पर कांग्रेस कार्यकताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर मुंह मीठा कराया।

### सुप्रीम कोर्ट से राहुल गांधी को बड़ी राहत पर कांग्रेसियों में जश्न का माहौल

**सहसों।** सुप्रीम कोर्ट से राहुल गांधी को बड़ी राहत मिली है। मोदी सरनेम मामले में मानहानि के मुकदमे में 2 वर्ष की सजा सुनाए जाने के बाद संसद में अपनी सदस्यता गंवाने वाले राहुल गांधी को शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट ने बड़ी राहत देते हुए स्थगन आदेश का अपना फैसला सुनाया। जिस पर कांग्रेसी कार्यकताओं में जश्न का माहौल है। सहसों में अधिवक्ता एवं कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता देवराज उपाध्याय के नेतृत्व में पार्टी के कार्यकताओं ने एक दूसरे को मुंह मीठा कराते हुए जश्न मनाया। इस अवसर पर देवराज उपाध्याय ने सुप्रीम कोर्ट के स्थगन आदेश फैसले का स्वागत करते हुए राहुल गांधी को बधाई दी। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने गुजरात के सूरत सेशन कोर्ट के फैसले पर स्थगन आदेश जारी कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले से मोदी सरकार और भाजपा के लिए बड़ा झटका है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से प्रमोद त्रिपाठी आजाद, वेद मणि तिवारी, अमन मिश्रा भीम, गोविंद सिंह चंदेल, शमशेर बहादुर पटेल, अखंड प्रताप सिंह, सूर्यकांत द्विवेदी, रमेश कुमार मिश्र, गिरधारी लाल सरोज, दिलीप कुमार दुबे, महबूब अंसारी, मोहम्मद मुमताज अली, सुभाष चंद्र विश्वकर्मा, तहजीबुल हसन सहित आदि उपस्थित रहे।

# परिषदीय विद्यालयों के बच्चों ने खेलकूद प्रतियोगिता में दिखाया दमखम

अखंड भारत संदेश

### न्याय पंचायत रामनगर, शुक्लपुर व लेहड़ी की खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न



**मेजा।** उत्तर प्रदेश सरकार के बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा आदेशित विकास खंड उरुवा में परिषदीय विद्यालयों के न्याय पंचायत रामनगर, शुक्लपुर व लेहड़ी की बालक्रीड़ा खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न हुई। रामनगर न्याय पंचायत की प्रतियोगिता उच्च प्राथमिक विद्यालय बकचूंदा के खेल मैदान पर संपन्न हुई और शुक्लपुर न्याय पंचायत की प्रतियोगिता उच्च प्राथमिक विद्यालय बीरपुर,पठखौली में संपन्न हुई तथा लेहड़ी न्याय पंचायत की प्रतियोगिता प्राथमिक विद्यालय लेहड़ी के खेल मैदान पर संपन्न हुई। प्रतियोगिता में तीनों न्याय पंचायत के प्राथमिक व जूनियर वर्ग के विद्यालयों के सभी बालक एवं बालिका खिलाड़ियों ने प्रतिभाग कर अपने-अपने खेल कौशल का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में 50 मीटर, 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर, 1000 मीटर दौड़, कबड्डी, खो-खो, ऊंची कूद, लंबी कूद, गोला, डिस्कस, सुलेख, आलेख व रिले रेस आदि खेल संपन्न हुए। जिसमें जूनियर वर्ग के कबड्डी में उच्च प्राथमिक विद्यालय पठखौली प्रथम व उच्च प्राथमिक विद्यालय चीलबिला द्वितीय प्राप्त किया। वही खो-खो खेल प्रतियोगिता के जूनियर व प्राथमिक वर्ग में प्राथमिक विद्यालय बीरपुर,पठखौली प्रथम व प्राथमिक विद्यालय चीलबिला द्वितीय स्थान प्राप्त किया। 100 मीटर दौड़ के प्राथमिक वर्ग में प्राथमिक विद्यालय चिलबिला के हिमांशु ने प्रथम व प्राथमिक विद्यालय कनिगड़ा के विजय ने द्वितीय स्थान प्राप्त की तथा जूनियर वर्ग के दौड़ प्रतियोगिता में उच्च प्राथमिक विद्यालय बीरपुर,पठखौली के निखिल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। लंबी कूद बालक वर्ग में पठखौली के गंगाधर प्रथम व चिलबिला के शनि ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वही लंबी कूद बालिका वर्ग में पठखौली की प्रिया ने प्रथम व चिलबिला की अंशु यादव ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। शुक्लपुर संकुल के मेजबान विद्यालय बीरपुर,पठखौली के प्रभारी प्रधानाध्यापक संतोष यादव ने आये हुए समस्त अध्यापकों का स्वागत किया। उक्त अवसर पर पुष्कर द्विवेदी, मुकेश शुक्ला, सुशील कुमार, प्रवीण सिंह, अर्जुन सिंह, मधुबाला पटेल, प्रदीप तिवारी, चंद्रशेखर भारतीया, उदय सिंह, सुनील मिश्रा, जावेद अंसारी, सूर्यप्रकाश सिंह, दिनेश मिश्रा, आलोक गौतम, शोभनाथ पांडेय, अशोक यादव, मंजू श्री, प्रदीप शर्मा, जय प्रकाश शुक्ला, हिमांशु चौधरी, संदीप त्रिपाठी, वीरेंद्र सिंह, सूर्य प्रताप सिंह, गोविंद प्रसाद व प्रमोद मौर्य आदि अध्यापकगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सहायक अध्यापक राकेश सिंह ने किया और पधारें हुए संकुल के समस्त शिक्षकों, खेलकूद प्रतियोगिता को संपन्न कराने वाले खेल अनुदेशकों व बच्चों का धन्यवाद ज्ञापित किया। वही उरुवा खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय के प्रभारी रोहित त्रिपाठी ने बताया कि आज 5 अगस्त 2023 को न्याय पंचायत मिश्रपुर की खेलकूद प्रतियोगिता उच्च प्राथमिक विद्यालय बिगहनी में और न्याय पंचायत रैपुरा की खेलकूद प्रतियोगिता उच्च प्राथमिक विद्यालय कंजौली में तथा न्याय पंचायत बेदौली की खेलकूद प्रतियोगिता उच्च प्राथमिक विद्यालय चौकी में संपन्न होगी। प्रभारी खंड शिक्षा अधिकारी उरुवा कैलाश सिंह ने सभी प्रधानाध्यापकों को निर्देशित किया है कि वह आज होने वाले संकुल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में अपने विद्यालय के बच्चों को समय से ले जाकर प्रतियोगिता में प्रतिभाग कराना सुनिश्चित करें।

## खबर संक्षेप

### धोखाधड़ी में जेल गई प्रयाग महिला विद्यापीठ की प्राचार्य डॉ. रजनी त्रिपाठी निलंबित

**प्रयागराज।** धोखाधड़ी और कूटरचना के आरोप में जेल भेजी गई प्रयाग महिला विद्यापीठ डिग्री कॉलेज की प्राचार्य डॉ. रजनी त्रिपाठी को निलंबित कर दिया गया है। पिछले हफ्ते पुलिस ने उन्हें 19 साल पुराने धोखाधड़ी के मामले में गिरफ्तार किया था। इसके बाद कॉलेज प्रबंधन को कार्रवाई करनी पड़ी। प्रबंध कमेटी ने प्रो. संध्या त्रिपाठी को कार्यवाहक प्राचार्य नियुक्त किया है। प्राचार्य रहीं डॉ. रजनी त्रिपाठी के खिलाफ वर्ष 2004 में सिविल लाइंस थाने में कूटरचना व धोखाधड़ी के दो मुकदमे दर्ज हुए थे। 2013 में भी कूटरचना व धोखाधड़ी का एक मामला दर्ज हुआ था। इसके बावजूद वह फरवरी 2018 से फरवरी 2023 तक उत्तर प्रदेश उच्चतर शिक्षा सेवा आयोग की सदस्य बनाई गई थीं।आयोग सदस्य का कार्यकाल पूरा होने के बाद डॉ. रजनी ने वापस प्राचार्य के पद पर ज्वाइन किया था। इस बीच कूटरचना व धोखाधड़ी के पुराने में मामले में कोर्ट ने उनके खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी कर दिया। इसके अनुपालन में पुलिस ने उन्हें 28 जुलाई को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया था। जेल भेजे जाने के बाद प्रबंध समिति की बैठक हुई, जिसमें डॉ. रजनी त्रिपाठी को सर्वसम्मति से निलंबित करने का प्रस्ताव पारित किया गया। इसके बाद प्रबंध समिति ने अंग्रेजी विभाग की प्रो. संध्या त्रिपाठी को कार्यवाहक प्राचार्य नियुक्त कर दिया। प्रबंधक चंद्रकांत की ओर से जारी पत्र के अनुसार प्रबंध समिति ने प्रो. संध्या त्रिपाठी को अग्रिम आदेशों तक कार्यवाहक प्राचार्य नियुक्त किया है। उन्हें यह जिम्मेदारी तत्काल संभालने को कहा गया है।

# संपत्ति के विवाद में बेटे ने पिता को उतारा मौत के घाट

## झगड़े के बाद पहले लकड़ी के सिर पर मारा, फिर गला रेत दिया





**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** अतरसुइया में प्रॉपर्टी विवाद में एक बेटे ने पिता की बेरहमी से हत्या कर दी। बंटवारे के झगड़े में बेटे धीरेंद्र ने पिता के सिर पर वार कर दिया। जिससे वो बेसुध होकर जमीन पर गिर पड़े, उसके बाद चाकू से गला रेत दिया। ये वारदात गुरुवार रात 10.30 बजे हुई।परिवार ने रात करीब 12.30 बजे पुलिस को मामले की जानकारी दी। पुलिस ने बेटे को गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ की जा रही है। मामला अतरसुइया इलाके का है। अतरसुइया में रहने वाले हंसराज सिंह (65) के दो बेटे हैं। बड़े बेटे का नाम धीरेंद्र सिंह है और छोटे बेटे का नाम देवेंद्र सिंह। गुरुवार की रात धीरेंद्र और पिता हंसराज के बीच मकान के बंटवारे को लेकर विवाद शुरू हुआ। पहले कहासुनी हुई। इसके बाद मारपीट शुरू हो गई। उस समय रात को करीब साढ़े 10 बज रहे थे। धीरेंद्र चाहता था कि मकान का बड़ा हिस्से उसे मिले। जबकि हंसराज तैयार नहीं थे। इसी दौरान धीरेंद्र ने घर में रखे लकड़ी के पाया को उठा लिया और अपने पिता की तरफ दौड़ा। छोटे बेटे देवेंद्र और मां ने उसे पकडने की कोशिश की तो उनके ऊपर भी हमलावर हो गया। उसके सिर पर खून सवार था। दोनों वहां से हट गए और अपने को एक कमरे में बंद कर लिया। धीरेंद्र ने इसके बाद अपने पिता के सिर और शरीर पर लकड़ी के पाया से कई वार कर किए। इसके बाद उनका गला भी रेत दिया। हंसराज की वहीं पर मौत हो गई। धीरेंद्र वहां से भाग निकला। बाद में छोटे बेटे देवेंद्र और मां हंसराज को लेकर स्वरूप रानी नेहरू चिकित्सालय गए। जहां डॉक्टरों ने हंसराज को मृत घोषित कर दिया। अतरसुइया इंस्पेक्टर राजेश यादव ने बताया कि धीरेंद्र नशे का आदी है। बाप भी नशा करते हैं। गुरुवार की रात नशे की हालत में दोनों के बीच विवाद हुआ। इसके बाद धीरेंद्र ने हंसराज पर लकड़ी के पार्ये से हमला कर दिया। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए स्वरूप रानी नेहरू चिकित्सालय से भेज दिया गया है। मौके पर डॉग स्क्वायड और फोरेंसिक जांच टीम ने नमूने एकत्र किए हैं। धीरेंद्र को गिरफ्तार कर लिया गया है। उससे पूछताछ चल रही है। उसने पूछताछ में अभी केवल इतना बताया है कि पिता उसके साथ भेदभाव करते थे। उसे प्रॉपर्टी में हिस्सा नहीं देना चाहते थे। छोटे भाई के नाम प्रॉपर्टी करना चाहते थे। इसी बात को लेकर गुस्सा आ गया और वार कर दिया।

## न्यूज झरोखा

### नैनी स्टेशन के मेन गेट के बगल में लगी आग



**नैनी।** नैनी जंक्शन के मेन गेट के बगल में बिजली विभाग के एलटी पैनल मैं शॉर्ट सर्किट से लगी आग पर जल्द ही काबू पा ली गई जिससे कि एक बड़ा हादसा टल गया। मिली जानकारी के अनुसार नैनी जंक्शन के परिसर में उस वक़्त अफरा तफरी मच गई जब परिसर में स्तिथ इलेक्ट्रिक पैनल में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। मौके पर पहुँचे आरपीएफ और जीआरपी की टीम ने कड़ी मसक्कत के बाद आग पर काबू पाने के बाद राहत की सांस ली। हालांकि आग लगने से किसी भी तरह की जान माल का नुकसान नही हुआ। समय से आग पर काबू पा ली गई। वही आग लगने से स्टेशन परिसर के आस पास लोग की भारी भीड़ जुटी रही। नैनी जंक्शन के आरपीएफ इंस्पेक्टर अविनाश शंकर ने बताया कि इलेक्ट्रिक पैनल में आग शार्ट सिर्किट से लगी और हमारे विभाग द्वारा तत्परता दिखाते हुए जल्द ही आग पर काबू पा ली गई जिससे कि एक बड़ा हादसा टल गया।

### ग्राम चौपाल में शिकायती पत्रों का हुआ तत्काल निस्तारण



**सोरांव।** जन समस्याओं का निराकरण एवम पारदर्शिता सरकार की प्राथमिकता है। इसी बात को लेकर पिछले 23 दिसंबर से सरकार ने सप्ताह के प्रत्येक शुक्रवार को ग्राम्य विकास के अधिकारियों को अपने कार्य क्षेत्र से जुड़े ग्राम पंचायतों में ग्राम चौपाल लगाकर ग्रामीणों की विकास से जुड़ी हर समस्या को मौके पर ही पारदर्शिता पूर्वक निस्तारित करने का निर्देश दिया है। इसी बात को लेकर शुक्रवार को सोरांव ब्लॉक के ग्राम पंचायत शहाव पुर और पडरैया के ग्राम सचिवालय पर ग्राम चौपाल का आयोजन ब्लॉक प्रमुख प्रदीप कुमार पासी की अध्यक्षता में किया गया। जिसमें साफ सफाई, शौचालय, आवास, समूह, पेंशन, मनरेगा से कराए गए कार्य का सत्यापन,15 वें वित्त से कराए गए कार्य का सत्यापन आदि के विषय में चर्चा की गई।इस चौपाल में जितनी भी शिकायती पत्र ग्रामीणों द्वारा दी गई। ज्यादातर शिकायती पत्रों का निस्तारण मौके पर किया गया तथा शेष शिकायती पत्रों को खंड विकास अधिकारी सुनील कुमार सिंह ने जल्द से जल्द निस्तारण करने की बात कही इस मौके पर ग्राम विकास अधिकारी राजीव मौर्य व मिथलेश मिश्रा, प्रधान रविराज सोनकर, प्रधान कमलेश कुमार, बीडीसी शाहिद और गोलू चौधरी संग ग्रामीण मौजूद रहे।

### सीएचसी सोरांव की स्वास्थ्य टीम ने लगाया विद्यालय में कैंप



**सोरांव।** मंगलवार को सीएचसी सोरांव के आरबीएसके डाक्टरों की टीम ने थरवई ग्राम पंचायत में स्थित सरकारी विद्यालय में कैंप लगाया। तथा वहां पर मौजूद सैकड़ों बच्चो का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया । जिसमें से लगभग चालीस प्रतिशत बच्चों को आई फ्लू का लक्षण पाया गया। मौजूद डाक्टरों ने उक्त लक्षणों से ग्रसित सभी बच्चो को खाने और आंख में डालने के लिए निः शुल्क दवा का भी वितरण किया। तथा आरबीएसके टीम में मौजूद डॉक्टर मनोज कुमार ने सभी बच्चो और उपस्थित अध्यापकों को आई फ्लू सहित अन्य बीमारियों से बचाव की जानकारी भी दिए। इस मौके पर डॉक्टर इरसाद अहमद,डॉक्टर रीता,डॉक्टर मोहसिन खान, तथा डॉक्टर मनोज सिंह उपस्थित रहे।

# पान खाकर थूकने के विवाद में चली गोली तीन घायल

**अखंड भारत संदेश**



**झूंसी।** झूंसी की छतनाग रोड पर शुक्रवार की शाम दो पक्षों में पथराव व गोली चलने का मामला सामने आया है। जिसमें प्रतापगढ़ अमेठी के 3 लोग गोली लगने से घायल हुए हैं। वारदात ने लोगो में 2014 में हुई गैंगवार की याद ताजा कर दी। घटना की सीसीटीवी फुटेज भी सामने आई है जिसमें एक युवक हाथ में राइफल लिए दिख रहा है कुछ लोग उसके पीछे दौड़ रहे है। पैरा कमंडो को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है। पुलिस के मुताबिक अमेठी के रहने वाले टिंकू सिंह अपने कुछ दोस्तो के साथ दो गाड़ी से संगम स्नान करने आए थे। स्नान के बाद टीकू सभी के साथ छतनाग में एक मैरिज लान में अपने दोस्त से मिलने जा रहा था। छतनाग रोड पर पान थूकने को लेकर वहां मौजूद एक युवक से विवाद हो गया। दोनों तरफ से पहले पत्थर चले फिर राइफल व तमंचे से कई राउंड फायरिंग भी हुई। जिसमें अमेठी के रहने वाले मनीष सिंह के पेट व पीठ में अमीस सिंह के पैर व प्रतापगढ़ सांगीपुर के अभिजीत सिंह के पैर में गोली लगी। भरे बाजार गोली चलने से भगदड़ मच गई जिसको जहां जगह मिली वही घुस गया। घायलों को उनके साथी स्वरूप रानी अस्पताल में भर्ती कराया। मौके पर पहुंची पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे के साथ लोगों से भी पूछताछ की जहां दोनों तरफ से फायरिंग की बात सामने आई। बताया जाता है कि राइफल से फायरिंग करने वाला नैका महीन निवासी जयसंकर भारतीया पैरा कमांडो है उसका एक जमीन को लेकर विवाद चल रहा है कुछ दिन पहले भी विवाद हुआ था जिसमें करछना का एक युवक पिस्टल के साथ पकड़ा गया था अमेठी के कुछ लोगों का भी नाम सामने आया था। एसीपी झूंसी आईपी चिराग जैन इंस्पेक्टर झूंसी के साथ अस्पताल में पहुंचा घायलों से पूछताछ की।



### हिंदू राष्ट्र : विकास और समृद्धि की मांग है

**नैनी।** नैनी अखिल भारतीय बजरंग वाहिनी एकजुटता के साथ राष्ट्र के विकास और समृद्धि की मांग कर रहे हैं। ताकि इससे देश का और तेजी से विकास हो सके और आए दिन हो रहे हिंसा व उपद्रव पर कठोरता से रोक लग सके। अखिल भारतीय बजरंग वाहिनी के जिला प्रमुख देवा श्रीवास्तव ने एक कार्यक्रम के दौरान हिन्दू राष्ट्र की हुंकार भरते हुए कहा कि हम एक समरसता भरी समाज की मांग कर रहे हैं, जहां हर व्यक्ति को समान अवसर मिले और उसके धर्म, जाति या श्रेणी से उसका कोई संबंध न हो। हम सांस्कृतिक विरासत की सुरक्षा की मांग करते हैं और इसके संरक्षण के लिए अपने ऐतिहासिक स्थलों की देखभाल का विशेष ध्यान देने का आग्रह करते हैं।

### आवास विकास परिषद ने अवैध निर्माण किया ध्वस्त

**अतीक के बेटे के करीबियों ने कर रखा था कब्जा, छोड़ने के बदले में मांग रहे थे रंगदारी**

**प्रयागराज।** माफिया अतीक अहमद के इलाके में फिर एक बार बुलडोजर गरजा। अतीक अहमद के बेटे अली के गुर्गों के कब्जे की जमीन पर आज आवास विकास परिषद ने ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की। करीब 2 घंटे तक काली इस कारवाई में अवैध निर्माण को ढहा दिया गया। मौके पर बड़ी संख्या में पुलिस फोर्स मौजूद रही। इस दौरान कुछ वकील कोर्ट का हवाला देकर अवैध कब्जा हटाने से रोक रहे थे लेकिन इंस्पेक्टर करेली ने उनकी एक न सुनी और बुलडोजर एक्शन जारी रहा। आगरा की रहने वाली गजाला बेगम की ये जमीन 90 के दशक से कब्जा की गई थी। 30 साल तक इस जमींन पर अतीक अहमद और उसके बाद उसके बेटे अली के गुर्गों का अवैध कब्जा है। बीच में जब गजाला ने इस जमीन को खाली कराने को कहा तो जमींन पर कब्जा करने वालो ने उससे 50 लाख की रंगदारी मांगी। अतीक के गुरुओं ने कहा था कि यह जमीन छोटे डॉन को पसंद है। अतीक के बेटे अली ने अपने गुर्गों से कहा था कि इस जमीन को छोड़ना मत इस पर आफिस बनवाएंगे। गजाला की बहन की शिकायत पर करेली थाने में अर्तीक के बेटे अली और उसके 6 करीबियों पर रंगदारी सहित कई गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। इसी कड़ी में आज गजाला की शिकायत पर आवास विकास परिषद और पीडीए ने संयुक्त कार्यवाही कर-के अली के करीबियों का कब्जा जमीन से हटवाया और दुकानों के निर्माण पर बुलडोजर चला कर ध्वस्त कर दिया गया। मौके पर किसी भी तरह का विरोध ना हो इसके लिए कई थानों की फोर्स पीडीए का धवस्तीकरण दस्ता और आवास विकास बुलडोजर चलाने से पहले समान निकलवाते पुलिसकर्मी। जीटीबी नगर करेली में है यह करोड़ों का कमर्शियल प्लॉट दानिश शकील की बहन गजाला बेगम रसूलपुर की रहने वाली हैं। उसका एक कॉमर्शियल प्लॉट जीटीबी नगर करेली में है। अली के इशारे पर परवेज अख्तर अंसारी, मो. सैफ, मो. फैज, शमीम मौलाना व महफूज मंसूरी ने गजाला बेगम पर यह प्लॉट उन्हें बेचने का दबाव बनाना शुरू किया। जब उसने मना कर दिया तो फर्जी दस्तावेज तैयार कर प्लॉट पर जबरन कब्जा कर लिया गया। इसके बाद करोड़ों रुपये के इस प्लॉट को जब खाली करने की कोशिश की गई तो इसके ऐवज में 50 लाख रुपये की रंगदारी मांगी गई। कहा गया कि यह मामला अली अहमद का है। उसी के कहने पर यह सब किया गया है। अली अहमद का खास मोहम्मद फैज भूरे ने उसकी बहन गलाना को पूरे परिवार समेत जान से मारने की धमकी दी। सैफ नाम का आरोपी भी शामिल है जो धूमनगंज थाने में दर्ज कई मामलों में आरोपी है। दानिश शकील ने पुलिस को बताया कि अतीक का बेटा अली अहमद उसकी बहन की जमीन पर अपना कार्यालय खोलना चाहता है। यह बात उसके खास गुर्गे मोहम्मद फैज ने उससे कहा था। आरोपियों ने उसके भूखंड के सामने दो दुकान भी अवैघ रूप से बनवा कर जमीन कब्जा कर ली है। एसीपी करेली श्वेताभ पांडेय ने बताया कि अली अहमद समेत कुल 6 लोगों के खिलाफ रंगदारी मांगने समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले की जांच चल रही है।

# शक्ति दीदी अभियान को मुख्य धारा से जोड़ती : जूही श्रीवास्तव

**अखंड भारत संदेश**




**प्रयागराज।** महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा व सशक्तिकरण के लिए कृतसंकल्पित सामाजिक संगठन जूही सेवा संस्थान अपराध व भ्रष्टाचार मुक्त राष्ट्र की परिकल्पना हेतु प्रतिबद्ध भारत सरकार द्वारा पंजीकृत राष्ट्रीय संगठन एंटी क्राईम एंटी करप्शन सहित स्थानीय थाने से महिला बीट तथा महिला हेल्प लाइन के माध्यम से संचालित किये जाने वाले अभियान के अन्तर्गत प्रदेश का प्रतिष्ठित महाविद्यालय महिला सेवा सदन इण्टर कालेज,प्रयागराज के परिसर में कम्युनिटी पुलिसिंग एवं महिला सशक्तिकरण हेतु शक्ति दीदी अभियान के अन्तर्गत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया । जूही सेवा संस्थान की संस्थापिका जूही श्रीवास्तव ने बताया कि, महिला अपराध के रोकथाम में महिलाओं की भूमिका बहुत ही महत्वपूर्ण है उन्होंने ने बताया कि घरेलू हिंसा, छेड़छाड़, छीना झपटी सहित महिलाओं से सम्बन्धित अपराधों के समाप्त करने के लिए सबसे पहले हम महिलाओं को छात्राओं को जागरुक होना पडेगा, एंटी क्राईम एंटी करप्शन टीम की राष्ट्रीय प्रमुख अवधेश निषाद ने अपने जागरूकता उद्बोधन में कहा कि, राष्ट्र व समाज के उत्कृष्ट सृजन में महिलाओं की भूमिका अग्रणी रहतीं है, नारी शक्ति स्वरूपा है यदि नारी संकल्प कर ले तो समाज से अपराध को मिटाया जा सकता है !विद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर अमिता शुक्ला ने छात्राओं को नारी शक्ति मिशन के तहत अपनी सुरक्षा खुद करने के संबंध में जानकारी दिया.कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रभारी उप निरिक्षक बैरहना चौकी,थाना कीडगंज से राजकुमार राजू,कृष्णा सिंह,मुकेश कुमार यादव,अजय कुमारी, मणि पांडे आदी शामिल थे।

# ग्रामीण की सूझबूझ से गंगा गोमती एक्सप्रेस पलटने से बची

## लाल गोपालगंज के पास पटरी टूटने पर किसान ने लाल गमछा लहराकर रोका







**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** (प्रयाग घाट स्टेशन) से लखनऊ जाने वाले गंगा गोमती एक्सप्रेस ग्रामीण की सूझबूझ से पलटने बच गई। शुक्रवार यानी 04 अगस्त को लाल गोपालगंज स्टेशन से पहले पिलर नंबर 26/6 के पास रेल पटरी टूर्टी मिली। गांव के एक ही किसान ने अपना लाल गमछा दिखाकर चालक को ट्रेन रोकने के संकेत दिए। चालक ने सूझबूझ का परिचय देते हुए ट्रेन को तत्काल रोक दिया। इससे बड़ा हादसा होने से बचा गया। घटना उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के प्रयागराज-लखनऊ रेल खंड की है लालगोपालगंज रेलवे स्टेशन के पूर्वी केबिन के नजदीक पिलर नंबर 26/6 के पास सुबह लगभग साढ़ सात बजे जब गंगा गोमती एक्सप्रेस पहुंची तो वहां पटरी टूटी हुई थी। मौके पर पहुंचे इंजीनियरिंग विभाग के लोगों ने तत्काल पटरी पर काशन लगाकर ट्रेन को धीमी गति से आगे बढ़ाया गया। इस दौरान ट्रेन 46 मिनट खड़ी रही। ट्रेन रूकवाने वाले पप्पू ने लाल गमछा दिखाकर ड्राइवर को संकेत न दिया होता तो शायद बड़ा हादसा हो सकता था। यही कारण था कि ट्रेन रोककर जब ड्राइवर नीचे उतरा तो सबसे पहले पप्पु के पास पहुंचा और उसकी पीठ थपथपाते हुए थैंक्यू बोला। भोला का पूरा के रहने वाले पप्पू ने कहा, मैं अपने खेंति में काम करने के लिए घर से निकला था। रेलवे ट्रैक पार करते हुए अचानक मेरी नजर उस टूटी हुई पटरी पर गई तो मैं अलर्ट हो गया। जब तक गांव वालों को या अन्य किसी को सूचना देता तभी सामने प्रयागराज की तरफ गंगा गोमती ट्रेन आती दिखी। इसके बाद मैंने तुरंत अपना लाल गमछा डंडे में फंसाकर ट्रैक के किनारे खड़े होकर लहराने लगा। ट्रेन के लोको पायलट सुभाष सिंह ने बताया, लाल गोपाल गंज से पहले ट्रेन पहुंची तो एक ग्रामीण लाल रंग की झंडी दिखा रहा है। मुझे लगा कि कोई खतरा है। तत्काल मैंने ट्रेन रोक दी। फिर देखा ट्रैक में फ्रैक्चर था।

### चोरी के लैपटॉप के साथ चोर गिरफ्तार

**फूलपुर।** फूलपुर क्षेत्र के चक अब्दुल करीम उर्फ पूरे भुलई गांव में ऑनलाइन कंप्यूटर की दुकान से दिनदहाड़े चोर ने दो लैपटॉप चोरी कर फरार हो गया। चोर चोरी के कुछ ही घंटों बाद फूलपुर स्थित आईटी कंप्यूटर पर दोनों लैपटॉप का लाक खुलवाने पहुंच गया। दुकान पर पहुंचे युवक के हाव-भाव देख दुकानदार को शक हुआ तो उसने लैपटॉप के बारे में जानकारी चाहिए। तो वह कुछ बता नहीं पाया। दुकानदार ने 2 दिन पहले ही दोनों लैपटॉप अपने दुकान से रिपेयर किए थे। इसलिए उससे लैपटॉप के मालिक का पता मालूम था। उसने तुरंत चक अब्दुल करीम उर्फ पूरे भुलई गांव स्थित मंगल कंप्यूटर के संचालक मंगल सिंह विश्वकर्मा को फोन कर लैपटॉप के बारे में बताया। मंगल ने अपनी दुकान में देखा तो दो लैपटॉप गायब थे। वह तुरंत फूलपुर पहुंचकर अपने दोनों लैपटॉप को की पहचान करते हुए पुलिस को सूचित किया। फूलपुर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर चोर को गिरफ्तार कर थाने ले आई। दुकान संचालक मंगल सिंह की तहरीर पर पुलिस ने आवश्यक कार्यवाही करने का आश्वासन दिया।

# सर्वोच्च न्यायालय के फैसले को लोकतंत्र की जीत बताया : अशफाक

## सर्वोच्च न्यायालय द्वारा राहुल गांधी की सजा पर रोक लगायें जाने पर कांग्रेसियों में खुशी

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** सर्वोच्च न्यायालय द्वारा राहुल गांधी की सजा पर रोक लगाए जाने पर कांग्रेस कार्यकताओं ने एआईसीसी सदस्य अशफाक अहमद के आवास पर एक दूसरे को मिठाई। खिलाकर खुशी का इजहार किया इस मौके पर। कांग्रेस नेता डा. जगत नारायण सिंह ने न्यायालय का आभार प्रकट करते हुए कहा कि। न्यायालय द्वारा सजा पर रोक लगाया जाना बुराई पर सच्चाई की जीत है।राहुल गांधी ने नफरत के खिलाफ जो आवाज बुलंद किया वह काबिले तारीफ है।नफरत को हराकर आज मोहब्बत की जीत हुई है।जिन्होंने देश को एकजुट करने के लिए व देश में अमन चैन कायम रखने के लिए 3500 किलोमीटर की पदयात्रा किया जिससे भाजपा सरकार बौखला गई। एआईसीसी सदस्य अशफाक अहमद ने कहा कि। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा आज नफरत पर मोहब्बत की जीत हुई है।जिससे साफ जाहिर होता है।कि राहुल गांधी एक निडर नेता है।जिन्होंने नफरत के खिलाफ आवाज बुलंद की और मोहब्बत की दुकान खोली रश्मिता दुबे ने आभार प्रकट करते हुए कहा कि।माननीय सर्वोच्च न्यायालय के फैसले से जनता में खुशी की लहर देश कीजनता समझ चुकी है कि भाजपा सरकार का षडयंत्र नाकाम हो गई। इस अवसर पर विनोद कुमार विश्वकर्मा, आरती राकेश, पवन कुमार पटेल, चंद्रभान विश्वकर्मा, एडवोकेट सुमित कुमार, राधेश्याम पांडे, मोहम्मद शमीम प्रधान, मोहम्मद सद्दाम, मोहम्मद फारुख, समीर गौतम, मोहम्मद यूसुफ, मोहम्मद वसीम, अमन दुबे आदि रहे।

### सुप्रीम कोर्ट के फैसले का अधिवक्ताओं ने किया स्वागत

**मेजा।** मेजा तहसील परिसर में अधिवक्ताओं ने उच्चतम न्यायालय के निर्णय का स्वागत कर मिठाई बांटते हुए खुशी का इजहार किया। जैसे ही खबर मिली कि राहुल गांधी की सजा पर सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगा दी है। कांग्रेस के जिला महामंत्री व मेजा बार के पूर्व महामंत्री राजीव शुक्ला ने मिठाई बांटकर फैसले का स्वागत किया। कहा कि सत्यमेव जयते। आखिरकार सच की जीत हो गई। श्री शुक्ल ने कहा कि संविधान अभी जिंदा है।न्याय पर पूरा भरोसा है।बीजेपी की नफरत की राजनीति की पोल खुल गई।इस मौके पर मुख्य रूप से मेजा बार के पूर्व महामंत्री मंत्री अनिल पांडेय, वरिष्ठ अधिवक्ता हरीशंकर मिश्रा, पूर्व मंत्री रमेश मिश्रा,अब्दुल हक अंसारी, भूवनेश्वर त्रिपाठी, आनन्द दूबे, राकेश यादव,मूल चन्द्र मौर्य,रीना देवी आदिवासी महावीर यादव आदि मौजूद रहे।



### नैनो यूरिया व नैनो डीएपी को लेकर ब्लॉक सभागार में की गई गोष्ठी

**सोरांव।** शुक्रवार को सोरांव विकासखंड के सभागार में इंडियन फार्मर्स फर्टिलाइजर कोऑपरेटिव लिमिटेड प्रयागराज की तरफ से विकासखंड स्तरीय सहकारी गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में ब्लाक प्रमुख सोरांव प्रदीप पासी मौजूद रहे। तथा इस मौके पर खंड विकास अधिकारी सोरांव सुनील कुमार सिंह ने मौजूद किसानों को पैकेट वाली यूरिया के स्थान पर नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी के प्रयोग करने पर बल दिया। तथा कम लागत में अच्छी उर्वरक तथा मिट्टी को बिना नुकसान पहुंचाए उक्त यूरिया को प्रयोग में लाने के लिए कहे। वही सोरांव ब्लाक प्रमुख ने उपस्थित सभी लोगों को सरकार की उपलब्धियों को गिनाते हुए नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी खाद का प्रयोग करने के फायदे गिनाए। तथा मौजूद किसानों से कहा कि प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ के सपनों को साकार करें तथा किसानों की आय दोगुनी करने के लिए सरकार कटिबद्ध है। इस मौके पर एडीओ आलोक कटियार,खंड विकास अधिकारी सुनील कुमार सिंह सहित ब्लॉक के कर्मचारी व अधिकारी गण मौजूद रहे।


## अदालती सूचना

**न्यायालय सिविल जज वरिष्ठ श्रेणी जनपद कौशांबी**
**उत्तराधिकार वाद संख्या 27/70 सन 2023**
**शहनाज परवीन बनाम सैयद अहले मुस्तफा आदि**

उपरोक्त मुकदमे में न्यायालय सिविल जज वरिष्ठ जनपद कौशांबी ने प्रतिवादी सैयद आले मुस्तफा और जियाउल मुस्तफा पुत्र गण सैयद मोहम्मद गुफरान अली वा शगुफ्ता परवीन पुत्री सैयद मोहम्मद गुफरान अली समस्त निवासीगण नया नगर द्वितीय नगर पालिका परिषद मंझनपुर कौशांबी को 23 अगस्त 2023 को अदालत में स्वयं अथवा जरिए अधिवक्ता हाजिर होने का हुक्म दिया है प्रतिवादी गणों के अनुपस्थिति रहने पर मुकदमे का वाद एक पक्षीय रूप से सुनकर निस्तारित किया जाएगा।

**न्यायालय सिविल जज वरिष्ठ श्रेणी जनपद कौशांबी हस्ताक्षर मुद्रा सहित जारी।**

## ससुराल में युवक ने लगाई फांसी

**पट्टी, प्रतापगढ़।** एक महीने से अपनी ससुराल में रह रहा युवक गुरुवार की रात को दरवाजे के सामने पेड़ से फांसी का फंदा लगाकर अपनी जान दे दी। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के भुसहर गांव की रहने वाली विद्या देवी पुत्री रामधन की शादी के बाद उसका पति गांव में ही रहने लगा दोनों के बीच में आए दिन विवाद होता रहता था वह लगातार एक महीने से गांव में ही था गुरुवार की रात अचानक दिनेश ने दरवाजे के सामने नीम के पेड़ में फांसी का फंदा लगाकर अपनी जान दे दिया। सुबह परिवार के लोगों ने देखा तो चीखने चिल्लाने लगी इसकी सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची तो शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# दर्शनार्थियों से भरा ऑटो लोडर पलटने से दो की मौत, 13 घायल

## घुइसरनाथ दर्शन करने जा रहे थे श्रद्धालु, भेमौरा के पास हुआ हादसा



ट्रामा सेंटर के बाहर लगी परिजनों की भीड़।

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** शुक्रवार को घुइसरनाथ दर्शन करने जा रहे श्रद्धालुओ से भरा ऑटो लोडर अनियंत्रित होकर पलट गया।वाहन पर सवार एक दर्जन से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उपचार के लिए ट्रामा सेंटर भेजवाया,जहां चिकित्सकों ने दो को मृत घोषित कर दिया। अति गंभीर रूप से घायल दो महिलाओं को मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया। वहीं अन्य घायलों का इलाज ट्रामा सेंटर में चल रहा है।

संग्रामगढ थाना क्षेत्र के लालू पट्टी निवासी रामसुमेर सरोज ड्राइवर मनोज के साथ ऑटो लोडर पर पूरे परिवार के साथ बैठकर थाना क्षेत्र के सांगीपुर स्थिति घुइसरनाथ धाम दर्शन करने जा रहा था। ऑटो लोडर जैसे ही लालगंज कोतवाली के भेमौरा के पास पहुंचा की उसका डाला खुल गया और वह अनियंत्रित होकर पलट गया। वाहन पर सवार रामसुमेर (48) का नाती राघव (3) पुत्र हीरा लाल, पुत्री सीमा (18), खुशबू (22), पुत्र राजा सरोज (13) समेत पत्नी सुरसती (42) के साथ परिवार के झगरू की पत्नी राजकली (55) व पुत्र राज (12), रिंकू की पत्नी अंशु (34), पुत्र ऋषभ (2), पुत्री अंशिका (6), पूनम (40) पत्नी बसंत लाल, निशा (23) पत्नी शंकर, लालगंज के शिवा वैश्य का पुरवा निवासी कोमल (13) पुत्री सुरेश व ड्राइवर समेत सभी गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को स्थानीय ट्रामा सेंटर भेजवाया, जहां चिकित्सकों ने कोमल व सीमा को मृत घोषित कर दिया। राजकली व निशा की हालत गंभीर होने के कारण प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया गया। वहीं अन्य घायलों का इलाज ट्रामा सेंटर में किया जा रहा है। पुलिस ने मृतकों के शवों का पंचनामा करके पीएम के लिए भेज दिया। घटना को लेकर परिजनों में कोहराम मच गया। सीओ रामसूरत सोनकर ने बताया कि दुर्घटना में दो की बात हो चुकी है व अन्य का इलाज चल रहा है।

### विधायक विनोद ने जताया दुःख

लालगंज, प्रतापगढ़। दुर्घटना में लालूपटटी गांव की दो युवतियों की मौत तथा बड़ी संख्या में घायलों को लेकर बाबागंज विधायक विनोद सरोज ने दुःख जताया है। विधायक विनोद ने सभी घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। विधायक ने प्रभावित परिजनों के प्रति संवेदना जताते हुए स्वयं तथा जनसत्ता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजा भइया की ओर से हर संभव मदद का भरोसा दिलाया है।

### कानपुर हादसे के बाद भी नहीं चेता प्रशासन

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कानपुर में एक अक्टूबर 2022 को ट्रैक्टर-ट्राली से हुए भीषण हादसे में 26 की मौत के बाद भी प्रशासन लापरवाही कर रहा है, यही वजह है कि आए दिन सड़क दुर्घटनाएं बढ़ती जा रही है। जब कि घटना के बाद यातायात निदेशालय के साथ ही शासन ने ऐसी घटना की पुनरावृति न हो इस लिए सख्ती दिखाते हुए सभी जिले के अधिकारियो को मालवाहक वाहनों पर सवारियां मिले तो कार्रवाई करने का आदेश दिया था, लेकिन शासन के आदेश को जिला प्रशासन भुला बैठा, जिसका परिणाम आए दिन सामने आ रहे हैं।

# पति मंदिर में रचाने लगा शादी, पत्नी ने किया हंगामा

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, पतापगढ़।** पति चुपके से दूसरी शादी मंदिर में रचाने लगा, इसकी भनक पत्नी को हुई तो वह मंदिर पहुंची और हंगामा किया तो पति भाग खड़ा हुआ। कोतवाली क्षेत्र के रामकोला गांव की रहने वाली विवाहिता रीता पत्नी सूरज पटेल का आरोप है कि उसका विवाह हिंदू रीति रिवाज के अनुसार 2014 में हुआ था। शादी के कुछ माह बाद से ही पति द्वारा उसे तरह-तरह से प्रताड़ित किया जा रहा है।

हद तो तब हो गई जब उसका पति घर पर सौतन लेकर आ गया और उससे शादी रचाने के लिए मंदिर पहुंच गया। इसकी जानकारी जब पत्नी को हुई तो पत्नी मंदिर पर पहुंची तो पति मौके से भाग निकला जिसके पश्चात पीड़ित विवाहिता मामले की सूचना अपने मां और पिता को दी। पिता व मां के साथ शिकायत लेकर कोतवाली पहुंची। जहां पर पति के विरुद्ध गंभीर आरोपों की तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। मिली शिकायती प्रार्थना पत्र के आधार पर पुलिस मामले की जांच कर रही है। इस विषय में पट्टी कोतवाल नंदलाल सिंह से बात की गई तो उन्होंने बताया इस तरह का एक शिकायती पत्र मिला है मामले की जांच की जा रही है घटना सत्य पाए जाने पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

### सर्पदंश से किशोर की मौत, कोहराम

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** रात के समय बिस्तर पर सो रहे किशोर को सर्प ने काट लिया। आनन-फानन में परिजनों से अस्पताल ले गए लेकिन डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के भुसहर गांव के रहने वाले अरुण कुमार 17 पुत्र सूर्य प्रकाश गुरुवार की रात को बिस्तर पर सो रहा था तभी जहरीले सर्प ने उसे डस लिया जिससे वह चीख पड़ा। परिवारी जन उसे तुरंत प्रतापगढ़ जिला अस्पताल ले गए लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया अरुण की मौत के बाद परिजनों में कोहराम मच गया वही सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा करके पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# विद्युत विभाग के अधिकारी जनप्रतिनिधियों के फोन अवश्य उठायें: प्रबन्ध निदेशक

### विद्युत व्यवस्था की समस्याओं के त्वरित निस्तारण सम्बन्धी बैठक सम्पन्न

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं ऊर्जा मंत्री अरविन्द कुमार शर्मा के निदेर्शानुसार 06 अगस्त 2023 तक पूरे प्रदेश में चलाये जा रहे विद्युत उपभोक्ता एवं जन प्रतिनिधि सम्पर्क अभियान के तहत जनपद प्रतापगढ़ में विद्युत व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण एवं जन समस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु विशेष अभियान के अन्तर्गत विकास भवन के सभागार में पूर्वान्चल विद्युत वितरण निगम के प्रबन्ध निदेशक शम्भु कुमार की अध्यक्षता में बैठक की गयी।

बैठक में प्रबन्ध निदेशक ने बताया कि विद्युत व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिये जनपद प्रतापगढ़ को 20 करोड़ की धनराशि उपलब्ध करायी गयी है जिसके अन्तर्गत विद्युत क्षमतावृद्धि वाले ट्रान्सफार्मर, नये ट्रान्सफार्मर, नई विद्युत लाइन 11 केवी एलटी लाइन आदि विद्युत सम्बन्धी कार्य किये जायेगें। प्रबन्ध निदेशक ने अधीक्षण अभियन्ता विद्युत एवं अन्य विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनप्रतिनिधियों द्वारा जो भी विद्युत सम्बन्धी समस्यायें बतायी गयी है उसका निस्तारण समय सीमा के अन्तर्गत किया जाये और जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक से अनुरोध किया गया कि जो भी विद्युत भ्रष्टाचार के सम्बन्ध में जो भी शिकायतें प्राप्त होती है ऐसे मामलों के रिकार्डिंग एवं जांच के आधार पर कार्यवाही करायें। प्रबन्ध निदेशक ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि विद्युत के सम्बन्ध में 1912 पर जो भी शिकायतें दर्ज होती है उसका त्वरित गति से निस्तारण सुनिश्चित करायें, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाये और जो जनप्रतिनिधियों द्वारा सुझाव दिये गये है उनको योजना में शामिल कर हर सम्भव प्रयास किया जाये। उन्होने निर्देशित किया कि जनमानस या जनप्रतिनिधियों द्वारा विद्युत के सम्बन्ध में किसी भी प्रकार की जो भी शिकायतें दर्ज करायी जाती है उसे प्राथमिकता के आधार पर त्वरित निस्तारण करायें। विद्युत विभाग के अधिकारियों द्वारा जनप्रतिनिधियों के फोन न उठाये जाने के सम्बन्ध में शिकायत प्राप्त हुई जिस पर प्रबन्ध निदेशक ने नाराजगी जतायी और कहा कि विद्युत विभाग के अधिकारी जनप्रतिनिधियों का फोन अवश्य उठायें एवं उनकी समस्याओं का समाधान करायें इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। बैठक में विधायक विश्वनाथगंज जीत लाल पटेल, विधायक रानीगंज डा0 आर0के0 वर्मा, विधायक बाबागंज विनोद सरोज, जिलाधिकारी प्रकाश चन्द्र श्रीवास्तव, पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल, मुख्य विकास अधिकारी ईशा प्रिया, नगर पालिका अध्यक्ष हरि प्रताप सिंह, सांसद संगम लाल गुप्ता के प्रतिनिधि विवेक उपाध्याय, एमएलसी अक्षय प्रताप सिंह के प्रतिनिधि लाल साहब सिंह, विधायक सदर के प्रतिनिधि अरूण मौर्य सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।



बैठक में बोलते ऊर्जा मंत्री अरविन्द कुमार शर्मा।

## वकीलों ने सूखाग्रस्त घोषित करने की मांग को लेकर सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

### अधिवक्ताओं ने तहसील परिसर में किया विरोध प्रदर्षन

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** अवर्षण को लेकर शुक्रवार को यहां अधिवक्ताओं ने लालगंज तहसील क्षेत्र को सूखाग्रस्त घोषित किये जाने की मांग उठाई। संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने तहसील परिसर मे इकटठा होकर सूखे को लेकर अभी तक प्रशासनिक रिपोर्ट शासन को न भेजे जाने पर नाराजगी भी जतायी।

अधिवक्ताओं ने नारेबाजी करते हुए अविलम्ब तहसील क्षेत्र को सूखाग्रस्त घोषित किये जाने की मांग को लेकर परिसर मे घूम घूम कर नारेबाजी भी की। अनिल त्रिपाठी महेश की अगुवाई में एसडीएम लालधर सिंह यादव को अधिवक्ताओं द्वारा मुख्यमंत्री के नाम संबोधित सौपे गए ज्ञापन मे कहा गया है कि बरसात न होने से खरीफ की फसल की रोपाई प्रभावित हुई है। किसानों ने फसल की उपज को लेकर नुकसान से चिन्ता हो रही है। ऐसे मे मांग की गयी है कि सरकार अविलम्ब सूखाग्रस्त क्षेत्र घोषित करते हुए फसल नुकसान का आकलन कराये। ज्ञापन में किसानो को सरकार से फसल नुकसान के मुआवजे के तहत आर्थिक पैकेज दिये जाने की भी मांग पर जोर दिया गया है। ज्ञापनदाताओं मे महामंत्री धीरेन्द्र शुक्ल, टीपी यादव, ज्ञानप्रकाश शुक्ल, शैलेन्द्र सिंह, संदीप सिंह, सुशील शुक्ल, विनय जायसवाल, अखिलेश द्विवेदी, धीरेन्द्र मिश्र, अश्विनी पाण्डेय, मनीष तिवारी, विभाकर शुक्ल, मनोज शुक्ल, सुजीत त्रिपाठी, अशोक शुक्ल, तपन पाण्डेय, मो. ईसा, संतोष तिवारी आदि अधिवक्ता रहे।

## एलआईसी परिसर में मण्डल प्रबंधक ने किया वृक्षारोपण



एलआईसी कार्यालय परिसर में पौधरोपण करते मण्डल प्रबंधक।

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** कार्यालय भारतीय जीवन बीमा निगम प्रतापगढ़ में वरिष्ठ मंडल प्रबंधक कुंतल कुमार तथा मुख्य प्रबंधक दीपक चावला द्वारा वृक्षारोपण किया गया। वरिष्ठ मंडल प्रभारी ने संबोधित करते हुए आवाहन किया कि जिस तरह वृक्ष मानव जीवन के लिए बहुत ही आवश्यक हैं उसी तरह जीवन बीमा भी मानव जीवन के लिए अति आवश्यक है। उन्होंने कहा कि एलआईसी जैसे बीमा के क्षेत्र में सबसे आगे है वैसे ही वृक्षारोपण के क्षेत्र में भी सबसे आगे होना चाहिए, जिससे हम स्वस्थ, स्वच्छ एवं शुद्ध वातावरण में जी सकेंगे। शाखा के मुख्य प्रबंधक ने कर्मचारियों, विकास अधिकारियों एवं अभिकताओं से आवाहन किया कि सभी लोग अपने घर के आस-पास कम से कम एक वृक्ष अवश्य लगाएं। इस अवसर पर पी0एन0 त्रिपाठी, पी0के0 मिश्रा, पंकज सिंह, आनंद पांडे, आर0पी0 गौतम, अशीष सिंह, संतोष, आर0के0 आर्य, शकील जाफरी, राजीव शर्मा, अर्पित मिश्रा, रोहित सिंह, दीपक यादव, विवेक दुबे, अभिनव सिंह, अनुभव सिंह, अंकित, रजत, अंशिका, रिचा, अर्जुन सिंह, आर0पी0 सिंह आदि उपस्थित रहे।

## 56 राजस्व गांव सदर तहसील में जोड़े जाने पर अधिवक्ताओं ने की तालाबंदी पट्टी

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** तहसील क्षेत्र के कोहंडौर सर्कल के 56 गांव सदर तहसील में शामिल करने की सूचना पर तहसील के अधिवक्ता आक्रोशित हो उठे और तहसील में तालाबंदी कर जमकर नारेबाजी की। पट्टी तहसील क्षेत्र के 56 गांव सदर तहसील में जोड़े जाने की सूचना मिलने पर तहसील के अधिवक्ता आक्रोशित हो गए और तहसील में तालाबंदी करने के साथ ही तहसील गेट पर जमकर नारेबाजी की । पट्टी में ग्राम न्यायालय की स्थापना होने पर प्रतापगढ़ में अधिवक्ता लगातार धरना प्रदर्शन करके विरोध जता रहे थे इस पर शासन ने 56 राजस्व गांव को पट्टी तहसील से काटकर सदर में जोड़ने के लिए जिलाधिकारी ने कमिश्नर को पत्र लिखा है पत्र की कॉपी वायरल होने पर पट्टी के अधिवक्ताओं ने विरोध जताया है। इस दौरान बार एसोसिएशन पट्टी के अध्यक्ष राधारमण मिश्र, महामंत्री अनिल सिंह, एडवोकेट बिंदेश्वरी प्रसाद उर्फ बिंदु पाठक, जयसिंह यादव, नंदन चतुवेर्दी, इंद्रजीत यादव, नंदन चतुवेर्दी, रजनीश पाण्डेय, अंबरीश तिवारी, वरुण पाण्डेय उर्फ बंटी, मानस तिवारी, मनोज मिश्र, शैलेंद्र तिवारी समेत सैकड़ों की संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।

# डिग्री कालेज कालाकांकर में बीएससी एजी के विद्यार्थियों का हुआ कैम्पस सलेक्शन

### यूपीएल नर्थर रिटेल कम्पनी ने किया चयन

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** विकास क्षेत्र कालाकांकर के मदन मोहन मालवीय कालेज कालाकांकर में बीएससी (एजी) के 154 विद्यार्थियों ने यूपीएल निर्थर रिटेल कम्पनी के रीजनल मैनेजर रोहित मेहता व अखिलेश शुक्ला ने सेलेक्शन के लिए साक्षात्कार किया जिसमे कम्पनी की तरफ से 30 विद्यार्थियों का चयन किया गया जो बीएससी (एजी) चतुर्थ वर्ष (आठवें) सेमेस्टर के उत्तीर्ण विद्यार्थी थे। रीजनल मैनेजर मेहता ने बताया सभी चयन हुए विद्यार्थियों को कम्पनी मुख्यालय नई दिल्ली ले जाया जायेगा, जहां कम्पनी के प्रोडेकट कीटनाशी, कवकनाशी, खरपतवार नाशी तथा बीज के विपणन की अग्रिड कम्पनी के फामूर्ले के बारे मे जानकारी दी जायेगी। इस मौके पर प्राचार्य प्रो0 शिवम श्रीवास्तव, अनिल सिंह, आशुतोष यादव, रणजीत सिंह, नासिर जिलानी व कृषि संकाय के प्रो0 रामकरन यादव, प्रो0 सूर्यभान सिंह, प्रो0 रेखा सिंह, प्रो0 सर्वेश सिंह, प्रो0 विनीता सिंह, प्रो0 शिवभूषण अब्दुल रज्जाक अहमद, अफसार अहमद विजय कुमार आदि लोग मौजूद रहे। कम्पनी में चयनित किये सभी विद्यार्थियों को महाविद्यालय की प्रबंधिका एवं पूर्व सांसद राजकुमारी रत्ना सिंह व प्रबंध समिति के उपमंत्री डा0 घनश्याम यादव व कालेज के प्राचार्य प्रो0 शिवम श्रीवास्तव ने विद्यार्थियों के कम्पनी मे सेलेक्शन होने की सराहना किया और सभी चयनित विद्यार्थियों को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी जिस पर सभी लोगों ने तालिया बजाकर खुशी का इजहार किया।



बीएससी एजी के विद्यार्थियों का कैम्पस सलेक्शन करते कम्पनी के रीजनल मैनेजर।

## राहुल गांधी की सजा पर रोक लोकतांत्रिक मजबूती की नजीरः प्रमोद तिवारी

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** राज्य सभा में विपक्ष के उप नेता एवं कांग्रेस स्टीयरिंग कमेटी के वरिष्ठ सदस्य प्रमोद तिवारी ने राहुल गांधी की सजा पर रोक लगाए जाने को लेकर कहा है कि इस फैसले से यह साबित हो गया है कि सत्य परेशान तो हो सकता है किंतु पराजित नही हो सकता। उन्होंने कहा कि सत्यमेव जयते के मूलमंत्र के तहत यह भारतीय लोकतंत्र में सच की आवाज को मजबूती देने का ऐतिहासिक नजीर का फैसला बनेगा। श्री तिवारी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की साजिश अब देश की जनता के सामने बेनकाब हो गयी है। उन्होने कहा कि आने वाले 2024 के लोकसभा के चुनाव मे देश की जनता भाजपा को जनादेश के जरिए उसकी साजिश को लेकर सजा जरूर सुनाएगी। श्री तिवारी ने कहा कि राहुल गांधी की सजा एवं सजा की बहाली पर रोक का यह आदेश इतिहास में भी सदैव स्मरणीय रहेगा। उन्होने निर्णय पर प्रसन्नता जताते हुए कहा कि भारत जोड़ो यात्रा से राहुल गांधी की बढ़ती लोकप्रियता को देखते हुए भाजपा की ओर से जो घिनौनी साजिश रची गयी थी वह पूरी तरह से नेस्तनाबूत हो गयी है। उन्होने कहा कि अब फिर राहुल गांधी की लोकतांत्रिक मूल्यों को लेकर लोकसभा मे गर्जना से भाजपा नीति मोदी सरकार के भ्रष्टाचार के अनावरण के भी संघर्ष की आवाज और प्रखर दिखेगी।



धार्मिक स्थल पर जाने वाले श्रद्धालुगण।

## धार्मिक स्थलों के लिए यात्रियों का दल रवाना

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** धार्मिक यात्रा के लिए आठवी निःशुल्क यात्रा को झंडी दिखाकर रवाना किया गया। हर वर्ष चैकियां विंध्याचल की यात्रा कराने के लिए यात्रियों के दल को रवाना किया गया। यह लगातार आठवीं निशुल्क यात्रा मां चैकिया और विंध्याचल की दर्शन के लिए लगभग 60 लोग निशुल्क यात्रा में शामिल हुए। यह यात्रा सैफाबाद के राणा अभिषेक गोल्डी सिंह के द्वारा हर वर्ष कराई जाती है यह यात्रा शाम को बस और डीजे के साथ पूरे सैफाबाद बाजार में पद यात्रा की गई । इस यात्रा में रामफेर प्रधान, गिरीश जयसवाल जिला पंचायत सदस्य यात्रा का स्वागत किया। इस यात्रा में 41 महिला और 19 पुरुष शामिल हुए। राणा अभिषेक, गोल्डी प्रधान, आशुतोष सिंह, गौरव, प्रदीप पांडे, विमल पांडे, सचिन पांडे, मदन वर्मा, राजेश वर्मा, विजय गुप्ता, अशोक सिंह अध्यापक आदि लोग सम्मिलित थे।

## भाविप ने किया औषधीय पौधों का वितरण



एमडीपीजी कालेज में औषधीय पौधे वितरित करते आयोजकगण।

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** भारत विकास परिषद् विशाल शाखा ने शुक्रवार को नगर के मुनीश्वर दत्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आयोजित औषधीय पौधारोपण एवं वितरण कार्यक्रम में शाखा संरक्षक उदयभानु सिंह एवं अध्यक्ष गिरजा शंकर मिश्रा के नेतृत्व में तुलसी, गिलोय, पारिजात, सहित अनेक पौधे वितरित और रोपित किया गया।

गिरजा शंकर मिश्रा और डॉ पीयूष कांत शर्मा ने इन पौधों के गुण बताते हुए कहा कि हमारे देश में ऋषि मुनियों ने औषधियों के सेवन पर अनेक ग्रंथ लिखे हैं, किन्तु सैकड़ों वर्षो की गुलामी में आक्रामक लोग ग्रंथों को उठा ले गए या नष्ट कर दिए। अब औषधीय ज्ञान को बढ़ाने एवं पुनः खोजबीन करने में जागरूकता आई है। इस मौके पर गोविन्द खण्डेलवाल, कविता केसरवानी, अश्विनी केसरवानी, अभय खण्डेलवाल, शरद केसरवानी, डी.एन.चड्ढा, अनुपमा, धीरज उपाध्याय सहित पतंजलि के अनेक सहयोगीगण उपस्थित रहे।

# कौशाम्बी संदेश

## खबर संक्षेप

### घर के बाहर बंधी गाय खोल ले गए पशु चोर

**कौशांबी।** मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के पुलिस चौकी शमशाबाद अंतर्गत मलाक पींजरी गांव के मजरा चकिया में कमल सिंह पुत्र मोहन सिंह के घर के बाहर दरवाजे पर बंधी गाय को बीती रात पशु चोर खोल ले गए हैं गाय चोरी जाने की जानकारी मिलने पर परिवार के लोगों ने काफी खोजबीन की लेकिन कोई सुराग नहीं लगा है कमल सिंह ने बताया कि चोरी गई गाय की कीमत 70 हजार रुपए है मामले की सूचना कमल सिंह ने शमसाबाद चौकी पुलिस को दिया है लेकिन खबर लिखे जाने तक चोरी गई गाय का सुराग नहीं लग सका है जिले में इन दिनों पशुओं को चोरी किए जाने में पशु चोर गैंग के सदस्य तेजी से सक्रिय हैं एक सप्ताह पहले करारी क्षेत्र के अर्का पुलिस चौकी इलाके में पशु चोरी करके ले जाते हुए पशु चोर को भैस वा उसके बच्चा के साथ ग्रामीणों ने पकड़ लिया था मामले की सूचना भी पुलिस को दी गई थी इसके पहले भी करारी क्षेत्र के बंधवा कल्याण गांव सहित विभिन्न क्षेत्रों में पशु चोरी की कई घटनाएं हो चुकी है लेकिन पशु चोरों पर पुलिस कार्यवाही नहीं करती दिख रही है जिससे पशु चोर गैंग के सदस्यों के हौसले बुलंद हैं और आए दिन पशु चोरी होने की घटनाओं से पशुपालक के साथ-साथ किसान परेशान हैं।

# प्रेमी से पति बने युवक ने परिजनों संग की विवाहिता की हत्या

## विवाहिता की लाश गायब करने के बाद ताला बंद करके पूरा परिवार हुआ फरार

अखंड भारत संदेश



**कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के खोजवा पुर गांव का एक युवक कुछ वर्षों पूर्व दूसरे गांव की एक युवती को प्रेम जाल में फंसा कर लेकर फरार हो गया था युवती के पिता ने मामले की सूचना पुलिस को दी थी लेकिन दोनों बालिग होने के चलते पुलिस मामले में कुछ नहीं कर सकी और दोनों प्रेमी युगल ने साथ जीने मरने की कसम खाकर शादी कर ली जीविकोपार्जन के लिए प्रेमी युगल दिल्ली चले गए जहां 2 साल से प्रेमी युगल रह रहे थे लेकिन इसी बीच मायके से दहेज लाने की डिमांड शुरू हो गई विवाहिता के पिता ने दहेज देने से असमर्थता जताई जिससे दांपत्य जीवन में विवाद बढ़ने लगा युवती को भगा कर शादी करने के मामले को लेकर युवक के परिजन भी लोक लाज मान सम्मान का लगातार हवाला देते रहें जिससे दांपत्य जीवन में लगातार विवाद बढ़ता गया 30 जुलाई को दोनों दिल्ली से वापस कोखराज थाना क्षेत्र के खोजवापुर गांव लौटे दो दिन पहले विवाहिता की हत्या कर लाश गायब कर दी गई है पूरे गांव में जन जन की जुबान में इस बात की चर्चा है मामले की जानकारी विवाहिता के पिता को लगी तो कोखराज थाना पहुंचकर विवाहिता के पिता ने युवक और उसके पिता समेत चार लोगों के विरुद्ध तहरीर दिया है शिकायती पत्र मिलने के बाद पुलिस ने विवाहिता की हत्या कर लाश गायब करने के मामले में 4 लोगों के विरुद्ध नामजद मुकदमा दर्ज कर लिया है युवक के घर में ताला बंद है पूरा परिवार फरार है जिनकी तलाश सरगर्मी से पुलिस कर रही है। जानकारी के मुताबिक पिपरी थाना क्षेत्र के चलोली गांव निवासी शंकर लाल पुत्र छोटेलाल की बेटी मनीषा उम्र 24 वर्ष 2 वर्ष पहले कोखराज थाना क्षेत्र के खोजवा पुर गांव निवासी मानसिंह पुत्र मंगल प्रसाद के साथ फरार हो गई थी बेटी के फरार होने पर शंकरलाल ने पुलिस से फरियाद की पुलिस ने दोनों को खोज निकाला लेकिन बातचीत के दौरान दोनों ने बालिक होने का प्रमाण पत्र दिया और साथ जीने मरने की कसम खाई बॉलिंग होने के चलते पुलिस दोनों को अलग नहीं कर सकी और दोनों ने शादी कर ली जीविकोपार्जन के लिए मनीषा अपने पति मानसिंह के साथ दिल्ली चली गई लेकिन प्रेमी से पति बने मानसिंह और मनीषा के बीच कुछ दिन में ही विवाद की खाई खिंच गयी दोनों के बीच मारपीट विवाद होने लगा दहेज की डिमांड शुरू हो गई बेटी के पिता ने गरीबी का हवाला देकर दहेज देने में असमर्थता जताई जिससे मनीषा के साथ अत्याचार बढ़ गया आए दिन मारपीट होने लगी मनीषा ने मामले की जानकारी पिता और भाइयों को दी लोगों ने समझाया बुझाया भी लेकिन कोई फर्क नहीं पड़ा 30 जुलाई को पति के साथ मनीषा खोजवापुर गांव वापस लौटी जहां 2 दिन बाद मनीषा की हत्या कर लाश बोरे में भरकर गायब कर दी गई है मामले की जानकारी मिलते ही मनीषा के पिता कोखराज थाने पहुंचे पिता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है पुलिस लाश की खोजबीन में लगी है लेकिन खबर लिखे जाने तक लाश नहीं मिल सकी है बताया जाता है कि मनीषा की हत्या के बाद उसका पति फरार हो गया है पूरे घर में ताला बंद है पुलिस आरोपियों की तलाश में सरगर्मी से लगी है लेकिन खबर लिखे जाने तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है।



# जिले में घर-घर खिलाई जाएगी फाइलेरिया से बचाव की दवा : मुख्य चिकित्साधिकारी

### 10 अगस्त से शुरू होगा सर्वजन दवा सेवन अभियान स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान में सीफार के सहयोग से मीडिया कार्यशाला आयोजित

**कौशाम्बी।** जनपद में 10 अगस्त से मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन कार्यक्रम (आईडीए) यानि सर्वजन दवा सेवन अभियान शुरू हो रहा है। इस अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग की टीम घर-घर जाकर फाइलेरिया से बचाव की दवा का सेवन कराएगी। इसके साथ ही फाइलेरिया बीमारी के प्रति लोगों को जागरूक भी करेगी। यह कहना मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ सुष्पेंद्र कुमार का है डॉ. सुष्पेंद्र शुक्रवार को जनपदस्तरीय मीडिया कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान में सेंटर फॉर एडवोकेसी एंड रिसर्च (सीफार) संस्था के सहयोग से आयोजित कार्यशाला में सीएमओ ने अभियान में सहयोग के लिए जनसमुदाय से अपील भी की। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि फाइलेरिया एक लाइलाज बीमारी है लेकिन इससे बचाव संभव है। साल में सिर्फ एक बार और लगातार पांच साल तक दवा खा लेने से हमें यह बीमारी होने की आशंका न के बराबर होती है। उन्होंने बताया कि इस बीमारी के लक्षण पांच से 15 वर्ष बाद दिखते हैं। यह बीमारी मच्छर के काटने से होती हैं और अमीर, गरीब, बच्चे या बुजुर्ग किसी को भी हो सकती है। इसलिए स्वास्थ्य विभाग की टीम के सामने ही फाइलेरिया रोधी दवा खाएं और खुद को सुरक्षित रखें। उन्होंने कहा कि 10 अगस्त से शुरू हो रहे फाइलेरिया उन्मूलन अभियान में वह खुद दवा खायेंगे उन्होंने पत्रकारों और छायाकारो से भी फाइलेरिया रोधी दवा खाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में उपस्थित जिला मलेरिया अधिकारी अनुपमा मिश्रा ने बताया कि जनपद में अब तक फाइलेरिया के 1045 मरीज चिन्हित किये गए हैं । इनमें 658 लिम्फोडिमा और 387 रोगी हाईड्रोसील के हैं । जिले की आबादी करीब 18 लाख 19 हजार है इस बार के सामूहिक दवा सेवन कार्यक्रम में जिले में एक वर्ष से कम उम्र के बच्चों, गर्भवती और अति गंभीर रूप से बीमार व्यक्तियों को छोड़कर सभी लोगों को दवा खिलाने का लक्ष्य रखा गया है। 1640 टीमों के जरिये बूथ एवं घर-घर जाकर दवा सेवन सुनिश्चित करवाया जाएगा। राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ रामानुज कन्नौजिया ने बताया कि फाइलेरिया रोधी दवा स्वास्थ्य विभाग की टीम के सामने ही खानी है। दवा का वितरण बिल्कुल भी नहीं किया जाएगा। इन दवाओं का सेवन खाली पेट नहीं करना है। डब्लूएचओ के डॉ निशांत ने बताया कि फाइलेरिया रोधी दवाएं पूरी तरह सुरक्षित हैं। हालांकि इन दवाओं का कोई विपरीत प्रभाव नहीं है फिर भी किसी को दवा खाने के बाद उल्टी, चक्कर, खुजली या जी मिचलाने जैसे लक्षण होते हैं तो यह इसका प्रतीक हैं कि उस व्यक्ति के शरीर में फाइलेरिया के परजीवी मौजूद हैं, जो कि इन दवाओ के सेवन के उपरांत इन परजीवियों के मरने के कारण उत्पन्न होते हैं। सामान्यतः यह लक्षण स्वतः समाप्त हो जाते हें लेकिन ऐसी किसी भी परिस्थिति के लिए प्रशिक्षित रैपिड रिस्पॉन्स टीम तैनात रहेंगी और उन्हें उपचार के लिए तुरंत भेजा जायेगा। इस दौरान पाथ के नेग्लेक्टेड ट्रापिकल डिसीज डिवीजन कोआर्डिनेटर डॉ शास्वत ने प्रेजेंटेशन के माध्यम से फाइलेरिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर डीआईओ डॉ हिंद्र प्रकाश मणि, डीपीएम ओपी राव, सहायक मलेरिया अधिकारी धीरेन्द्र कुमार सिंह मलेरिया निरीक्षक रवि कुमार विश्वकर्मा , मलेरिया निरीक्षक कुमार राहुल , पीसीआई से बालेन्द्र, यूनीसेफ डीएमसी प्रदीप पाल और सीफार की टीम मौजूद रही। कार्यशाला में उपस्थित लोगों ने फाइलेरिया उन्मूलन के लिए फाइलेरिया रोधी दवा सेवन की शपथ भी ली।

# सानिध्य धर द्विवेदी ने थाईलैंड में फाइनल मैच जीत कर ट्रॉफी भारत के नाम की

## अधिवक्ता के भतीजे की इस सफलता पर अधिवक्ताओं समेत तमाम लोगों ने व्यक्त किया हर्ष






अखंड भारत संदेश

**टेडीमोड कौशाम्बी।** जिले के सिराथू तहसील के गौसपुर नवावा निवासी शैलेंद्र धर द्विवेदी परिवार सहित लखनऊ में रहते हैं शैलेंद्र धर द्विवेदी के भाई बालेंद्र धर द्विवेदी सिराथू तहसील अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष हैं शैलेंद्र धर द्विवेदी का पुत्र सानिध्य घर द्विवेदी ने इंटरनेशनल सॉफ्ट टेनिस फेडरेशन वर्ल्ड टूर थाईलैंड में फाइनल मैच जीत कर ट्रॉफी भारत के नाम की है। सानिध्य धर द्विवेदी का चयन इंटरनेशनल सॉफ्ट टेनिस फेडरेशन वर्ल्ड टूर 2023 (आईएसटीएफ) में हुआ था जिसमे 26 जुलाई से 30 जुलाई 2023 तक मैच कई देशों के बीच थाईलैंड में खेला गया इस इंटरनेशनल सॉफ्ट टेनिस मैच प्रतियोगिता में भारत की ओर से कौशाम्बी के सिराथू तहसील के गौसपुर नवावा गांव निवासी सिराथू बार एसोसिएशन के अध्यक्ष बालेंद्र धर द्विवेदी एडवोकेट के भतीजे सानिध्य धर द्विवेदी ने फाइनल मैच जीत कर ट्रॉफी भारत के नाम की है सानिध्य की इस सफलता पर चारों ओर जश्न का माहौल है। सानिध्य धर द्विवेदी की इस सफलता से लोगों में खुशी का माहौल है सफलता पर सानिध्य को अंग वस्त्र देकर माल्यार्पण कर मिठाई खिलाकर उन्हें बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की गई है सानिध्य गुरुवार को थाईलैंड से वापस घर आए तो बधाई का तांता लगा रहा बधाई देने वालों मे पूर्व विधायक ब्रजेश सौरभ मिश्रा पूर्व विधायक मऊ मानिकपुर आनन्द शुक्ला पूर्व सलाहकार मुख्यमंत्री अभिषेक कौशिक बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष नर नारायण मिश्रा एडवोकेट मनु देव त्रिपाठी पूर्व अध्यक्ष राकेश जयसवाल एडवोकेट अशोक कुमार उर्फ भोला मिश्रा एडवोकेट इंद्र नारायण पांडेय एडवोकेट पारसनाथ ओझा एडवोकेट सत्यनारायण यादव एडवोकेट दिलीप पांडेय एडवोकेट शत्रुघ्न मिश्रा एडवोकेट बालेंद्र धर द्विवेदी एडवोकेट सहित लोगों ने सफलता पर उन्हें बधाई देते हुए हर्ष व्यक्त किया है।

# सघन मिशन इन्द्रधनुष-5.0 अभियान का प्रथम चरण 7 से 12 अगस्त तक होगा संचालित

अखंड भारत संदेश

**जानलेवा बीमारियों से बचाव के लिए अपने बच्चों को सभी टीके अवश्य लगवायें**

**कौशाम्बी।** टीकाकरण कवरेज के प्रतिशत को बढ़ाने के लिए सघन मिशन इन्द्रधनुष-5.0 अभियान का प्रथम चरण दिनांक 07 अगस्त से 12 अगस्त 2023 तक चलाया जा रहा है यह जानकारी मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 सुष्पेन्द्र कुमार ने देते हुए बताया कि ह्लसघन मिशन इन्द्रधनुष-5.0 में 0 से 5 वर्ष की आयु तक के टीकाकरण से वंचित बच्चों और लक्षित गर्भवती महिलाओं को शामिल किया गया है। मीजल्स रूबेला उन्मूलन के दृष्टिगत विशेष रूप से एम0आर0-1 एवं एम0आर0-2 के साथ पी0सी0वी0 एवं एफ0आई0पी0वी0-3 खुराक के कवरेज में सुधार के साथ-साथ डीपीटी-1 बूस्टर एवं डीपीटी-5 वर्ष एवं टी0डी0 10/16 वर्ष के कवरेज पर विशेष ध्यान दिया जायेगा। उन्होंने बताया कि मिशन इन्द्रधनुष अभियान के तहत 1016 नियोजित सत्रां की संख्या निर्धारित की गई है। कुल लक्षित 0 से 05 वर्ष तक के बच्चों की संख्या 9976 तथा कुल लक्षित गर्भवती महिलाओं की संख्या 2417 है। उन्होंने आमजन से आवाह्न किया है कि जानलेवा बीमारियों से बचाव के लिए अपने बच्चों को सभी टीके अवश्य लगवायें।

## न्यूज झरोखा

### डायट प्राचार्य का महिला शिक्षकों ने किया स्नेहिल शिष्टाचार भेंट



**कौशाम्बी।** नव नियुक्त डायट प्राचार्य श्रीमती भारती त्रिपाठी से महिला शिक्षक संघ कौशांबी के पदाधिकारियों द्वारा स्नेहिल शिष्टाचार भेंट की गई। जिसमें जिला अध्यक्ष श्रीमती सोनी केसरवानी व संगठन की अन्य पदाधिकारियों द्वारा माल्यार्पण व बुके देते हुए उनका स्वागत किया साथ ही साथ प्राचार्य का मुंह भी मीठा किया गया सरल स्वभाव की धनी श्रीमती भारती त्रिपाठी ने महिला शिक्षक संघ ,कौशांबी की जिला अध्यक्ष श्री मती सोनी केशवानी को आश्वासन देते हुए कहा कि कोई भी समस्या आती है तो हम उसका पूरा समाधान करने की कोशिश करेंगे ऐसा आश्वासन प्राचार्य के द्वारा दिया गया।महिला शिक्षक संघ की पदाधिकारियों में जिला अध्यक्ष श्रीमती सोनी केशरवानी, मीडिया प्रभारी शालिनी सिंह ,कोषाध्यक्ष मुन्नी देवी ,जिला उपाध्यक्ष मीरा यादव उपस्थित रही।

### राहुल गांधी की सदस्यता बहाल होने पर कांग्रेसियों में जश्न



**कौशाम्बी।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष वायनाड से सांसद राहुल गांधी की सदस्यता बहाल होने पर शुक्रवार को कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष आशीष कुमार पप्पू मिश्रा ने जनपद मुख्यालय में खुशी का इजहार करते हुए मिठाई का वितरण किया है इस मौके पर उन्होंने कहा कि राहुल गांधी की सदस्यता बहाल होना लोकतंत्र की जीत है उन्होंने कहा कि राहुल गांधी की सजा गलत ही थी, ये केस पहली ही सीढ़ी पर खारिज होना था. राज हमारा सिस्टम उनका कहने वाले भले कुछ भी कहें पर सुप्रीम कोर्ट ने वही किया जो शुरूआत में ही हो जाना था. बाकी भगत मंडली के लिए ये सुप्रीम कोर्ट के चरित्र हनन करने के अपने आकाओं के एजेंडे का एक और मौका है । इस मौके पर आशीष कुमार पप्पू मिश्रा जिला उपाध्यक्ष बरसाती लाल पंडा महासचिव राजकुमार यादव पिछड़ा वर्ग जिला अध्यक्ष यूथ के अध्यक्ष अंकुर शुक्ला कौसलेश द्विवेदी सत्य प्रताप सिंह सत्येंद्र प्रताप सिंह राजेंद्र त्रिपाठी युगल किशोर त्रिपाठी आरके मिश्रा सचिन शुक्ला महेंद्र मिश्रा शशि त्रिपाठी सहित सैकड़ों लोग इस मौके पर मौजूद है।

# आधा दर्जन दबंगों ने मां-बेटी पर किया जानलेवा हमला

अखंड भारत संदेश



**करारी कौशांबी।** करारी थाना क्षेत्र के मीरापुर गांव में महिला अपने चबूतरे को पानी से धो रही थी सड़क के किनारे नाली ना होने से चबूतरे का पानी सड़क पर बह गया है इसी बात पर गांव के दबंगों ने महिला को लाठी डंडों से बेरहमी से पीटा है बीच-बचाव करने आई महिला की बेटी को भी दबंगों ने बेरहमी से पीटा है जिससे मां बेटी दोनों को गंभीर चोटें आई हैं घायल अवस्था में मां बेटी को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया है मामले की सूचना पुलिस को दी गई है खबर लिखे जाने तक हमलावरों के विरुद्ध मुकदमा नहीं दर्ज हुआ है और उसकी गिरफ्तारी नहीं हुई है जानकारी के मुताबिक करारी थाना क्षेत्र के मीरापुर गांव की आसमा बीवी पत्नी नियाज अली गुरुवार की सुबह अपने चबूतरे को पानी से धो रही थी नाली ना होने से पानी सड़क पर बह रहा था इसी बात पर गांव के भैय्यान पुत्र फतेह मोहम्मद अपने बेटे नईम कय्यूम नसीम लाठी डंडा लेकर महिला के घर पहुंच गए गाली गलौज करते हुए महिला पर लाठियों से हमला कर दिया मां की चीख-पुकार सुनकर उसकी बेटी कुलसुम बीच-बचाव करने पहुँची जिस पर दबंग पिता पुत्रो ने बेटी पर ईट पत्थर फेंकना शुरू कर दिया इस हमले में मां बेटी दोनों को गंभीर चोटें आई हैं खून से लथपथ मां बेटी को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया है मामले की सूचना करारी थाना पुलिस को दी गई है लेकिन 24 घंटे से अधिक बीत जाने के बाद पुलिस ने मामले में मुकदमा नहीं दर्ज किया है खबर लिखे जाने तक आरोपियों की गिरफ्तारी पुलिस नहीं कर सकी है।

### कोचिंग पढ़ने गयी छात्रा फरार

**कौशाम्बी।** कोचिंग पढ़ने के लिए घर से निकली छात्रा कोचिंग नहीं पहुंची और फरार हो गयी किसके साथ फरार हुई है यह घर वालो को पता नहीं चला जब कोचिंग का समय पूरा हो जाने के बाद लड़की घर नहीं पहुंची तो घर वालो परेशान हुए काफी खोजबीन किया लेकिन पता नही लगा परिजनों ने मामले की सूचना पुलिस को दिया है जानकारी के मुताबिक चरवा थाना क्षेत्र अंतर्गत चंदाई तारा गांव की छात्रा शुक्रवार को दोपहर कोचिंग पढ़ने के लिए घर से निकली हैं लेकिन छात्रा कोचिंग नहीं पहुँची घर वालो का कहना हैं कि लड़की अपने साथ घर में रखे हुए जेवरात समेत बैंक पास बुक ले गई है।

### पिपरी क्षेत्र में लगता है जुआरियो का जमघट

**कौशाम्बी।** पिपरी थाना क्षेत्र के तिल्हापुर मोड़ बाजार के पीछे लगभग 500 मीटर की दूरी पर ससुर खदेरी नदी की तरफ जुए की लम्बी फड़ बैठती है बाहरी जुआरियों का यहां जमघट लगता है किसके इशारे पर जुए की फड़ का संचालन हो रहा है क्या इस जुए की फड़ से पिपरी पुलिस अनजान है या फिर सब कुछ सिस्टम के तहत हो रहा है।

# साधन के इंतजार में खड़े वृद्ध को अज्ञात डीसीएम ने मारी टक्कर

**गंभीर घायल बृद्ध को इलाज के लिए परिजन ले गए प्रयागराज**

अखंड भारत संदेश

**अझुवा कौशांबी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के नवीन मंडी अझुवा के सामने राष्ट्रीय राजमार्ग पर प्रयागराज से कानपुर जाने वाले मार्ग पर साधन के इंतजार में खड़े वृद्ध ज्ञान सिंह यादव उम्र 60 वर्ष पुत्र राजाराम यादव निवासी वार्ड नंबर 6 कृष्णा नगर अझुवा को अज्ञात तेज रफ्तार डीसीएम टक्कर मारकर फरार हो गया जिससे वृद्ध के दाहिने पैर के जांघ के पास हड्डी टूट गई और दाढ़ी में गंभीर चोट आई सूचना पर मौके पर पहुंचे परिजनों ने वृद्ध को नजदीकी अस्पताल में दिखाया जहां से गंभीर स्थिति देख परिजन इलाज हेतु प्रयागराज ले गए चले गए है।




### ट्रक और ट्रेलर में भिड़ंत, ट्रेलर का चालक घायल

**टेढ़ीमोड़ कौशाम्बी।** सैनी थाना क्षेत्र के गुलामीपुर में ट्रक और ट्रेलर की भिडंत में ट्रेलर का चालक घायल हो गया जिसे इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया ट्रेलर चालक टीकाराम पुत्र रोड़ाराम निवासी पनारी थाना राजीव अलवर राजस्थान से ट्रेलर लेकर बिहार जा रहा था । शुक्रवार की सुबह करीब सात बजे जैसे ही वह सैनी थाना के गुलामीपुर गांव के पास पहुंचा की भैरोपुर मोड़ के पास उधर एक ट्रक निकलकर हाइवे पार कर सैनी की तरफ जा रहा था । रफ्तार तेज होने के कारण अचानक सामने ट्रक दिखने से ट्रेलर अनियंत्रित होते हुए ट्रक के पिछले हिस्से से टकराता हुआ डिवाइडर के ऊपर चढ़ गया। टक्कर लगने से ट्रेलर चालक घायल हो गया जिसे आसपास रहे लोगों ने इलाज के लिए एंबुलेंस से अस्पताल भिजवाया। जानकारी मिलने पर पहुंची सैनी पुलिस ने ट्रेलर को सड़क से बाहर कराया है।

# राजनीतिक दखल के चलते अपराधियों का बढ़ा हौसला आए दिन हो रहा पुलिस पार्टी पर हमला

अखंड भारत संदेश

**पुलिस मुठभेड़ के बाद अपराधियों पर मुकदमा दर्ज करने की कार्रवाई तक सीमित रह गई पुलिस , आखिर कैसे टूटेगा अपराधियों का मनोबल महकमे के अफसरों के लिए यह गहन मंथन का विषय**



**कौशाम्बी।** योगी सरकार में कथित राजनीतिक दखल के चलते अपराधियों के मनोबल दिनों दिन बढ़ते जा रहे हैं मामूली बातों पर अपराधी पुलिस पार्टी पर फायर कर पुलिस जवानों का मनोबल तोड़ रहे हैं आंकड़ों की बात करें तो पूर्व के बहुजन समाज पार्टी की मायावती और समाजवादी पार्टी के अखिलेश यादव और मुलायम सिंह यादव के कार्यकाल से अधिक भारतीय जनता पार्टी के योगी आदित्यनाथ की सरकार में पुलिस जवानों पर अपराधियों ने हमले किए हैं पुलिस टीम पर हमले के बाद अपराधियों पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस उन्हें जेल भेज देती है कुछ दिन बाद उन अपराधियों की फिर जमानत हो जाती है और वह बाहर आकर फिर मौज मस्ती करते हैं। आंकड़े बताते हैं कि योगी सरकार के कार्यकाल में कौशाम्बी जनपद में सब से अधिक पुलिस पार्टी पर हमले हुए हैं जो बड़ी चिंता का विषय है पुलिस अफसरों को इस पर गहन चिंतन कर अपराधियों का मनोबल तोड़ने की जरूरत है लेकिन योगी सरकार में अपराधियों का मनोबल टूटता नहीं दिख रहा है और आधुनिक असलहों से लैस पुलिस फोर्स की टीम पर आए दिन अपराधी तमंचे से फायर कर देते हैं इसे अपराधियों का बढ़ता हौसला कहेंगे कि जहां अत्याधुनिक असलहे लेकर पुलिस पार्टी फील्ड में भ्रमण कर रही हो वही चिरकुट दिखने वाले अपराधी तमंचा से आए दिन फायर कर रहे हैं सवाल उठता है कि इन अपराधियों को किस का कथित राजनैतिक संरक्षण प्राप्त है पुलिस पार्टी पर लगातार हमले के बाद चारों और योगी सरकार की किरकिरी हो रही है लेकिन उसके बाद अपराधियों को संरक्षण देने से कथित नेता बाज नहीं आ रहे हैं शुक्रवार को फिर चरवा थाना पुलिस पर पशुओं की खरीद बिक्री के व्यापार लगे पशु व्यापारियों द्वारा पुलिस टीम पर हमला कर दिया गया हालांकि पुलिस का कोई जवान घायल नहीं हुआ है अपराधी भी फरार हो गए हैं केवल पुलिस के वाहन में गोली लगी है लेकिन सवाल उठता है कि तमंचा लेकर चलने वाला अपराधी का मनोबल कैसे बढ़ा कि आधुनिक हथियारों से लैस पुलिस टीम पर लगातार हमला किया जा रहा है या फिर थाना पुलिस केवल मुठभेड़ की कहानी बयां करने लगती है जिससे योगी सरकार के बेहतर कानून व्यवस्था पर बड़े सवाल खड़े हो रहे हैं जो बड़ी जांच का विषय है लेकिन कुछ भी हो जिस तरह से योगी सरकार में पुलिस पार्टी पर हमले की घटनाएं बढ़ी हैं यह शर्मनाक के साथ-साथ चिंता का विषय है।

# दबंगो ने सभासद को दी जान से मारने की धमकी

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** चरवा थाना क्षेत्र अंतर्गत नगर पंचायत चरवा के सभासद को दबंगों ने जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गाली गलौज देते हुए जान से मारने की धमकी दी है नगर पंचायत चरवा के वार्ड नंबर 10 चंद्रशेखर नगर के सभासद मनीष कुमार पुत्र रामानन्द ने चरवा थाना प्रभारी को शिकायती प्रार्थना देकर बताया कि घटना दिनांक 4 अगस्त को सुबह करीब 9:00 बजे की है जब सभासद मनीष कुमार अपने वार्ड में साफ सफाई का काम करवा रहा था कि तभी सफाई कर्मी सूरज कुमार व मंगली पाल को ओदार पुर के राम भवन , शिव भवन, इंद्र भवन व बृज भवन व चंद्रभवन पुत्रगण स्वर्गीय सुंदरलाल ने पानी की निकासी हेतु मिट्टी काटने को लेकर गाली गलौज करने लगे जिसमें सभासद मनीष कुमार बीच-बचाव करने गया तो मनीष के साथ भी उक्त दबंग लोग जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गाली गलौज व मारपीट करने पर आमादा हो गए और गाली देते हुए धमकी दी कि साले चमार बहुत बड़ा नेता बन गया है आज मुझको सबक सिखा देंगे और कहीं शिकायत किया तो तुझको जान से मार डालेंगे घटना की सूचना सभासद मनीष कुमार द्वारा चरवा थाना प्रभारी को शिकायती प्रार्थना पत्र देकर सूचित किया मामले की शिकायत प्रार्थना पत्र पाकर पुलिस जांच में जुट गई है। गौरतलब है कि क्या कोई अनुसूचित जाति का सभासद वार्ड के विकास कार्य को कराने जाता हैं तो उसे उसकी जाति क्यो याद दिलाई जाती है उक्त घटना में मनीष कुमार तो अपने वार्ड की जनता के हित में कार्य करने गया था तो क्यों उसको जाति सूचक शब्दों से प्रताड़ित किया गया मामले को गंभीरता से लेना चाहिए ताकि कोई भी आगे ऐसी हरकत न करें। हालाकि की पुलिस इस मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच में जुट गई है।

## संपादकीय

# मोदी को कितनी टक्कर देगा विपक्ष का इंडिया

रमेश सर्राफ धमोरा

**पिछले** नौ वर्षों से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा नीत एनडीए गठबंधन को चुनौती देने के लिए कांग्रेस सहित देश के 26 विपक्षी दलों के नेताओं ने एक नए राजनीतिक गठबंधन बनाने की घोषणा की है। बेंगलुरु में आयोजित विपक्षी दलों की बैठक में शामिल हुए दलों ने कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूपीए के स्थान पर इंडियन नेशनल डेवलपमेंट इंक्लूसिव अलायंस (इंडिया) के नाम पर एक नया गठबंधन बनाया है। विपक्ष के इंडिया गठबंधन के संयोजक की घोषणा अभी तक नहीं हो पाई है। विपक्ष का कहना है कि उनका इंडिया गठबंधन पहले के यूपीए की तुलना में अधिक मजबूत है। इसमें ऐसे राजनीतिक दल भी शामिल है जो अभी तक आपस में एक दूसरे के विरोधी रहे हैं। कांग्रेस के धुर विरोधी रहे अरविंद केजरीवाल इंडिया गठबंधन में शामिल है। पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी के कट्टर विरोधी वामपंथी दल व कांग्रेस भी इंडिया गठबंधन में एक साथ शामिल हुए है। केरल में आमने-सामने चुनाव लड़ने वाली कांग्रेस व वामपंथी दल एकजुट नजर आ रहे हैं। इंडिया गठबंधन में कांग्रेस अध्यक्ष मलिकार्जुन खरगे, सोनिया गांधी, मराठा क्षत्रप शरद पवार, लालू प्रसाद यादव, नीतीश कुमार, ममता बनर्जी, उद्धव ठाकरे, अरविंद केजरीवाल, फारूक अब्दुल्ला, हेमंत सोरेन, एमके स्टालिन, सीताराम येचुरी, डी राजा, अखिलेश यादव, महबूबा मुफ्ती सहित बहुत से वरिष्ठ नेता शामिल है। इंडिया गठबंधन के पास अभी लोकसभा की कुल 142 सीटें हैं। मगर गठबंधन में शामिल 11 दलों का तो लोकसभा में एक भी सांसद नहीं हैं। इस गठबंधन में शामिल पार्टियों की अभी देश के 11 प्रांतों में सरकार चल रही है। जिनमें कांग्रेस की चार प्रदेशों कर्नाटका, राजस्थान, छत्तीसगढ़, हिमाचल प्रदेश में वहीं जनता दल (यूनाइटेड) व राष्ट्रीय जनता दल की बिहार में, तृणमूल कांग्रेस की पश्चिम बंगाल में, झारखंड मुक्ति मोर्चा की झारखण्ड में, आम आदमी पार्टी की दिल्ली व पंजाब में, द्रविड़ मुनेत्र कषगम की तमिलनाडु मे, वामपंथी दलों की केरल में सरकार है।

इंडिया गठबंधन में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस, अखिल भारतीय तृणमूल कांग्रेस, द्रविड़ मुनेत्र कषगम, आम आदमी पार्टी (आप), जनता दल (यूनाइटेड), राष्ट्रीय जनता दल, झारखंड मुक्ति मोर्चा, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार), शिवसेना (यूबीटी), समाजवादी पार्टी, राष्ट्रीय लोकदल, अपना दल (कमेरावादी), जम्मू कश्मीर नेशनल कॉन्फ्रेंस, पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी), भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा), भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी लेनिनवादी), रिवोल्यूशनरी सोशलिस्ट पार्टी (आरएसपी), ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक, मरुमलार्ची द्रविड़ मुनेत्र कझगम (एमडीएमके), विदुथालाई चिरुथैगल कच्ची (वीसीके), कोंगुनाडु मक्कल देसिया काची (केएमडीके), मनिथानेय मक्कल काची (एमएमके), इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग, केरल कांग्रेस (मणि), केरल कांग्रेस (जोसेफ) शामिल है।

इंडिया गठबंधन में शामिल कांग्रेसको छोड़ कर अन्य राजनीतिक दलों का अपने-अपने प्रदेशों में ही प्रभाव है। यदि इंडिया गठबंधन में शामिल सभी दल अपने पुराने मतभेद भुलाकर एकजुटता से चुनाव लड़ते हैं और आपसी समझदारी से सीटों का बंटवारा कर भाजपा के समक्ष एक ही उम्मीदवार चुनावी मैदान में उतारते हैं तो निश्चित रूप से भाजपा को कड़ी चुनौती दे पाएंगे। हालांकि इंडिया गठबंधन में 26 राजनीतिक दल तो शामिल हो गए हैं। लेकिन उनमें अभी भी चुनाव में सीट बंटवारे को लेकर संशय बरकरार है। आम आदमी पार्टी चाहती है कि दिल्ली व पंजाब को कांग्रेस उनके लिए छोड़ दे। बदले में अन्य प्रदेशों में आप कांग्रेस के खिलाफ प्रत्याशी नहीं उतारेगी। यही स्थिति पश्चिम बंगाल में है जहां ममता बनर्जी चाहती है कि कांग्रेस व वामपंथी दल उनके खिलाफ चलाए जा रहे अपने राजनीतिक अभियानों को रोककर उनका सहयोग करें ताकि भाजपा को हराया जा सके। ममता बनर्जी का कहना है कि बंगाल में वैसे भी वामपंथी दलों व कांग्रेस का आधार समाप्त हो गया है। ऐसे में यदि वह तृणमूल कांग्रेस को सहयोग करते हैं तो पूरे बंगाल में विपक्षी दलों का प्रभाव बढ़ने से भाजपा का सफाया हो सकता है। पश्चिम बंगाल में 34 वर्षों तक लगातार वाम मोर्चे का शासन रहा था। वाम मोर्चे को हराकर ही ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस पार्टी बंगाल में सत्तारूढ़ हुई है। ऐसे में वामपंथी दलों को लगता है कि यदि उन्होंने पश्चिम बंगाल को ममता दीदी के हवाले कर दिया तो वहां उनका रहा सहा जनाधार भी समाप्त हो जाएगा। केरल में भी कांग्रेस व वामपंथी दल आमने-सामने चुनाव लड़ते हैं। मगर देश के अन्य प्रदेशों में मिलकर चुनाव लड़ते हैं। ममता बनर्जी व अरविंद केजरीवाल भी कांग्रेस से केरल की तरह ही सामंजस्य चाहते हैं। पटना में आयोजित हुयी 16 राजनीतिक दलों की मीटिंग से भाजपा में भी हलचल मच गई थी। इसी कारण बेंगलुरु मीटिंग के दिन ही भाजपा ने नई दिल्ली में एनडीए गठबंधन की बैठक का आयोजन किया और उसमें छोटे बड़े मिलाकर 38 दलों के नेताओं को शामिल किया था। इतना ही नहीं उस बैठक में पूरे समय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी मौजूद रहे थे। केंद्र में दूसरी बार सत्तारूढ़ होने के बाद भाजपा ने शायद पहली बार एनडीए गठबंधन की बैठक बुलाई थी। वह भी उस स्थिति में जब उनको लगने लगा कि विपक्षी दलों का गठबंधन राजनीतिक रूप से उनके गठबंधन से बड़ा होने जा रहा है। भाजपा ने एनडीए की बैठक में ऐसे दलों को भी शामिल किया जो हाल ही में एनडीए से जुड़े थे। एनडीए की बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सभी दलों के नेताओं की बातें सुनी और उन पर गंभीरता पूर्वक विचार करने की बात भी कही। विपक्षी दलों के इंडिया गठबंधन में कांग्रेस सबसे बड़ी पार्टी है और उसका पूरे देश में प्रभाव भी है। ऐसे में कांग्रेस के नेता चाहेंगे कि इस गठबंधन की कमान कांग्रेस के हाथों में रहे। जिससे सभी दलों में समन्वय बनाकर आगे बढ़ा जा सके। वैसे भी इंडिया गठबंधन में शामिल अधिकांश राजनीतिक दल पहले से ही यूपीए में शामिल थे। जिसका नेतृत्व कांग्रेस पार्टी कर रही थी। हालाँकि अरविन्द केजरीवाल, ममता बनर्जी, नीतीश कुमार जैसे नेता नहीं चाहेंगे कि कांग्रेस को नए बने गठबंधन कि कमान मिले। देश के विपक्षी दलों की आपसी फूट का फायदा उठाकर सरकार अपनी मर्जी से काम करती है। राजनीति में कहा जाता है कि जिस देश या प्रदेश में विपक्षी दल मजबूत नहीं होंगे वहां की सरकारें मनमानी करेगी। इंडिया गठबंधन में शामिल विपक्षी दलों के आगाज को देख कर तो लगता है कि अगले चुनाव तक उनकी एकजुटता बनी रहे। कांग्रेस पार्टी ने अपने दिल्ली व पंजाब के नेताओं के विरोध के बावजूद दिल्ली सरकार पर केंद्र द्वारा लाए गए अध्यादेश के विरोध में आम आदमी पार्टी के साथ मिलकर संसद में समर्थन देने की घोषणा कर जता दिया है कि विपक्ष की मजबूती के लिए वह कितना भी झुकने को तैयार है। मीटिंग से पहले आम आदमी पार्टी ने कांग्रेस सहित सभी विपक्षी दलों को अल्टीमेटम दे दिया था कि यदि कांग्रेस संसद में उनके समर्थन कि घोषणा नहीं करती है तो वो अगली मीटिंग में शामिल नहीं होंगे। आप के दबाव के चलते कांग्रेस को झुकना पड़ा। इंडिया गठबंधन में शामिल दलों के नेता जब तक एक दूसरे कि भावना का सम्मान नहीं करेंगे तब तक इस गठबंधन का सफल होना मुश्किल लगता है।

# उन्मेष में राष्ट्रपति मुर्मू ने की साहित्य की बात

प्रो. कन्हैया त्रिपाठी




**मध्य** प्रदेश के भोपाल शहर में अभिव्यक्ति के उत्सव-उन्मेष साहित्य-कुंभ लग गया है और इसमें भारत की साहित्य विभूतियाँ हिस्सा लेने के लिए भोपाल में होंगी. भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अंतरराष्ट्रीय साहित्य महोत्सव और उत्कर्ष-उन्मेष का उदघाटन किया और कहा कि हमारी परंपरा में, यत्र विश्वम् भवति-एक नीडम् की भावना प्राचीन काल से आधुनिक युग तक निरंतर व्यक्त होती रही है और मानवता का वास्तविक इतिहास विश्व के महान साहित्य में ही मिलता है. ये दोनों बातें साहित्य सर्जकों को उस सनातन परंपरा की ओर ले जाती हैं जिसकी विरासत में हम निरंतर आगे बढ़ने को प्रेरित हैं. उन्मेष का अर्थ आँखों का खुलना भी होता है और फूलों का खिलना भी. उन्मेष का अर्थ प्रज्ञा का प्रकाश भी है और जागरण भी होता है.

राष्ट्रपति ने जिस सहज भाव से अपने विचार रखे हैं उसका अपना अलग सन्देश है. इस साहित्य महाकुंभ में हिस्सा ले रहे लोगों ने क्या ग्रहण किया यह उनके ऊपर निर्भर है किन्तु राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने साहित्य के उस स्पंदन को सबके समक्ष प्रकट किया जो भारत का स्पंदन बने तो अच्छा होगा. राष्ट्रपति ने बहुत ही स्पष्ट शब्दों में उन संभावनाओं को रेखांकित किया जो साहित्य जगत के लोग अभी अपने सृजन में लाने में संकोच करते हैं. उन्होंने भारत की साहित्यिक आत्मा को रेखांकित किया कि राष्ट्र-प्रेम और विश्व-बंधुत्व इन दोनों आदर्शों का संगम हमारे देश की चिंतन धाराओं में सदैव दिखाई देता रहा है तथा साहित्यकार का सत्य इतिहासकारों के तथ्य से अधिक प्रामाणिक होता है.

साहित्य की इस महासभा में सब सुन रहे थे और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू स्मरण कर रही थीं बंकिम-चन्द्र चट्टोपाध्याय, सुब्रह्मण्य भारती, झवेरचंद मेघाणी और ज्ञानी हीरा सिंह दर्द जैसे भारतीय सितारों को जिन्होंने अपने समय को प्रभावित किया. उन्होंने कहा कि देश के कोने-कोने में अनेक रचनाकारों ने स्वाधीनता और पुनर्जागरण के आदर्शों को अभिव्यक्ति प्रदान की. साहित्य ने मानवता को आईना भी दिखाया है, बचाया भी है और आगे भी बढ़ाया है..हमारे स्वाधीनता संग्राम के आदर्शों को साहित्य ने शक्ति प्रदान की. वस्तुतः यह बातें साहित्य जगत के सभी लोग जानते हैं लेकिन जो युवा साहित्य के अध्येता हैं, जो आने वाले समय में साहित्य में बहुत कुछ करने वाले हैं, जिन्हें राष्ट्र सृजन भी साहित्य में अवदान देकर करना है, यह सन्देश उनके लिए बहुत महत्त्वपूर्ण हैं.

साहित्य अकादमी, संगीत नाटक अकादमी अन्य संस्कृति मंत्रालय की ओर से आयोजित हो रहा उन्मेष कार्यक्रम उस समय हो रहा है जब भारत में सनातन सभ्यता का जी-20 के बहाने पूरी दुनिया में एक नई सांस्कृतिक छवि गढ़ी जा रही है. ऐसे समय में भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने साहित्याकाश के नक्षत्रों के बीच भारत के साहित्य और उसकी विरासत की अहमियत को रखी,


यह महत्त्वपूर्ण बात है. वह जानती हैं कि बिना अनुवाद के हमारे साहित्य का सामर्थ्य नहीं बढ़ सकता न ही भारतीय साहित्य को बहुत प्रतिष्ठा मिल सकती है. वह यह भी जानती हैं कि जो भी दुनिया के साहित्य हैं, वे जरूर हमारे पाठ का हिस्सा हो, इसलिए राष्ट्रपति ने जोर देकर कहा कि सभी भारतीय भाषाओं की प्रमुख पुस्तकों का अन्य भाषाओं में अनुवाद होने से भारतीय साहित्य और अधिक समृद्ध हो सकेगा. उन्होंने जनजातीय समाज की साहित्य की लोक-अभिव्यक्ति को भी इसके साथ लेकर चलने का आह्वान किया. वह मानती हैं कि जब भारत का जनजातीय समाज समुन्नत हो जाएगा तब भारत एक विकसित राष्ट्र के रूप में प्रतिष्ठित हो जाएगा. इसे केवल एक सन्देश के तौर पर नहीं लेना चाहिए बल्कि भारत की साहित्यिक बिरादरी यह सोचे और समझे कि राष्ट्रपति ने जनजातीय लोगों के समुन्नति में भारत की विकसित छवि क्यों देखी. यदि वह ऐसा देख रही हैं तो यह निश्चय ही सही दिशा में उनका संकेत है. उन साहित्यकारों को सन्देश है कि जनजातीय आवाज को प्रमुखता से साहित्य में प्रतिष्ठित किया जाए और सरकारों को भी संकेत है कि वे जनजातीय समुन्नति के बारे में संकल्प के साथ आगे बढ़ें, तभी भारत प्रतिष्ठित होगा. उनके संबोधन में इसलिए निकलकर आया कि हमारा सामूहिक प्रयास होना चाहिए कि अपनी संस्कृति, लोकाचार, रीति-रिवाज और प्राकृतिक परिवेश को सुरक्षित रखते हुए, हमारे जनजातीय समुदायों के भाई-बहन और युवा आधुनिक विकास में भागीदार बनें.

आजादी के अमृतकाल में जब भारत जी-20 जैसे सम्मलेन का मेजबान है ऐसे समय में भारत की महामहिम राष्ट्रपति उन्मेष की महायात्रा में साहित्य के पंडितों के बिच से कुछ नया होने की आशा रखती हैं. वह लोक की साहित्य को समृद्धि देना चाहती हैं और जो ज्यादा लोक में रहने वाले जनजातीय समाज हैं, उन्हें बराबर की प्रतिस्पर्धा में शामिल होते देखना चाहती हैं, यह निश्चय ही एक राष्ट्राध्यक्ष का सजग और उचित आह्वान है और मेरी दृष्टि से इसे सभी को स्वीकार करना भी चाहिए. उन्होंने एक सवाल भी किया कि आजादी का अमृत महोत्सव के ऐतिहासिक पड़ाव पर हमें यह विचार करना है कि क्या वर्तमान में हम ऐसा साहित्यिक उन्मेष देख रहे हैं जिसमें बड़ी संख्या में पाठकों की भागीदारी हो?

दरअसल, सृजन और प्रकाशन के साथ पाठ और पाठक की चिंताएं हमेशा की जाती रही हैं. इस महत्त्वपूर्ण बहस को रेखांकित दरअसल राष्ट्रपति ने इसलिए किया क्योंकि उन्हें इतने बड़े स्तर पर लोगों के इकट्ठा होने की खबर है, पर जो आजकल पाठ करने वाले लोगों का अभाव हो रहा है, उसके बारे में वह चिंतित हैं. वह चाहती हैं कि केवल मेले में लोग घूमने न आएं बल्कि उस महाकुंभ में लोग पढ़ते हुए मिलें. सब लोग एक सत्र में यदि साहित्य अकादमी के इस उन्मेष कार्यक्रम में पढ़ते हुए ही समय व्यतीत करें तो वह छवि कुछ और होगी और पढने वाले कुछ लेकर अपने रूचि के मुताबिक अपने साथ भी ले जाएँ. राष्ट्रपति ने इस ओर ध्यान दिलाया है, अब अचाहे कोई समझे या न समझे. यह अभिव्यक्ति का उत्सव-उन्मेष, जो भी हो साहित्य अकादमी का एक अंतरराष्ट्रीय सहित्य उत्सव है. चार दिनों तक देश के नामीगिरामी रचनाकारों को स्वस्थ मंच प्रदान कर साहित्य, संस्कृति व अभिव्यक्ति का काव्यात्मक उत्सव बने इसके लिए राष्ट्रपति की उपस्थिति बहुत ही महत्त्वपूर्ण है. उनके द्वारा सुचिंतित जो बातें कही गईं, वह भी अत्यंत उल्लेखनीय रोडमैप तैयार करेंगी. लेकिन आवश्यकता इस बात की है कि यदि जुटे हुए मनीषीजन भारत के निर्माण के लिए और विश्व में भारत की छवि को समृद्ध बनाएं तो इस उत्सव की सार्थकता सिद्ध होगी. राष्ट्रपति जी आयोजकों और उपस्थितजन को बधाई देते हुए साफ कहा कि राष्ट्र-प्रेम और विश्व-बंधुत्व इन दोनों आदर्शों का संगम हमारे देश की चिंतन धाराओं में सदैव दिखाई देता रहा है. वह अपनी इस उपस्थिति में यह अभिव्यंजित कर रही हैं कि उसे हमें अपने जीवनचर्या का हिस्सा बनाना होगा और देश को विकास के पथ पर आगे ले जाना होगा. मैं और मेरा से ऊपर उठकर जो साहित्य रचा जाता है, जो कला प्रस्तुत की जाती है, उन्हीं रचनाओं और कलाकृतियों में सार्थकता होती है. साहित्य के इस विशेष उत्सव में राष्ट्रपति की यह बात उन सभी भारतीय और दुनिया के साहित्यकारों के लिए हिदायत है और आत्मीय सलाह भी कि साहित्य में वही लिखें जो आपकी सृजनशीलता को स्थापित कर दे. इसी से रचना के कालजयी होने की संभावना बनती है और संभावना इस बात की बनती है कि रचनाकार अपनी इस कृति से सबके बीच लोकप्रियता के शिखर को छू ले. सम्पूर्णता में देखा जाए तो यह कहा जा सकता है कि राष्ट्रपति जी ने निःसंदेह इसके माध्यम से पृथ्वी के सार्वभौमिक मूल्यों के साथ जीने और समाज के लिए कुछ करने की इस उत्सव में बैठे लोगों से उम्मीद की है.

# अंग्रेजों भारत छोड़ो आंदोलन स्वतंत्रता प्राप्ति का अहम पड़ाव

सुरेश सिंह



**मार्च** 1942 ई. में स्टैफर्ड क्रिप्स भारत आये। वह भारत के लिए उत्तरदायी शासन की योजनायें लाये थे। भारत के मुख्य राजनैतिक दलों के सामने उन्होंने अपनी योजनाएँ रखी। सभी दलों के नेताओं ने विचार विनिमय किया। ऊपर से वह योजना बड़ी अच्छी लगती थी। इस योजना के अनुसार वायसराय की कौसिल में सभी दलों के नेताओं को एक निश्चित अनुपात से प्रतिनिधित्व देने की बात कही गई थी। इसमें एक बात यह थी कि युद्ध संबंधी सभी विषय ब्रिटिश सरकार के अधीन रहेंगे ,कांग्रेस ने इस योजना को कुछ कारणों से अस्वीकार कर दिया और उसी साल ष्भारत छोड़ोष प्रस्ताव पास किया तथा अंग्रेजों से मांग की कि वे तुरंत भारत छोड़ दें।

कांग्रेस के इस आंदोलन मे मुस्लिम लीग ने साथ तथा सहयोग देने से मनाकर दिया। अगस्त 1942 ई. को यह प्रस्ताव पास हुआ और 9 अगस्त को गांधी जी, महादेव देसाई और मीरा बहन को अंग्रेजों ने गिरफ्तार कर लिया। इसी दिन मौलाना अबुल कलाम आजाद, पण्डित जवाहरलाल नेहरू, सरदार पटेल, श्रीमती सरोजनी नायडू तथा कांग्रेस की महासमिति के अन्य सदस्य भी गिरफ्तार कर लिये गये। इसी प्रकार देश के अन्य भागों में भी कांग्रेस कार्यकताओं को गिरफ्तार कर लिया गया। नेताओं की गिरफ्तारी से असंतोष तथा उत्तेजना की आग सारे देश में फैल गई। शहरों, गावों तथा कस्बों में आंदोलन पहुंच गया। इस आंदोलन के संबंध में साठ से अधिक व्यक्ति गिरफ्तार किये गये। करीब एक हजार व्यक्ति पुलिस की गोली से मारे गये। लगभग अठ्ठारह हजार व्यक्ति नजर बंद किये गये।

1942 के इस आंदोलन के देश व्यापी रूप ने ब्रिटिश शासन को हिला दिया। अंग्रेज समझ गये कि अब भारत को गोली तथा संगीनों के बल पर गुलाम बनाकर नहीं रखा जा सकता है। उधर ब्रिटिश सरकार विश्वयुद्ध के कारण भी बहुत चिंतित थी उसने सोचा कि इस युद्ध में भारत की सहायता लेना बहुत आवश्यक है। 11 मार्च 1942 को ब्रिटिश सरकार ने क्रिप्स मिशन की घोषणा की 23 मार्च 1942 को सर स्टेफर्ड क्रिप्स भारत पधारे। उनका भारत आने का उद्देश्य यह था कि किसी प्रकार भारत को राजी कर लिया जाये कि वह विश्वयुद्ध में ब्रिटेन की पूरी मदद करें। क्रिप्स महोदय ने देश में कांग्रेस लीग, सिक्ख तथा अन्य नेताओं के साथ विचार-विमर्श किया। क्रिप्स ने भारत के सामने अपना जो प्रस्ताव रखा उसमें कहा गया था कि युद्ध समाप्त होने के बाद भारत में उत्तरदायी सरकार की स्थापना की जायेगी। क्रिप्स ने लीग को खुश करने के लिये भी कुछ बातें अपने प्रस्ताव में रखी थी।

क्रिप्स प्रस्ताव में कहा गया कि भारत एक संघ होगा और कोई भी राज्य भारत संघ मे सम्मिलत होने या सम्मिलित होने के लिये स्वतंत्र होगा। कांग्रेस ने देश की एकता के हित को देखते हुए क्रिप्स प्रस्ताव को स्वीकार नहीं किया। ध्यान देने की बात यह है कि शुरू में तो क्रिप्स महोदय भारतीय नेताओं से सहयोग चाहते थे और कुछ देना भी चाहते थे परंतु लगता है कि ब्रिटिश सरकार से उन्हें कुछ नई हिदायत मिली जिसके कारण बाद में उनका रुख कड़ा हो गया था। इस प्रकार क्रिप्स प्रस्ताव.बिल्कुल असफल रहा और देश के नेताओं ने उसकी कड़ी आलोचना की।

कांग्रेस के सामने अब एक ही रास्ता था कि वह ब्रिटिश सरकार का विरोध करे और संघर्ष छोड़ दें। अंग्रेजों की नीति से देश की साधारण जनता भी बहुत क्षुब्ध थी। इसी बीच बम्बई मे अखिल भारतीय कांग्रेस समिति का अधिवेशन हुआ, जिसमें एक प्रस्ताव पास किया गया। चूंकि यह प्रस्ताव 8 अगस्त 1942 को पास हुआ था अतः इसे अगस्त प्रस्ताव कहा जाता है। इस प्रस्ताव में कहा गया कि स्वतंत्रता प्राप्त करने के लिये एक विशाल संग्राम और आंदोलन चालू किया जाये जो अहिंसक हो ।

8 अगस्त 1942 की रात को यह प्रस्ताव पास हुआ और 9 अगस्त को यानी दूसरे दिन ही गांधी जी तथा कांग्रेस के अन्य नेताओं को सरकार ने गिरफ्तार कर लिया। ध्यान रहे कि इस समय कांग्रेस के सभी महत्वपूर्ण नेता बंबई में ही थे, क्योंकि वे कांग्रेस की बैठक मे भाग लेने के लिये वहां आये हुये थे। चूंकि कांग्रेस के नेता पकड़ लिये गये, अतः इस आंदोलन को कोई ठीक ठीक मार्गदर्शन नहीं दिया जा सका। नेताओं की गिरफ्तारी से जनता बड़ी क्षुब्ध हो उठी और उसने सरकार की इस चुनौति का जवाब देने का निश्चय कर लिया। जनता के सामने वास्तव में ष्करो या मरोष का नारा था। वस्तुतः यह जन आंदोलन बन गया। पहले तो आंदोलन शांतिपूर्ण रहा। जुलूस निकाले गये, भाषण दिये गये और नारे लगाये गये परंतु ब्रिटिश सरकार ने इस सब कार्यक्रमों को दबाने का प्रयत्न किया। इसके फलस्वरुप यह आंदोलना हिंसात्मक हो गया।

जन समुदाय जब हिंसक हो जाये और उसको संभालने वाले नेता जेलो में ठूंस दिये गये हों तो फिर भला संयम को स्थान कहां। ब्रिटिश सरकार की दमन नीति से त्रस्त जनता ने उग्र रुप धारण कर लिया। अनेक स्थानों पर सरकारी इमारतें जलाई गई, रेल गाड़ियों को उलटा गया, सरकारी संपत्ति में आग लगाई गई । तार तथा टेलीफोन व्यवस्था को तोड़ा गया और खजाने लूटे गये। यह आंदोलन जितना उग्र था, ब्रिटिश सरकार ने भी उतनी ही कठोरता से इसे दबाने का प्रयत्न किया। सरकार ने लगभग 600 बार आंदोलन करने वालों पर गोलियां चलाई, 60000. व्यक्ति गिरफ्तार किये गये, एक हजार व्यक्ति गोली से उड़ा दिये गये और उसके बाद जनता से अनेक प्रकार से इसका बदला लिया गया। इस आंदोलन ने उत्तर प्रदेश के बलिया जिले तथा बंगाल के मेदिनीपुर जिले में सर्वाजनिक उग्ररुप धारण किया। बलिया में तो आंदोलनकारियों ने तीन दिन के लिए वहां से ब्रिटिश शासन का बिल्कुल खात्मा कर दिया था। बाद में कठोर दमन कार्यवाही के बल पर ब्रिटिश सरकार पुनः बलिया पर अधिकार जमा पाई। इसके अतिरिक्त आसाम, बम्बई, अहमदाबाद, सतारा आदि इस आंदोलन के मुख्य केन्द्र रहें।

# कृष्ण और सुदामा की मित्रता बेमिसाल

सुरेश सिंह बैस शाश्वत



**प्रत्येक** वर्ष अगस्त महिने के रविवार के दिन दोस्ती का दिन यानी मित्रता दिवस मनाया जाता है। दोस्ती की सबसे बड़ी मिशाल के तौर पर आज भी भगवान श्री कृष्ण और सुदामा को जाना जाता है। भगवान श्री कृष्ण ने एक राजा होने के बाद भी अपना मित्र धर्म निभाया और सुदामा को अपने बराबर का स्थान दिया। भगवान श्री कृष्ण और सुदामा से सीख से लेकर हमें भी अपने दोस्त की हर परिस्थिति में उसका साथ देना चाहिए और कभी भी उसका साथ नहीं छोड़ना चाहिए। तो चलिए जानते हैं मित्रता दिवस पर श्री कृष्ण और सुदामा की दोस्ती की कथा के बारे में....भगवान श्री कृष्ण और सुदामा की कई कथाएं प्रचलित हैं। लेकिन इन्हीं कथाओं में से एक कथा यह है कि जब भगवान श्री कृष्ण सुदामा से कई सालों के बाद मिलते हैं। यह कथा द्वापर युग की है। भगवान श्री कृष्ण उस समय अपनी नगरी द्वारका में राज कर रहे थे और सुदामा एक गरीब ब्राह्मण का जीवन व्यतीत कर रहे थे। सुदामा अपनी पत्नी और बच्चों के साथ भिक्षा मांगकर जीवन व्यतीत कर रहे थे और हमेशा भगवान श्री कृष्ण की भक्ति में लगे रहते थे।

एक बार सुदामा की पत्नी ने अपने पति को भगवान श्री कृष्ण से मिलकर आने को कहा। लेकिन सुदामा ने इनकार कर दिया। क्योंकि सुदामा के पास भगवान श्री कृष्ण को देने के लिए भेंट नही थी। सुदामा की पत्नी यह जानती थी। इसलिए वह पड़ोस में से थोड़े से चावल बांधकर अपने घर लाई और अपने पति को दे दिए और कहा कि आप यह लेकर जाएं और इसे भगवान श्री कृष्ण को भेट कर दें। इसके पश्चात सुदामा जी अपने मित्र द्वारकाधीश श्री कृष्ण से मिलने के लिए द्वारका नगरी की ओर चल पड़े ,वह जैसे - तैसे भगवान श्री कृष्ण के महल तक पहुंचे, महल के द्वार पर पहुंचते ही द्वारपालों ने उसके बारे में पूछा। सुदामा ने द्वारपालों को बताया की वह भगवान श्री कृष्ण का मित्र है और वह भगवान श्री कृष्ण से मिलना चाहता है। सुदामा की यह बात सुनकर बार उसे तिरस्कार का सामना करना पड़ा ऐसे दीन हीन व्यक्ति को द्वारकाधीश का मित्र बताए जाने पर उपहार से हंस पड़ा। द्वारपाल उसे पागल कहकर संबोधित करने लगे। सुदामा ने द्वारपालों से भगवान श्री कृष्ण से मिलने की मिन्नत और आज्ञा मांगी और अपना संदेश श्री कृष्ण को देने के लिए कहा। सुदामा का संदेश लेकर द्वारपाल भगवान श्री कृष्ण के पास पहुंचा और उसे सारा किस्सा सुनाया।

जब भगवान को यह पता चला कि सुदामा उनसे मिलने आया है तो श्री कृष्ण बिना मुकुट और नगें पैरों सुदामा से मिलने पहुचें। लेकिन सुदामा को लगा की वह गरीब है और भगवान श्री कृष्ण बहुत अमीर, भगवान अब उन्हें अपना मित्र क्यों मानेंगे।

# गैर जिम्मेदारी की पराकाष्ठा

**मेवात** दंगों में झुलस रहे हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहरलाल खट्टर के उस बयान को गैरजिम्मेदारी की पराकाष्ठा ही माना जायेगा जिसमें उन्होंने कहा है कि 'सरकार सभी लोगों की सुरक्षा की जिम्मेदारी नहीं ले सकती।' प्रदेश की कानून-व्यवस्था के मामले में नाकाम और लाचार दिखलाई पड़ रहे श्री खट्टर का बयान उनकी जनसुरक्षा के प्रति घोर लापरवाही को भी दशार्ता है जो राज्य के नागरिकों के प्रति बुनियादी कर्तव्य है। मुख्यमंत्री खट्टर ने बुधवार को साफ कहा कि 'इसके लिए हमें माहौल को सुधारना पड़ेगा। हर व्यक्ति की सुरक्षा न पुलिस कर सकती है, न ही सेना कर सकती है। इसके लिए सामाजिक सद्भाव ठीक करना पड़ेगा।'वे तो यहां तक कह गये कि 'किसी भी देश में आप चले जाएं हर आदमी की सुरक्षा वहां की पुलिस नहीं कर सकती पर इसके लिए वैसा माहौल बनाना पड़ता है।' वैसे वे यह भूल गये कि सामाजिक सद्भाव को ठीक करना भी सरकार की ही जिम्मेदारी होती है। मुख्यमंत्री का बयान स्तब्धकारी तो है लेकिन वह भारतीय जनता पार्टी की प्रशासन पद्धति के अनुरूप है जो हर अच्छी बात का श्रेय लेने में तो पीछे नहीं रहती परन्तु किसी भी असफलता से पल्ला झाड़ लेती है। पिछले 9 वर्षों से अधिक समय तक केन्द्र में सरकार चलाने वाले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सम्भवतः भाजपा प्रशासित सारे राज्यों के मुख्यमंत्रियों के लिये प्रेरणा स्त्रोत हैं। देश के अपूर्ण लक्ष्यों के लिये अपने पूर्ववर्ती प्रधानमंत्रियों को सभा-सम्मेलनों में दोषी ठहराने वाले मोदी अपनी नाकामियों पर या तो चुप्पी साध लेते हैं अथवा उनका ठीकरा विपक्ष पर फोड़ते हैं। भाजपा सरकार का एक दशक का इतिहास अनेकानेक असफलताओं की जिम्मेदारियों से भागने या उनका दोषी दूसरों को बताने का रहा है। इसी का अनुसरण भाजपा की राज्य सरकारें करती हैं। नोटबन्दी और जीएसटी जैसे अविवेकपूर्ण निर्णयों से हुई देश की बदहाली का उत्तरदायी कोई नहीं है। यहां तक कि यह निर्णय किस प्रक्रिया के तहत लिया गया, यह भी अब तक अज्ञात है। कोरोना काल में ऑक्सीजन, दवाओं, बिस्तरों के अभाव में हुई लाखों लोगों की मौत का उत्तरदायी कौन है, यह सवाल भी अब तक अनुत्तरित है। भाजपा की जिन राज्यों में सरकारें हैं वहां टूटती सड़कें और गिरते पुलों का जिम्मेदार कौन है, इसका जवाब ढूंढ़े से भी नहीं मिलेगा। उन राज्यों में होने वाली भगदड़ों से मरने वालों का जिम्मेदार भी कोई नहीं होता।

# 15 पाकिस्तानियों को किया हाउस अरेस्ट, पूछताछ जारी

## पाकिस्तान में जुल्म की कही बात-जांच बाद दी जायेगी जानकारी: एएसपी

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** पाकिस्तान से आए 15 लोगों के दो हिंदू परिवारों को एलआईयू ने हाउस अरेस्ट किया। सभी से पूंछताछ जारी है। ये लोग छह माह पहले ट्रेन से पाकिस्तान के कराची से अटारी बॉर्डर होते हुए अमृतसर पहुंचे थे। यहां से दिल्ली और फिर चित्रकूट आए। पाकिस्तानियों के चित्रकूट पहुंचने की सूचना से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया।
शुक्रवार को जिले के शिवरामपुर चैकी क्षेत्र के संग्रामपुर में पुलिस को सूचना मिली कि कुछ दिनों से 15 पाकिस्तानी लोग यहां रह रहे हैं। बोलचाल में अंतर है, पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर सभी से पूंछताछ शुरू कर दी है। पूंछताछ में हिंदू परिवार के राकेश ने बताया कि



वे कराची में रहते थे। वे सभी पाकिस्तान से छह माह पहले अमृतसर होते हुए दिल्ली पहुंचे। दिल्ली में उनकी भेंट कमलेश पटेल से हुई। कमलेश पटेल ही उन्हें यहां लेकर आया है। हिंदू परिवारों में चार बच्चियों समेत सात महिलाएं हैं, तीन साल के एक बच्चे समेत आठ पुरुष शामिल हैं। वे अपना पता पाकिस्तान के कराची जिले के खैरपुर थाना क्षेत्र के खैरपुर गांव बताते हैं।
हिंदू परिवारों ने कहा कि पाकिस्तान के हालात बदतर हैं। वहां महंगाई चरम सीमा पर है। हिंदुओं के साथ रोज जुल्म होता है। आम जरूरतें पूरी करना, वहां रहना मुश्किल है। इसलिए उन्होंने यहां शरण ली है। उन्हें यहां बसने की इजाजत दी जाए।
पाकिस्तानी हिंदू परिवार के सदस्यों ने बताया कि सात लोग पहले आए थे। कुछ दिन बाद आठ लोग और आए। जो पहले आए थे, उनका वीजा खत्म हो गया है। दिल्ली एम्बेसी में वीजा बढ़ाने की एप्लीकेशन दी है। वे गलत नहीं हैं, न कोई जासूस हैं। हालातों के मारे हैं। पूरी एंट्री भारतीय एम्बेसी में है। वे गलत तरीके से नहीं रहना चाहते। भारत सरकार से मांग है कि उन्हें भारतीय नागरिकता दी जाए।
इस मामले में एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी ने कहा कि सूचना मिली है कि कुछ पाकिस्तानी संग्रामपुर में रह रहे हैं। मौके पर सीओ एलआईयू और इंस्पेक्टर पहुंचे हैं। जांच जारी है। जांच बाद पूरे मामले की विस्तार से जानकारी दी जाएगी।

**15 लोगों को लेकर आये हैं संग्रामपुर के कमलेश पटेल**

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** हिंदू परिवारों को शरण देने वाले कमलेश पटेल ने कहा कि वे समाजसेवी हैं। टीवी-अखबार में देखते थे कि पाकिस्तान से गरीब हिंदू भाई-बहन भारत आए हैं। उनकी हालत खराब है। ये लोग झुग्गी-झोपड़ी में पड़े थे। यहां 15 लोगों को लेकर आये हैं। सभी पाकिस्तानी शरणार्थियों की मदद कर रहे हैं। इन्होंने फेसबुक से संपर्क किया था। कमलेश पटेल ने कहा कि उन्होंने इन्हें चित्रकूट धाम उप्र बुलाया है। सभी दिल्ली में रजिस्टर्ड हैं। कागज देखिए, ये तो सिर्फ 15 लोग हैं। दिल्ली के भाटी माइंस, मजनू टीला और सिग्नेचर बीच में 60 हजार से ज्यादा पाकिस्तानी शरणार्थी रह रहे हैं। वे खुद वहां देखकर आये हैं। जो उनसे मदद मांगेगा, वे सभी की मदद करेंगे। इनके वीजा को फिर से अप्लाई किया है। सभी को यहां रोजी-रोजगार और रहने को घर दिया है।

## आयुवेर्दाचार्य के जन्मोत्सव पर मंजू ने बांटे जडीबूटियों के पौधे

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** आयुवेर्दाचार्य बालकृष्ण के जन्मोत्सव पर जिला महिला प्रभारी मंजू केसरवानी ने महिला पतंजलि योग समिति, पतंजलि योग समिति एवं भारत स्वाभिमान के तहत जिले में कई स्थानों पर जड़ी-बूटियों के वृक्ष बांटकर आयुवेर्दाचार्य का जन्मदिन मनाया।
शुक्रवार को महिला पतंजलि योग समिति की जिला प्रभारी मंजू केशरवानी ने वृक्ष बांटकर व वृक्षारोपण कर जड़ी-बूटी दिवस मनाया। भारत स्वाभिमान की महामंत्री मीरा श्रीवास्तव ने कहा कि जड़ी-बूटी वितरण सीआईसी कॉलेज, सुंदर घाट, तुलसी पार्क, राजा साहब की कोठी, धुस मैदान, रानी भट्ट सीतापुर, गायत्री मंदिर, पुरानी बाजार, संस्कारम स्कूल, लिटिल किंग्डम स्कूल के बहन- भाइयों को स्टॉल लगाकर जड़ी-बूटियों के वृक्ष बांटे गये। इनमें तुलसी, गिलोय, घृतकुमारी, हरजोर, नीम, सदाबहार, पारिजात, ममीरा, मीठी नीम, नागदोन समेत चार हजार बीज एवं पौधे बांटे गये। इनके लाभ के बारे में भी बताया गया।
भारत स्वाभिमान के जिला प्रभारी अरविंद शिवहरे ने बताया कि इस महोत्सव में बुजुर्ग योगाचार्य भाई नरेंद्र चंद्रवंशी को शाल ओढ़ाकर सम्मान किया। संगठन मंत्री विमला आर्य ने बताया कि महोत्सव में रज्जन गुप्ता, मुन्नू पांडे, राजीव श्रीवास्तव, अंशु सोनी, नीलम आर्य, शोभा, मनीषा केसरवानी, मंजू अग्रवाल, मीना, ज्योति जैन, मीरा चैरसिया, नीलम, माधुरी, मधु, शालनी, श्रुति, मोनिका, रामा, पूजा, रमा, रानी, प्रमिला, राजा बेटी, सरिता, लालमणि गुप्ता, पद्मा सिंह, साधना, शिखा, आराधना, रिया, विमला, निर्मला, मीरा पांडे, संध्या, अर्पणा, अंजू, सुधा, विद्या, अनिल त्रिपाठी, रणवीर सिंह चैहान समेत एक सैकड़ा भाई-बहन शामिल रहे।


## महाविद्यालय की छात्राओं को थानाध्यक्ष ने किया जागरूक



**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर महिलाओं एवं बालिकाओं में सुरक्षा एवं विश्वास का माहौल कायम करने को जारी मिशन शक्ति एवं शक्ति दीदी अभियान के तहत महिला थानाध्यक्ष श्रीमती शालिनी सिंह भदौरिया ने छत्रपति साहूजी महाराज महाविद्यालय में छात्राओं के साथ गोष्ठी की।
शुक्रवार को गोष्ठी में महिला थानाध्यक्ष ने छात्राओं को सुरक्षा व सहायता को शासन से जारी विभिन्न हेल्पलाइन नम्बर 1090 वीमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्पलाइन, 108 एम्बुलेंस सेवा, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098 चाइल्ड लाइन, 102 स्वास्थ्य सेवा व थानों में बने महिला हेल्प डेस्क के बारे में बताया। उन्हें जागरूक कर शासन के विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों के पम्पलेट बांटे। छात्राओं को बताया कि उनके साथ हो रहे किसी भी प्रकार के उत्पीड़न बाबत पुलिस से चुप्पी तोड़ो खुलकर बोलो, ताकि उत्पीड़न रोका जा सके। छात्राओं को गुड-टच, बैड-टच के बारे में विस्तार से बताया। कहा कि अक्सर छोटे-छोटे बच्चों को जानने वाले ही बैड-टच करते हैं और समझ नहीं पाते। इस बाबत खुलकर बतायें। घर पर छोटे भाई-बहन को भी गुड-टच, बैड-टच के बारे में बतायें।

## लूप लाइन चौराहा-तुलसी पार्क का करें सुन्दरीकरण: डीएम, डीएम ने निरीक्षण कर देखे कार्य

**अखंड भारत संदेश**



**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने नगर पंचायत राजापुर में निमार्णाधीन लूप लाइन चैराहा के सुंदरीकरण एवं यमुना किनारे पर निर्मित तुलसी पार्क का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने लूप लाइन चैराहे के सुन्दरीकरण की बाबत ईओ राजापुर को निर्देश दिए कि आसपास जो पोल लगे हैं, उन्हें हटायें एवं नालियों की भी व्यवस्था करायें।
शुक्रवार को जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने लूप लाइन चैराहे पर हाई लाइट मास्क लगाने के निर्देश दिये। तुलसी पार्क में बने भवन की बाबत कहा कि इसे किसी संस्था को दे दिया जाए, ताकि इससे होने वाली आमदनी से पार्क के रखरखाव में सहयोग मिलेगा। ईओ को निर्देश दिये कि यहां पर एक सेल्फी पॉइंट बनवायें। पार्क में बन रहे म्यूरल वाल व बिजली के संबंध में पूंछा कि कब तक तैयार हो जाएगा। क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी ने बताया कि एक हफ्ते में जल्द पूरा हो जायेगा।
जिलाधिकारी ने ईओ राजापुर को निर्देश दिये कि घास काटने वाली मशीन से पार्क की सफाई करायें। पार्क में बेंच भी लगवायें। क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी को निर्देश दिये कि गेट पर बोर्ड लगवायें। पूर्ण होने पर हैंड ओवर करायें। पार्क में वृक्षारोपण भी किया।
निरीक्षण में नगर पंचायत अध्यक्ष राजापुर संजीव मिश्रा, तहसीलदार राजापुर संजय अग्रहरि, क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी अनुपम श्रीवास्तव, ईओ बीएन कुशवाहा आदि मौजूद रहे।

# मतदेय स्थल विभाजन को तिथियां निर्धारित

## बूथों का निरीक्षण कर लें तहसीलदार: डीएम

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने राष्ट्रीय एवं राज्य राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों की बैठक में बताया कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी उप्र व भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश में 1500 मतदाताओं के आधार पर मतदेय स्थलों का विभाजन करने बाबत समय सारणी निर्धारित की गई है। 14 से 24 जुलाई तक मतदेय स्थल बनाने को भवनों का चयन व भवनों का भौतिक सत्यापन, दो से सात अगस्त तक मतदेय स्थलों के भौतिक सत्यापन के बाद मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से चर्चाकर मतदेय स्थलों के प्रस्ताव तैयार करने हैं।
शुक्रवार को जिलाधिकारी ने कलेक्टेज्ट सभागार में बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि आठ अगस्त को आपत्तियों एवं सुधार को मतदेय स्थलों की सूची प्रकाशन एवं वर्तमान मतदेय स्थलों के संशोधन के प्रस्ताव की प्रति राजनैतिक दलों



के प्रतिनिधियों को देना है। 16 अगस्त को सांसदों, विधानसभा सदस्यों व मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के साथ बैठकों के बाद शिकायत एवं सुझाव निस्तारण के बाद सूची को अंतिम रूप देना है। 17 से 25 अगस्त तक जिला स्तर पर पोलिंग स्टेशन, लोकेशन पोलिंग स्टेशन, 28 से 30 अगस्त तक जिला निर्वाचन अधिकारी विधानसभा क्षेत्रवार मतदेय स्थलों की सूची को मुख्य निर्वाचन अधिकारी को भेजना है।
उन्होंने बताया कि एक सितंबर को मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय में मतदेय स्थलों के प्रस्ताव अनुमोदन को आयोग को भेजना है। 22 सितंबर को पोलिंग स्टेशन विभाजन को आयोग की अनुमति को निश्चित किया है। 236 चित्रकूट विधानसभा में 14 बूथ एवं 237 मानिकपुर विधानसभा में 15 बूथ बदले गए हैं। जिलाधिकारी ने एडीएम को निर्देश दिए कि सभी तहसीलदारों को निर्देश जारी करें कि बूथों का निरीक्षण कर लें। कहीं पर कोई बूथ बदलना है तो कार्यवाही की जाए। सभी राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों से कहा कि कोई मतदेय स्थल बदले जाने या कोई समस्या या सुझाव हो तो बतायें। संबंधित उप जिलाधिकारी व जिला निर्वाचन कार्यालय को सूचना दें। बूथ लेवल एजेंट को लगाकर अभियान चलाकर फार्म छह भरवाकर लोगों के मतदाता सूची में नाम जुड़वायें। जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि मतदाता सूची में जिनके नाम डेड व डबल हैं, उन्हें बूथ लेवल ऑफीसरों से हटवायें। फार्म छह एवं फार्म आठ भरवाकर कार्य तेजी से करायें। उप जिलाधिकारियों व तहसीलदारों से कहा कि अपने क्षेत्र के बूथ लेवल ऑफीसर की बैठक करके फार्म 6, 7, 8 भरवा कर मतदाता सूची कंप्लीट करायें। एक हजार से ऊपर बूथ में मतदाता हैं, उसे चेक करें। जेंडर रेशियों पर भी सुधार की जरूरत है। 80 वर्ष से ऊपर के वृद्ध मतदाता को भी चिन्हित करा लें।
बैठक में एडीएम कुंवर बहादुर सिंह, एसडीएम मानिकपुर रामजन्म यादव, मऊ राकेश कुमार पाठक, अपर उप जिलाधिकारी सतीश चंद्र, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीधर यादव, भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्र प्रकाश खरे, सांसद प्रतिनिधि शक्ति प्रताप सिंह तोमर, बसपा सोमपाल वर्मा, सपा अमर पटेल समेत पदाधिकारी मौजूद रहे।

# एक दिन भी नहीं चली सीवर की मोटर, आ गया 35 लाख का बिल

## -विद्युत विभाग ने काटा कनेक्शन-बुंदेली सेना ने सीएम से की गंदगी रोकने की मांग

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** सरयू नाले की गंदगी रोकने को सात करोड़ की लागत से बनी सीवर परियोजना सफेद हांथी साबित हुई है। एक भी दिन सीवर की मोटर नहीं चली। अब 35 लाख बकाया होने पर विद्युत विभाग ने यहां का कनेक्शन काट दिया है। करोड़ों खर्च हुए और आज भी नाले की गंदगी नदी में गिर रही है। बुंदेली सेना ने सीएम शिवराज सिंह चैहान से नाले को रोकने की मांग की है।
शुक्रवार को बुंदेली सेना जिलाध्यक्ष अजीत सिंह ने बताया कि सरयू नाले की गंदगी को नदी में गिरने से रोकने को सात करोड़ की लागत से सीवर परियोजना शुरू हुई थी। वर्ष



2014 में योजना का काम शुरू हुआ। दो किमी सीवर लाइन बिछाई गई। दो पम्प हाउस बनाए गए, जिसमें एक सरयू नाले पर और दूसरा नयागांव रपटा के पास बनाया गया था। वर्ष 2016 में योजना बनकर तैयार हुई। सरयू नाले में बने पम्प हाऊस से गन्दा पानी नयागांव रपटा के पास बने पम्प हाऊस और उससे केवटरा में बने विशाल तालाबों में फेंकना था। पम्प हाऊस में मोटर लग गईं और बिजली कनेक्शन हो गया। एक भी दिन सीवर परियोजना चल नहीं पाई। अब बिना मोटर चले 35 लाख रुपये का बिजली बिल भुगतान न करने पर विभाग ने कनेक्शन काट दिया है। लगभग सात साल पहले तैयार हुई सीवर परियोजना क्यों नहीं चालू हो पाई। इसके लिए कौन जिम्मेदार है। क्या कार्यवाही हुई, जैसे तमाम सवाल लोगों के दिमाग में गूंज रहे हैं।
बुंदेली सेना ने मप्र के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चैहान से सीवर परियोजना को चालू कराने, सरयू नाले की गंदगी से नदी को राहत दिलाने और परियोजना के दोषियों पर जांच कराकर कठोर कार्यवाही की मांग की है।

# उफरौली के शिक्षकों की अभिभावकों ने की सराहना

## उफरौली विद्यालय परिसर में लगी चौपाल

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा उप्र ने प्रत्येक विकासखंड में प्रति माह तीन ग्राम पंचायतों में निपुण भारत मिशन व बीएसए से संचालित लाभपरक योजनाओं के प्रचार-प्रसार व जन समुदाय एवं अभिभावकों का सहयोग लेने को ग्राम शिक्षा चैपाल लगाई।
शुक्रवार को रामनगर ब्लाक के ऊफरौली में ग्राम शिक्षा चैपाल में उच्च प्राथमिक विद्यालय में संचालित विद्यालयों में पढने वाले बच्चों के अभिभावकों, नागरिकों, प्रधान, एआरपी समेत खंड शिक्षा अधिकारी रामनगर एनपी सिंह की मौजूदगी में खंड शिक्षा अधिकारी ने अभिभावकों को निपुण भारत मिशन के तहत बच्चों के शैक्षिक उन्नयन की दिशा में हो रहे प्रयास, बच्चों की गुणवत्ता परक शिक्षा में



अभिभावकों की भूमिका व सामुदायिक सहयोग में विद्यालयों की सुरक्षा की अभिभावकों से सहयोग की अपील की।
खंड शिक्षा अधिकारी ने बेसिक शिक्षा विभाग से संचालित सभी लाभ परक योजनाओं डीबीटी से भेजी जाने वाली 1200 की धनराशि व क्रय की जाने वाली सामग्री, मध्यान्ह भोजन, निःशुल्क पाठ्य पुस्तक, बच्चों को खेलकूद सामग्री देने, पुस्तकालय की सुविधा, स्मार्ट क्लास की उपलब्धता व बेसिक शिक्षा विभाग से भविष्य में विद्यालयों को देने वाली सुविधाओं की जानकारी दी। सभी अभिभावकों ने एक स्वर में ग्राम पंचायत में संचालित उच्च प्राथमिक विद्यालय ऊफरौली, प्राथमिक विद्यालय ऊफरौली के शिक्षकों की कार्यशैली व शिक्षण कार्य में की जाने वाली मेहनत की सराहना की।
इस मौके पर खंड विकास अधिकारी रामनगर शैलेंद्र सिंह ने भी अभिभावकों से बच्चों को प्रतिदिन विद्यालय भेजने, पढ़ाई को घर पर ध्यान देने की अपील की। उच्च प्राथमिक विद्यालय ऊफरौली के प्रभारी प्रधानाध्यापक विक्रम आदित्य मिश्रा, प्राथमिक विद्यालय ऊफरौली के प्रधानाध्यापक राजू यादव समेत शिक्षक, शिक्षामित्र व अनुदेशक मौजूद रहे।

## पूर्व आंगनबाडी पर रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** बहिलपुरवा थाने के पंडित पुरवा रुकमाखुर्द के नत्थू प्रसाद पुत्र देशराज ने अधिवक्ता रुद्र प्रसाद मिश्र के जरिये न्यायिक मजिस्टेज्ट द्वितीय की अदालत में श्रीमती प्रेमा देवी के श्री धर्म संस्कृत विद्यालय सरैंया मानिकपुर से फर्जी शैक्षिक प्रमाण पत्र हासिल कर बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालय में आंगनबाडी पद प्राप्त कर सरकारी धन हडपा है।
शुक्रवार को इस बाबत अदालत में दाखिल प्रकीर्ण वाद में नत्थू प्रसाद ने कहा कि श्रीमती प्रेमा देवी निवासी रुकमाखुर्द ने फजीर्वाडे से आंगनबाडी पद हासिल किया था। शिकायत पर प्रमाण पत्र फर्जी मिलने पर उसे निलम्बित कर दिया गया। बाल विकास परियोजना अधिकारी ने बहिलपुरवा थानाध्यक्ष को कानूनी कार्यवाही को पत्र भेजा था। आज तक कोई कार्यवाही नहीं हुई। रिपोर्ट दर्ज कराने को थानाध्यक्ष समेत पुलिस अधीक्षक व अन्य प्रशासनिक अधिकारियों को पत्र भेजे गये थे। कोई कार्यवाही न होने पर फर्जी दस्तावेजों के आधार पर सरकारी धन हडपने में कई लोगों की संलिप्तता है।
उन्होंने अदालत से मांग की है कि मामले की रिपोर्ट दर्ज कराकर विवेचना कराई जाये, ताकि सरकारी धन हडपने पर कार्यवाही हो सके।

## सीडीओ ने की मनरेगा कार्यों की समीक्षा

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** विकास भवन सभागार में सीडीओ सुश्री अमृत पाल कौर की अध्यक्षता में हुई बैठक में सभी खंड विकास अधिकारियों से सीडीओ ने कहा कि ग्राम पंचायतों में बन रहे अमृत सरोवर एवं मनरेगा से हो रहे कार्यों की समीक्षा हुई। शुक्रवार को उन्होंने सभी खंड विकास अधिकारियों को निर्देश दिये कि कार्य की प्रगति बढ़ाए। कार्य को जल्द पूरा करें। ठेकेदार के कार्य में लापरवाही करने पर उसे ब्लैकलिस्टेड करें। रिवाइज में सहयोग को खंड विकास अधिकारियो को निर्देश दिये।
बैठक में डीडीओ अटल भूजल नोडल अधिकारी सौरभ सरोज, आईसी एक्सपर्ट अजय श्रीवास्तव, डीईओ विनोद भट्ट मौजूद रहे।

## किन्नरों को योगी जोडेंगे मुख्य धारा से: टीना



**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** उत्तर प्रदेश किन्नर कल्याण बोर्ड की सदस्य महामंडलेश्वर कौशल्या नंदगिरि टीना मां के जिले में आगमन पर किन्नर समाज ने भव्य स्वागत किया। शुक्रवार को टीना मां एडीएम कॉलोनी स्थित किन्नर समाज के जिलाध्यक्ष राजकरन पांडेय के घर पहुंची। सभी किन्नरों ने उनका स्वागत किया। उन्होंने किन्नर समाज से कहा कि सब लोग मिलजुल कर रहें। मुख्यमंत्री योगी की सरकार में किन्नरों को समाज की मुख्यधारा में जोड़ने को कल्याणकारी योजनायें चल रही हैं। बहुत जल्द सभी किन्नरों के परिचय पत्र बनाए जाएंगे। हर जिले में किन्नरों का एक अड्डा यानी किन्नर हाउस बनाने का प्रयास होगा। उसके लिए योगी सरकार से मांग करेंगी। किन्नर आपस में मिलजुल कर रहे। लड़ाई-झगड़ा न करें, जिसका जो एरिया निर्धारित है, वहीं रोजी रोजगार करें। जिले में सभी किन्नरों का इलाका बांटा जाएगा।

## राहुल को सुप्रीम कोर्ट से राहत मिलने पर कांग्रेसियों ने मनाया जश्न

**अखंड भारत संदेश**



**चित्रकूट।** कांग्रेस जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल ने कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी की मानहानि के मामले में सजा पर सुप्रीम कोर्ट के रोक लगाने से सत्य की जीत हुई है। सत्य परेशान हो सकता है, पराजित नहीं।
शुक्रवार को जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने राहुल की सजा पर रोक लगाने से न्याय पालिका के प्रति लोगो का भरोसा बढ़ गया है। ये फैसला आने से कांग्रेस कार्यकताओं में जोश-उत्साह की लहर है, इससे संगठन को मजबूती मिलेगी। देश में पुनः आगामी लोकसभा चुनाव में राहुल की अगुवाई में कांग्रेस जीत का परचम लहराएगी।
महिला नेत्री/पूर्व प्रत्याशी श्रीमती रंजना बरातीलाल पांडे ने कहा कि न्यायालय के सजा पर रोक लगाने से लोकतंत्र की जीत हुई है। पार्टी कार्यकताओं में दोहरी ऊर्जा का संचार हुआ है। पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता भाजपा के भ्रष्टाचार से लड़ने में पूरी ताकत लगा देगा। आगामी लोकसभा चुनाव में लोकतंत्र विरोधी सरकार को उखाड़ फेंका जायेगा। युवा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष कृष्ण राज सिंह ने कहा कि भाजपा और मोदी के अहंकार और नफरत के बीच सर्वोच्च न्यायालय का ये फैसला मोहब्बत की जीत है। विजयमणि त्रिपाठी ने कहा कि उनके नेता राहुल गांधी की सजा पर रोक लगाना राहुल गांधी की जीत नही, ये जीत समूचे देश की है।
कांग्रेसियों ने राहुल को सुप्रीम कोर्ट से राहत मिलने पर एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर मुंह मीठा किया। इस मौके पर गज्जू प्रसाद फौजी, त्रियुगीनारायण शुक्ला, अवधेश करवरिया, विजयमणि त्रिपाठी, यमुना प्रसाद शुक्ला, कालीचरण राजपूत, कामता प्रसाद द्विवेदी, महेंद्र शुक्ला, भगवानदीन समदरिया, अनिल गुप्ता, चुनवाद प्रसाद, शिव गुलाम वर्मा, महेंद्र सिंह पटेल, राज नारायण निषाद, आशीष मिश्रा, राकेश वर्मा आदि मौजूद रहे।

## यूक्रेन से डाक्टरी पढ लौटे आकाश गुप्ता का हुआ स्वागत, समाजसेवी रामबाबू गुप्ता ने बांटी खीर

**अखंड भारत संदेश**



**चित्रकूट।** जिले के समाजसेवी रामबाबू गुप्ता के सुपुत्र आकाश गुप्ता के यूक्रेन से एमबीबीएस डिग्री हासिल करने के बाद सकुशल यहां पहुंचने पर भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रप्रकाश खरे, जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्रा, जिला सहकारी बैंक चेयरमैन पंकज अग्रवाल समेत सैकडों लोगों ने फूल-मालाओं से स्वागत किया। इस मौके पर समाजसेवी रामबाबू गुप्ता ने बस स्टैण्ड स्थित प्रतिष्ठान मे खीर बंटवाकर खुशी जताई।
शुक्रवार को रूस और यूक्रेन के बीच छिडी जंग के बीच जिले के आकाश गुप्ता एमबीबीएस की पढाई कर रहे थे। न्यूज चैनलों में बमबारी की खबर देख समाजसेवी रामबाबू गुप्ता परिवार सुपुत्र की सलामती को चिंतित रहता था। एमबीबीएस की पढाई पूरी कर यूक्रेन से लौटे डा आकाश गुप्ता को देख परिवार के साथ जिलेवासियों की खुशी का ठिकाना न रहा। समाजसेवी पिता रामबाबू गुप्ता के बस स्टैंड पहुंचकर जनप्रतिनिधियों ने डॉ गुप्ता का स्वागत किया।
इस मौके पर पहाडी ब्लाक प्रमुख सुशील द्विवेदी, व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष ओम केशरवानी, जिला मंत्री ऋषि आर्या, संगठन मंत्री महेश जायसवाल, रामलीला कमेटी अध्यक्ष अशोक केशरवानी, समाजसेवी महेंद्र जायसवाल, हबीब खां आदि मौजूद रहे। सैकडों लोगों ने विदेश से डाक्टरी की डिग्री लेकर भारत लौटे आकाश गुप्ता को माला पहनाकर स्वागत किया।

## 2047 तक भारत को विकसित देश बनाने के लिए जुटेंगे प्रवासी, चीन और जापान में तूफान से 23 की मौत

**वाशिंगटन :** दुनियाभर के प्रवासी भारतीय समुदाय को एकजुट करने और आपसी संवाद व सहयोग बढ़ाने के लिए काम करने वाले गैर-लाभकारी संगठन इंडियास्पोरा ने बताया कि 2047 तक भारत के विकसित देश बनने की यात्रा में भारतीय प्रवासी समुदाय की भूमिका पर विचार-मंथन करने के लिए इस महीने के अंत में दिल्ली में जी-20 फोरम का आयोजन किया जा रहा है।




तीन दिन के इस आयोजन में भारत की विदेश नीति, वित्तीय समावेशन, जलवायु परिवर्तन,खेल, व्यापार और निवेश से जुड़े अहम मुद्दों पर विचार-विमर्श के लिए दुनियाभर के प्रभावशाली लोगों को बुलाया जाएगा। इसके अलावा 25 देशों के 200 प्रभावशाली प्रवासियों को आमंत्रित किया गया है। इंडियास्पोरा-इंडिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्रीकुमार नायर ने कहा, जी20 फोरम वैश्विक स्तर पर एक स्थायी प्रभाव पैदा करने का अनूठा अवसर देगा।

## मैक्सिको में हादसे का शिकार हुई बस, छह भारतीयों समेत 40 यात्री सवार थे; 17 की मौत

**मैक्सिको सिटी :** पश्चिमी मैक्सिको में तड़के एक यात्री बस के राजमार्ग के पास एक खाई में गिर गई। हादसे में कम से कम 17 लोगों की मौत हो गई। इस दौरान करीब 22 अन्य लोग घायल हुए हैं। हालांकि, उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। नायरिट राज्य के सुरक्षा और नागरिक सुरक्षा सचिव जॉर्ज बेनिटो रोड्रिग्ज ने बताया कि बचाव अभियान में काफी दिक्कतें आ रही हैं। खाई करीब लगभग 50 मीटर (164 फीट) गहरी थी। मरने वालों में 14 वयस्क और तीन बच्चे शामिल हैं। बस में 40 यात्री सवार थे। सभी तिजुआना की ओर जा रहे थे। हादसे का कारण अभी स्पष्ट नहीं है। अधिकारियों ने बताया कि बस राज्य की राजधानी टेपिक के बाहर राजमार्ग पर बैरंका ब्लैंका के पास दुर्घटनाग्रस्त हुई। बस में छह भारतीय नागरिक सवार थे।




इससे पहले पिछले महीने दक्षिणी राज्य ओक्साका में एक बस दुर्घटना में 29 लोगों की मौत हो गई थी। फरवरी में दक्षिण और मध्य अमेरिका से प्रवासियों को ले जा रही एक बस मध्य मेक्सिको में दुर्घटनाग्रस्त हो गई, जिसमें 17 लोगों की मौत हो गई थी।

## रुचिरा कंबोज बोलीं- काला सागर अनाज पहल को जारी रखने में यूएन का समर्थन करता है भारत

**वाशिंगटन :** संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज का कहना है कि काला सागर अनाज पहल को जारी रखने के लिए संयुक्त राष्ट्र के महासचिव के प्रयासों का भारत समर्थन करता है। भारत को उम्मीद है कि वर्तमान गतिरोध का जल्द से जल्द समाधान होगा। कंबोज ने सुरक्षा परिषद की अध्यक्षता और खाद्य असुरक्षा के मुद्दे पर ध्यान केंद्रित करने के लिए अमेरिका की भी सराहना की। **साथ मिलकर काम करने पर जोर** कंबोज ने कहा कि हमें कूटनीति के माध्यम से हल खोजने के लिए एक साथ मिलकर काम करना चाहिए। हमारे भविष्य निर्माण के लिए शांति, सहयोग बहुपक्षवाद आवश्यक है। साक्षा जिम्मेदारी के लिए वैश्विक कानून और वैश्विक मूल्य एक होने चाहिए। खाद्यान्न की कमी को हल करने के लिए हमें बाधाओं से परे जाना होगा।




भारत समकालीन वैश्विक चुनौतियों को दूर के लिए अपनी भूमिका निभाने के लिए पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है। काला सागर अनाज को लेकर की गई पहल के बारे में कंबोज ने कहा कि मामले में हाल के घटनाक्रमों ने शांति-स्थिरता के बड़े उद्देश्य को जल्द से जल्द हासिल करने में मदद नहीं की। उन्होंने कहा कि भारत संकट के समय में सहायता करने में हमेशा तत्पर रहा है। **भारत ने हर वैश्विक सम्सयाओं का समाधान किया** कंबोज ने कोविड 19 महामारी का जिक्र करते हुए भारत की सहायता को याद दिलवाया। उन्होंने कहा कि भारत ने खाद्य सुरक्षा मजबूत करने के लिए भारत ने अफ्रीका सहित कई देशों हजारों मीट्रिक टन गेहूं, चावल, दालें और मसूर खाद्य सहायता के रूप में प्रदान की। यहां तक की भारत ने अफगानिस्तान में भी वहां की जनता के लिए उतपन्न हुए खाद्य संकट को देखते हुए 50 हजार मीट्रिक टन गेहूं का दान किया।

# इस्लामाबाद उच्च न्यायालय तोशाखाना मामले में इमरान की याचिकाओं पर सुनाएगा फैसला

**इस्लामाबाद।** पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान द्वारा तोशाखाना मुकदमे के खिलाफ दायर याचिकाओं पर इस्लामाबाद उच्च न्यायालय ने कहा कि वह अपना फैसला सुनाएगा। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी (पीटीआई) प्रमुख ने तोशाखाना मामले में बचाव के उनके अधिकार को समाप्त करने के अतिरिक्त जिला एवं सत्र अदालत के आदेश को चुनौती दी है। इमरान खान (70) ने इस्लामाबाद उच्च न्यायालय में यह अर्जी तब दायर की जब पिछले महीने एक निचली अदालत ने उनके खिलाफ पाकिस्तान निर्वाचन आयोग (ईसीपी) के मामले को सुनवाई योग्य घोषित किया था। एक रिपोर्ट के अनुसार, उच्च न्यायालय ने बृहस्पतिवार को तोशाखाना



मुकदमे के खिलाफ खान द्वारा दायर याचिकाओं पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। तोशाखाना कैबिनेट डिवीजन के प्रशासनिक नियंत्रण के तहत एक विभाग है और दूसरे देशों की सरकारों और विदेशी गणमान्य व्यक्तियों द्वारा शासकों, सांसदों, नौकरशाहों और अधिकारियों को दिए गए बहुमूल्य उपहारों का संग्रह करता है। पाकिस्तान के निर्वाचन आयोग द्वारा खान को ''झूठे बयान और गलत घोषणा'' के लिए अयोग्य ठहराए जाने के बाद खान को मिले उपहारों की बिक्री पर तोशाखाना मामला राष्ट्रीय राजनीति में एक प्रमुख मुद्दा बन गया। खान के खिलाफ 10 मई को आरोप तय किए गए थे। हालांकि, इस्लामाबाद उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश आमिर फारूक ने कार्यवाही पर रोक लगा दी और हाल में अतिरिक्त जिला और सत्र न्यायाधीश (एडीएसजे) हुमायूं दिलावर को तोशाखाना मामले की विचारणीयता तय करने के लिए तय किए गए आठ कानूनी सवालों को ध्यान में रखते हुए सात दिन में मामले पर फिर से गौर करने का निर्देश दिया।

# पाकिस्तान के मुख्य न्यायाधीश ने कहा, सेना को असंवैधानिक कदम नहीं उठाने देंगे

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के मुख्य न्यायाधीश उमर अता बंदियाल ने कहा कि देश की शीर्ष न्यायपालिका सेना को कोई भी असंवैधानिक कदम उठाने की अनुमति नहीं देगी। मुख्य न्यायाधीश बंदियाल ने नौ मई के विरोध प्रदर्शन के दौरान सैन्य प्रतिष्ठानों पर हमले के दौरान सैन्य अदालतों में आम नागरिक के मुकदमों को चुनौती देने वाली याचिकाओं की एक श्रृंखला पर सुनवाई करते हुए यह टिप्पणी की।

पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के समर्थकों द्वारा की गई आगजनी और हिंसा की घटना का जिक्र करते हुए शीर्ष न्यायाधीश ने दंगों को गंभीर बताया और उस दुर्भाग्यपूर्ण दिन हुई घटना पर अफसोस और दुख व्यक्त किया।

इस्लामाबाद में नौ मई को अर्धसैनिक रेंजर्स द्वारा खान की गिरफ्तारी के बाद हिंसक विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए। खान की गिरफ्तारी के बाद हुए हिंसक विरोध प्रदर्शन में रावलपिंडी में सेना मुख्यालय सहित 20 से अधिक सैन्य प्रतिष्ठान और राज्य




भवन क्षतिग्रस्त हो गए या उनमें आग लगा दी गई। हिंसा पर सरकार और सेना की ओर से कड़ी प्रतिक्रिया हुई और दोषियों के खिलाफ कार्वाई करने का वादा किया गया, जिससे इसमें शामिल लोगों के खिलाफ कार्रवाई जारी रही। प्रधान न्यायाधीश ने नौ मई को हिंसा के बावजूद नागरिकों पर गोलियां नहीं चलाने के लिए सशस्त्र बलों की प्रशंसा की, लेकिन साथ ही कहा कि सेना को कोई भी अवैध कदम उठाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि न्यायाधीशों की अनुपलब्धता के कारण लगभग दो सप्ताह तक सुनवाई नहीं होगी और पाकिस्तान के अटॉर्नी जनरल (एजीपी) उस्मान अवान से यह सुनिश्चित करने के लिए कहा कि इस अवधि के दौरान नागरिकों पर मुकदमा नहीं चलाया जाए।

उन्होंने अवान से कहा, एजीपी साहब, नागरिकों पर कोई सैन्य सुनवाई नहीं की जाएगी। अवान ने अदालत को आश्वासन दिया कि उसके निर्देशों का पालन किया जाएगा। बंदियाल ने यह भी कहा कि सैन्य अधिकारियों की हिरासत में संदिग्धों को प्रासंगिक सुविधाएं प्रदान करने के पहले के निर्देश यथावत रहेंगे। कम से कम 102 नागरिक सेना की हिरासत में हैं और सरकार उन पर सेना अधिनियम के तहत मुकदमा चलाने पर अड़ी है लेकिन मानवाधिकार समूह इस कदम का विरोध कर रहे हैं।

# बांग्लादेश के चटगांव में तेज बरसात, अधिकांश हिस्सा जलमग्न

**ढाका।** बांग्लादेश के चटगांव शहर का अधिकांश हिस्सा जलमग्न हो गया है। यहां गुरुवार आधीरात से मूसलाधार बारिश हो रही है। सुबह जब लोगों की आंख खुली तो घरों के सामने पानी भरा मिला। शहर के कई हिस्सों को बाढ़ का सामना करना पड़ रहा है।

हालात यह हैं कि चटगांव सिटी कॉरपोरेशन के मेयर रेजाउल करीम चौधरी के बहादरहाट स्थित आवास पर




पानी घुस गया। मेयर के घर के सामने की सड़क पर जलस्तर घुटनों तक पहुंच गया। बरसात से सबसे अधिक चकताई-खातूनगंज प्रभावित हुए हैं। यहां कई गोदामों में पानी घुस गया है। जलभराव से प्रभावित अन्य स्थानों में बकालिया मिया खान नगर, मास्टरपोल, चौक बाजार, शोलोशहर, हालीशहर, कॉमर्स कॉलेज, छोटा पोल और बड़ा पोल शामिल हैं। चटगांव में एक अगस्त से बरसात हो रही है।

## छह श्वेत पुलिस अधिकारियों को दो अश्वेतों का उत्पीड़न करने का दोषी ठहराया गया, नवंबर में सुनाई जाएगी सजा

**वाशिंगटन :** अमेरिका में पुलिस अधिकारियों द्वारा अश्वेत पुरुषों को प्रताड़ित किए जाने का मामला सामने आया है। अमेरिकी न्याय विभाग ने कहा कि मिसिसिपी के छह श्वेत पुलिस अधिकारियों ने एक घंटे तक चले हमले के दौरान सेक्स टॉय, टेसर और तलवार का उपयोग करके दो निर्दोष अश्वेत पुरुषों को प्रताड़ित किया और अंत में गोली मारकर एक व्यक्ति के मुंह और गर्दन को लहूलुहान कर दिया। यह क्रूर हमला और उसके बाद की लीपापोती अमेरिकी पुलिसिंग पर नस्लभेद का एक नया दाग है। पुलिस ने एक पीड़ित को सिर्फ इसलिए लहूलुहान कर दिया क्योंकि उसने अपने अपराधों के सबूत छिपाए थे। अटॉर्नी जनरल मेरिक गारलैंड ने कहा, इस मामले में पुलिस ने पीड़ितों को प्रताड़ित किया और अकथनीय नुकसान पहुंचाया, उनके नागरिक अधिकारों का घोर उल्लंघन किया, जिनकी उन्हें रक्षा करनी चाहिए थी। साथ ही कानून प्रवर्तन अधिकारियों के रूप में उन्होंने जो शपथ ली थी उसे शर्मनाक तरीके से तोड़ दिया।





मिसिसिपी के रैंकिन काउंटी शेरिफ विभाग के पांच पूर्व सदस्यों और रिचलैंड पुलिस विभाग के एक पूर्व सदस्य को कई आरोपों में दोषी ठहराया, जिसमें नागरिक अधिकारों की साजिश, कानून के तहत अधिकारों से वंचित करना और न्याय में बाधा डालना शामिल है।

**पुलिसकर्मियों ने कबूला अपना जुर्म** सभी छह पुलिसकर्मियों ने स्वीकार किया कि इस साल 24 जनवरी को संदिग्ध गतिविधि की एक रिपोर्ट पर प्रतिक्रिया करते समय उन्होंने एक घर में घुसकर वहां दो अश्वेत लोगों पर निरंतर और अकारण हमला किया था। न्याय विभाग ने कहा, उन्होंने लोगों को हथकड़ी लगाई और उनके साथ नस्लीय दुर्व्यवहार किया और उन्हें रैंकिन काउंटी से बाहर रहने की चेतावनी दी। एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया, प्रतिवादियों ने अश्वेत लोगों को लात-घूंसे से, उन्हें 17 बार छेड़ा, उन्हें तरल पदार्थ पीने के लिए मजबूर किया और सेक्स टॉय से उन पर हमला किया। न्याय विभाग (डीओजे) ने कहा कि उन्होंने एक व्यक्ति पर धातु की तलवार और लकड़ी के रसोई उपकरण से भी कई बार हमला किया।

## कौन हैं गुजरात में जन्मीं भारतीय मूल की अमेरिकी जज मोक्सिला उपाध्याय? जिनके सामने पेश हुए डोनाल्ड ट्रंप

**वाशिंगटन :** गुजरात में जन्मीं भारतीय मूल की अमेरिकी मजिस्ट्रेट जज के सामने अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पेश हुए। ट्रंप पर आरोप है कि उन्होंने 2020 में हुए राष्ट्रपति चुनावों के परिणामों को पलटने की साजिश रची थी। आज हम आपको भारतीय मूल की इन्हीं मजिस्ट्रेट के बारे में बताएंगे कि कैसे गुजरात में जन्मीं उपाध्याय ने अमेरिका के जज की कुर्सी तक पहुंचने का सफर तय किया। हम बताएंगे कि कैसे पत्रकारिता में स्नातक करने वाली एक महिला ने अमेरिका में जज की कुर्सी संभाली।




**पत्रकारिता- लैटिन में हासिल की डिग्री**

गुजरात में जन्मीं मोक्सिला उपाध्याय ने अमेरिका के कनास शहर में पली-बढ़ीं हैं। उन्होंने अमेरिका के प्रसिद्ध विश्वविद्यालय से पत्रकारिता में स्नातक की डिग्री प्राप्त की। उपाध्याय ने मिसौरी विश्वविद्यालय से लैटिन में ऑनर्स किया। उन्होंने अमेरिका विश्वविद्यालय की वाशिंगटन कॉलेज ऑफ लॉ से जेडी किया। उपाध्याय ने आपराधिक न्याय क्लिनिक में अपने परीक्षण कार्य में विशिष्टता हासिल की। इसके अलावा वे, प्रशासनिक कानून समीक्षा की सदस्य भी रही हैं। वाशिंगटन स्कूल से स्नातक की डिग्री प्राप्त करने के बाद उन्होंने डीसी कॉर्ट ऑफ अपील्स के पूर्व मुख्य न्यायाधीश एरिक टी वाशिंगटन के साथ काम भी किया। इस दौरान वे दो साल तक पूर्व न्यायाधीश एरिक की कानून क्लर्क रहीं।

## रूसी काला सागर बंदरगाह के पास विस्फोट और गोलीबारी

**मास्को।** रूस के ऑनलाइन समाचार आउटलेट एस्ट्रा ने शुक्रवार सुबह नोवोरोसिस्क के रूसी काला सागर बंदरगाह के पास विस्फोट और गोलीबारी की आवाज सुने जाने की खबर प्रसारित की है। एस्ट्रा ने इस संबंध में एक वीडियो भी जारी किया है। इस वीडियो में समुद्र की दिशा से आने वाली गोलियों की आवाज के साथ तट से कुछ दूर जहाजों की आवाजाही नजर आ रही है। यह काला सागर के सबसे बड़े बंदरगाहों में से एक है।

स्थानीय मीडिया रिपोर्ट के अनुसार नोवोरोसिस्क की आपातकालीन सेवाओं ने बंदरगाह ने अस्थायी रूप से सभी जहाजों की आवाजाही पर रोक लगा दी है। उल्लेखनीय है कि पिछले



महीने रूस के यूक्रेनी बंदरगाहों से अनाज के सुरक्षित निर्यात की अनुमति देने वाले समझौते को आगे बढ़ाने से इनकार करने के बाद से काला सागर और निकटवर्ती बंदरगाहों में झड़प तेज हो गई हैं। रूस ने ड्रोन और मिसाइलों से काला सागर और उसके पास स्थित कई यूक्रेनी बंदरगाह सुविधाओं और अनाज भंडारों पर हमला किया है।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
**सम्पादक**
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा।

## देश में खपत के हिसाब से चीनी की पर्याप्त उपलब्धता: सरकार

**नई दिल्ली।** त्योहारी सीजन में चीनी की मिठास कम नहीं होने वाली है। केंद्र सरकार ने कहा है कि देश में चीनी की कोई कमी नहीं है। घेरलू खपत के हिसाब से चीनी का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। उपभोक्ता, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मामलों के मंत्रालय ने शुक्रवार को जारी एक बयान में कहा कि देश में चीनी की कोई कमी नहीं है। घेरलू खपत के हिसाब से चीनी का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत बढ़ने के बावजूद घेरलू बाजार में इसकी कीमत स्थिर है। मंत्रालय ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत भारत की तुलना में 50 फीसदी ज्यादा है लेकिन देश में चीनी की औसत खुदरा कीमत करीब 43 रुपये प्रति किलोग्राम है। आने वाले समय में इसके सीमित दायरे में ही रहने की संभावना है।

## शिकागो में विश्व धर्म संसद 14 अगस्त से, लोकेश मुनि और विवेकानन्द केंद्र के रघुनाथ भिड़े को आमंत्रण

**वाशिंगटन।** शिकागो में पांच दिवसीय विश्व धर्म संसद का उद्घाटन 14 अगस्त को होगा। उद्घाटन समारोह में भारत से प्रख्यात जैन आचार्य लोकेश मुनि को वक्ता के रूप में आमंत्रित आयोजित अन्य दो सत्रों को भी संबोधित करेंगे।

इस धर्म संसद में विवेकानन्द केंद्र कन्याकुमारी के उपाध्यक्ष डॉ. रघुनाथ भिड़े को भी आमंत्रित किया गया है। भिड़े ने 15 पुस्तकें लिखीं



किया गया है। यह जानकारी अहिंसा विश्व भारती और वर्ल्ड पीस सेंटर की गुरुवार को यहां जारी विज्ञप्ति में दी गई है। विज्ञप्ति में अहिंसा विश्व भारती और वर्ल्ड पीस सेंटर के संस्थापक लोकेश मुनि ने कहा है कि उन्हें विश्व धर्म संसद से एक ई-मेल आया है। इसमें उन्हें उद्घाटन समारोह में वक्ता के साथ अंतरधार्मिक सत्र में भी बतौर वक्ता आमंत्रित किया गया है। वह विश्व धर्म संसद में जलवायु परिवर्तन और विश्व शांति पर हैं। उन्हें 2017 में पद्मश्री से अलंकृत किया जा चुका है। विश्व धर्म संसद में 80 देशों के करीब 10,000 प्रतिनिधि शामिल होंगे। माना जा जा रहा है कि यह विश्व में धार्मिक नेताओं का सबसे बड़ा सम्मेलन होगा। उल्लेखनीय है कि स्वामी विवेकानन्द ने वर्ष 1893 में विश्व धर्म संसद में भाग लेकर आध्यात्मिक जगत पर विशेष छाप छोड़ी थी। उस समय जैन धर्म की ओर से वीरचंद राघवजी गांधी ने भाग लिया था।

## पाकिस्तान में नौ अगस्त को भंग होगी नेशनल असेंबली

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की नेशनल असेंबली नौ अगस्त को भंग कर दी जाएगी। मुल्क के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने गुरुवार रात यह घोषणा अपने सरकारी आवास में की की। यह निर्णय संसद सदस्यों के सम्मान में रात्रिभोज में संसदीय नेताओं से मुलाकात के बाद लिया गया।रात्रिभोज में प्रधानमंत्री शहबाज ने सभी से कार्यवाहक प्रधानमंत्री और कार्यवाहक सरकार की व्यवस्था पर चर्चा की। नौ अगस्त को प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ नेशनल असेंबली को भंग करने के लिए राष्ट्रपति को औपचारिक सलाह भेजेंगे। संवैधानिक प्रावधानों के अनुसार, विघटन को प्रभावी बनाने के लिए राष्ट्रपति को 48 घंटों के भीतर सलाह पर हस्ताक्षर करने होंगे। अगर किसी भी कारण से राष्ट्रपति सलाह पर हस्ताक्षर नहीं करते हैं, तो असेंबली खुद ही भंग हो जाएगी। प्रधानमंत्री शहबाज ने आश्वासन दिया कि विपक्ष के साथ तीन दिनों के परामर्श के बाद वह कार्यवाहक प्रधानमंत्री का नाम राष्ट्रपति को सौंपेंगे। हालांकि, इस पर अगर कोई समझौता नहीं होता है, तो पाकिस्तान



चुनाव आयोग हस्तक्षेप करेगा और प्रस्तावित नामों में से कार्यवाहक प्रधानमंत्री पद के लिए एक उम्मीदवार को नामित करेगा।

## अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप अदालत में पेश, खुद को बताया निर्दोष

**वाशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप 2020 के चुनाव को पलटने की कोशिश के आरोप के संदर्भ में तीन मई को संघीय अदालत में पेश हुए। उनके फिंगर प्रिंट लिए गए। अदालत उन पर इस आशय का आरोप तय कर चुकी है। अपना पक्ष रखने पहुंचे ट्रंप ने कहा कि यह अमेरिका के लिए दुखद दिन है। वह निर्दोष हैं। अगली सुनवाई 28 अगस्त को हीगी। सुनवाई पूरी होने के बाद न्यू जर्सी रवाना होने से पहले ट्रंप ने कहा कि यह एक राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी का उत्पीड़न है। अमेरिका में ऐसा कभी नहीं होना चाहिए। उल्लेखनीय है कि डोनाल्ड ट्रंप पर राजनीतिक लाभ के लिए सरकारी शक्ति का उपयोग करने का आरोप लगाया गया है। डोनाल्ड ट्रंप पर मंगलवार को चार महीने में तीसरी बार आपराधिक आरोप लगाए गए। वह कई मामलों का सामना कर रहे हैं। इससे पहले ट्रंप ने सोशल मीडिया पर कहा था कि उन्होंने सुना है कि वकील जैक स्मिथ उनके खिलाफ अभियोग की घोषणा करेंगे। जनमत सर्वेक्षण में डोनाल्ड अगले



साल होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में रिपब्लिकन उम्मीदवार की रेस में सबसे आगे हैं। यह सर्वेक्षण हाल ही में अमेरिका के प्रमुख अखबार न्यूयॉर्क टाइम्स ने छापा है।